4 रायपुर संभाग
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के रायपुर दुर्ग स्टेशनों का...

6 फिल्मी
प्रियंका चोपड़ा ने स्विटजरलैंड में पूरा किया अपना बॉलीवुड सपना

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
एनेस्थेसिया विशेषज्ञ की कमी जल्द होगी दूर : स्वास्थ्य मंत्री

10 संस्कारधानी
स्कूल, सड़क और पीएचसी के लिए सेटअप की मांग...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 21 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-61 मूल्य 3.00 ₹

# पीएम मोदी ने अम्बिकापुर एयरपोर्ट का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता < अम्बिकापुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल तरीके से छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर के मां महामाया एयरपोर्ट का लोकार्पण करके आदिवासी बहुल सरगुजा अंचल में विकास के एक नये युग की शुरूआत की। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने मां महामाया एयरपोर्ट अंबिकापुर के लोकार्पण के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन सरगुजा अंचल के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। मां महामाया एयरपोर्ट के प्रारंभ होने से इस अंचल में विकास के नये आयाम खुलेंगे। एयरपोर्ट के माध्यम से सरगुजा क्षेत्र के नागरिकों और उद्योगपतियों के लिये एक बेहतर एयर कनेक्टिविटी स्थापित होगा। राज्यपाल डेका ने कहा कि बस्तर के बाद सरगुजा प्रदेश का दूसरा बड़ा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जहां यह सुविधा प्रारंभ हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि यह उड़ान छत्तीसगढ़ को विकास की नई ऊंचाईयों की ओर ले जायेगी। सरगुजा, प्रदेश ही नहीं अपितु पूरे देश में विकास की एक नई उड़ान तय करेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी अम्बिकापुर के मां महामाया एयरपोर्ट का लोकार्पण करके आदिवासी बहुल सरगुजा अंचल में विकास के एक नये युग की शुरूआत की हैं। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट सरगुजा के लोगों के सपनों से जुड़ा हुआ है। यहां के लोग वर्षों से सपना देखते आए हैं कि यह आदिवासी अंचल भी एयर कनेक्टिविटी के जरिए देश के शेष हिस्से से जुड़ेगा। उनके इस सपने के पूरा होने का समय आ चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप देश में हवाई चप्पल पहनने वालों का हवाई जहाज के सफर का सपना साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का विज़न देश में बेहतर विमानन सेवा की स्थापना करना और देश के सभी हिस्सों को इससे जोड़ना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एयरपोर्ट का लोकार्पित होना सरगुजा के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ के लिए भी बड़ी खुशखबरी है। जगदलपुर, रायपुर, बिलासपुर के लोग भी लंबे समय से उस दिन की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जब वे आसानी से अम्बिकापुर आ जा सकेंगे। यह एयरपोर्ट प्रदेश के दो बड़े आदिवासी संभागों को भी जोड़ेगा, इसलिए इसका लोकार्पण राज्य के आदिवासी समुदाय के विकास के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ में एयर कनेक्टिविटी को सघन करने के लिए लगातार कदम उठाए गए हैं। जगदलपुर, रायपुर और बिलासपुर एयरपोर्ट पर भी सुविधाओं और उड़ानों की संख्या में वृद्धि हो चुकी है।

## प्रमुख शहरों से जुड़ा अंबिकापुर, मां महामाया एयरपोर्ट से पहली फ्लाइट ने भरी उड़ान







अंबिकापुर अब देश के प्रमुख शहरों से जुड़ गया है। माँ महामाया एयरपोर्ट दरिमा से रायपुर के लिए पहली फ्लाइट ने उड़ान भरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से माँ महामाया एयरपोर्ट दरिमा का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस दौरान राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। अम्बिकापुर के दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट में एयर स्ट्रीप का उन्नयन भारत सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के अंतर्गत किया गया है। यह एयरपोर्ट 365 एकड़ में फैला हुआ है। इसे 80 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है। यह एयरपोर्ट 3 सीवीएफआर कैटिगरी का है। इसमें 72 सीटर विमान लैंड कर सकते हैं। टर्मिनल बिल्डिंग का विस्तार सालाना 5 लाख यात्रियों की अनुमानित क्षमता के अनुसार किया गया है। इस हवाई अड्डे से नियमित उड़ानों के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, अंबिकापुर से विभिन्न बड़े शहरों जैसे दिल्ली, कोलकाता, जबलपुर, जगदलपुर, और प्रयागराज के लिए साप्ताहिक उड़ानें उपलब्ध होंगी। हवाई सेवा से जुड़ने से सरगुजा संभाग के समस्त जिलों सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। विमान सेवा से जुड़ने पर सरगुजा संभाग में पर्यटन, वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और आवागमन की सुविधा के विस्तार के साथ क्षेत्रवासियों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

## क्विक न्यूज़

### मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में दो बच्चों के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने धमतरी जिले के ग्राम सलोनी में सड़क दुर्घटना में 2 बच्चों के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने इस दुःखद घटना में मृतकों के परिवारजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि देने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत बच्चों की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### भाजपा ने महाराष्ट्र से 99 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए 99 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। भाजपा ने उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस को नागपुर दक्षिण पश्चिम से तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को कामठी से उतारा है। भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने यहां यह सूची जारी की जिसे गत 16 अक्टूबर को पार्टी मुख्यालय में हुई केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में स्वीकृति दी गयी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में यह बैठक हुई थी। पहली सूची में 99 उम्मीदवारों में से 13 महिलाएं हैं, जिनमें कांग्रेस से भाजपा में आकर राज्यसभा सांसद बनने वाले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण की पुत्री श्रीजया अशोक चव्हाण भी शामिल हैं।

### भारतीय मीडिया को भारतीय 'लेंस' से देखना होगा : कंचन गुप्ता



**नई दिल्ली।** प्रसार भारती के सलाहकार कंचन गुप्ता ने भारतीय संस्कृति, मूल्यों और परंपराओं को समझने पर जोर देते हुए कहा है कि भारतीय मीडिया को भारतीय 'लेंस' से देखा जाना चाहिए। गुप्ता ने आयोजित सेवा इंटरनेशनल के 'दीपउत्सव' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, दूरदर्शन के सभी चैनल अच्छे तरीके से कार्य कर रहे हैं और उन्हें दुनिया में रैंकिंग भी मिल रही है। हमें अपने कंटेंट को समझना होगा और दर्शकों को इसके लिए तैयार करना होगा। भारत की सूचना क्रांति सकारात्मक होने वाली है और हम तकनीक के सहारे नए विषय वस्तुओं का निर्माण कर रहे हैं।

## रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के पास जोरदार विस्फोट, मची अफरा-तफरी

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-14 में सीआरपीएफ स्कूल के पास जोरदार धमाके से आसपास खड़ी गाड़ियों के शीशे टूट गये और इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। रोहिणी जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि सुबह 7:47 में हुआ धमाका इतना जोरदार था कि उसकी वजह से आसपास खड़ी गाड़ियों के शीशे टूट गये। साथ ही कुछ दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि तेज धमाके के बाद धुएं का गुबार उठा जिससे पुलिस और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि धमाका किस चीज में हुआ। पुलिस ने धमाके के कारणों का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों की टीम बुलायी है, जो इस घटना की जांच करेगी।

## बीजापुर में एनआईए का छापा : नक्सल गतिविधियों पर कसा शिकंजा

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com




नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के पालनार गांव में कई स्थानों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में एनआईए ने कई मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। पुलिस की मदद से तड़के 4 बजे शुरू हुई इस छापेमारी में कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लेने की भी खबर सामने आई है। एनआईए की इन ताबड़तोड़ कार्रवाइयों से नक्सल गतिविधियों पर कड़ा शिकंजा कसने की कोशिश की जा रही है, और आने वाले दिनों में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना है।

## तिरुवनंतपुर में ईपीएफओ पहुंचे मंडाविया

वार्ता < तिरुवनंतपुरम
www.dailypioneer.com




केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने केरल के तिरुवनंतपुर में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफ्ओ) के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। इस दौरान डॉ. मंडाविया ने केरल में ईपीएफओ, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) और मुख्य श्रम आयुक्त (सीएलसी) के कार्यालय के अधिकारियों के साथ बातचीत की। दौरे के दौरान उन्होंने ईपीएफओ, ईएसआईसी और सीएलसी कार्यालयों के प्रदर्शन की समीक्षा की। उन्होंने ने ईपीएफओ की सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने और इसे दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। डॉ. मंडाविया ने सामाजिक सुरक्षा कवरेज बढ़ाने और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि जहां जीवन प्रमाण पत्र जमा नहीं किया गया है, वहां माई भारत के स्वयंसेवकों का उपयोग जीवन प्रमाण पत्र एकत्र करने के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने सुझाव दिया कि ईएसआईसी के बीमित व्यक्तियों को ईएसआई डिस्पेंसरी में जाने की आवश्यकता के बिना ऑनलाइन दावा दाखिल करने की व्यवस्था के माध्यम से बीमारी अवकाश लाभ जैसे लाभ को प्राप्त करने में सक्षम होना चाहिए। बैठक में अतिरिक्त केंद्रीय पीएफ आयुक्त मुकेश कुमार, क्षेत्रीय निदेशक (आई/सी) एस शंकर और क्षेत्रीय श्रम आयुक्त रोहित मणि तिवारी और केरल में श्रम मंत्रालय के अन्य अधिकारी शामिल हुए।

### कानून-व्यवस्था ध्वस्त होने का प्रमाण है दिल्ली में बम विस्फोट : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दिनदहाड़े लूट की घटनाएं हो रही है, बम विस्फोट हो रहे हैं, गोलियां चल रही है, उगाही जैसी घटनाएं हो रही हैं, जो साबित करता है कि राजधानी की कानून और व्यवस्था चौपट हो गई है तथा इसके लिए भारतीय जनता पार्टी तथा आम आदमी पार्टी दोनों ही जिम्मेदार है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि रविवार की सुबह रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुआ बम धमाका बेहद चौंकाने वाला है क्योंकि त्यौहारी सीजन में धमाका होना दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था और गृह मंत्रालय की चौकसी की पोल खोल रहा है। इस विस्फोट में चौकाने वाली बात यह है कि फोरेंसिक विभाग को शुरुआती जांच में क्रूड बम जैसा मटेरियल मिला है। यादव बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र की कार्यकारिणी बैठक को संबोधित करते हुए जनता से भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में जाने से पहले अपने आसपास संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नज़र रखने की अपील की है।

**सरकार का लक्ष्य प्रति हेक्टेयर उपज बढ़ाना, उत्पादन लागत को कम करना और किसानों को उचित मूल्य प्रदान करना है**

## वर्ष 2024-25 में खाद्यान्न उत्पादन का राष्ट्रीय लक्ष्य 34 करोड 15 लाख 50 हजार टन : शिवराज

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने और रसायनों तथा उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के लिए जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने पर जोर देते हुए कहा कि वर्ष 2024-25 में खाद्यान्न उत्पादन का राष्ट्रीय लक्ष्य 34 करोड 15 लाख 50 हजार टन होगा। शिवराज ने यहां राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन रबी अभियान 2024 का उद्घाटन करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रति हेक्टेयर उपज बढ़ाना, उत्पादन लागत को कम करना और किसानों को उचित मूल्य प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि कृषि परिवहन लागत को कम करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है, ताकि खरीद मूल्य और बिक्री मूल्य के बीच के अंतर को कम किया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमें उत्पादकता बढ़ाने और रसायनों और उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के लिए जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए। राज्यों को केंद्र के साथ मिलकर कृषि-जलवायु परिस्थितियों के आधार पर उत्पादन बढ़ाने पर काम करना चाहिए, ताकि भारत विश्व का सबसे बड़ा खाद्य भंडार बन सके। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में खाद्यान्न उत्पादन का राष्ट्रीय लक्ष्य 34 करोड 15 लाख 50 हजार टन होगा। इस सम्मेलन का आयोजन पिछले कृषि सत्रों के दौरान फसल प्रदर्शन की समीक्षा और आकलन करने तथा रबी सत्र के लिए फसल-विशिष्ट लक्ष्यों को निर्धारित करने के लिए किया गया था। सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार मंत्रियों और राज्य प्रतिनिधियों के हर सुझाव पर सहयोगी रूप से काम करेगी। सम्मेलन में राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने राज्यों से अनुरोध किया कि वे बाढ़ और चक्रवात के कारण फसल क्षति से प्रभावित किसानों की सहायता के लिए तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों और शोधकर्ताओं को बाजार में कृषि इनपुट्स की गुणवत्ता का आकलन करना चाहिए। सम्मेलन में केंद्रीय राज्य कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि केन्द्र सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय को दोगुना करने और उन्हें तकनीकी, वैज्ञानिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने देश की कृषि क्षेत्र की प्रगति में किसानों की महत्त्वपूर्ण भूमिका बताते हुए कहा कि यह हमारे राष्ट्र की आत्मनिर्भरता और समृद्धि का आधार है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय को दोगुना करने और उन्हें तकनीकी, वैज्ञानिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
संकल्प, समर्पित सेवा का

श्री बालाजी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

NABH ACCREDITED

1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटो का मेडिकल कॉलेज




अब मात्र ₹ 100/-
के पंजीयन - शुल्क पर साल भर पाए स्पेशलिटी विभागों में ओ.पी.डी

सारे जांच प्रचिलित मार्केट दरो से आधी कीमत (50% ) पर
गंभीर से गंभीर बीमारियों का आयुष्मान कार्ड से इलाज
ICU भर्ती आयुष्मान कार्ड से*
सारे ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से**
निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन*
गर्भवती महिलाओं के लिए निः शुल्क डिलीवरी* (नॉर्मल एवं सिजेरियन)

ESIC एवं समस्त TPA (हेल्थ इंश्योरेंस) से इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा

* नियम एवं शर्तें लागू, ** गवर्नमेंट रिज़र्व पैकेज के अतिरिक्त

मोवा, रायपुर, फोन : 9340019842, 7389116903, 9926191294, 0771-4241000/01/02

# विंध्य क्षेत्र में औद्योगिक विकास के नए अवसरों का केंद्र बनेगा रीवा : यादव

पायनियर संवाददाता ◀ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि 23 अक्टूबर को रीवा में होने वाली प्रदेश की 5वीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव राज्य के साथ विंध्य क्षेत्र के औद्योगिक विकास को एक नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आधिकारिक जानकारी में डॉ यादव ने कहा कि इस मंच से उद्योग, व्यापार, पर्यटन, और कृषि क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इससे राज्य एवं विशेष रूप से विंध्य क्षेत्र में औद्योगिक उन्नति और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जो राज्य के समग्र आर्थिक विकास को सशक्त और सुदृढ़ करेगा। रीवा इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में व्यापारिक और औद्योगिक हितधारकों के लिए बिज़नेस प्रमोशन सेंटर की स्थापना की जा रही है, जहाँ 16 से अधिक प्रमुख सरकारी और निजी विभाग अपने उत्पादों, सेवाओं और नीतियों को प्रदर्शित करेंगे। इसका उद्देश्य व्यापार को सरल बनाने के साथ निवेशकों और उद्यमियों के बीच संवाद को बढ़ावा देना है, जिससे औद्योगिक वातावरण को सुदृढ़ किया जा सके। कॉन्क्लेव में एमपी इंडस्ट्रियल डेव्लपमेंट कॉरपोरेशन की प्रमुख भूमिका रहेगी, जो 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के तहत व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरल और सुगम बनाकर निवेशकों को व्यापार स्थापित करने में सहयोगी की भूमिका निभाएगा। एमपी स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेव्लपमेंट कॉरपोरेशन राज्य के आईटी एवं ईएसडीएम उद्योग में विकास और निवेश के अवसरों को साझा करेगा। एमएसएमई विभाग सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए अपनी योजनाओं और सहायता कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करेगा, जिससे इन उद्यमों का राज्य के औद्योगिक ढाँचे में और भी मजबूत योगदान हो सके। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निर्यात को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने के उद्देश्य से डायरेक्टोरेट ऑफ फॉरेन ट्रेड निर्यात के अवसरों पर मार्गदर्शन प्रदान करेगा, जबकि कस्टम विभाग आयात-निर्यात प्रक्रियाओं और नियमों पर जानकारी देगा। इस दिशा में ईसीजीसी द्वारा निर्यातकों के लिए क्रेडिट बीमा और वित्तीय सेवाओं पर भी व्यापक जानकारी दी जाएगी, जिससे राज्य के निर्यातकों को वैश्विक स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने का अवसर मिलेगा। कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा राज्य के पर्यटन स्थलों और उद्योग में निवेश की संभावनाओं पर विशेष जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, हस्तशिल्प विकास निगम राज्य के हस्तशिल्प उद्योग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अपने उत्पादों को बाजार में लाने के नए तरीकों पर जानकारी देगा। कृषि और प्र-संस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण द्वारा कृषि उत्पादों के निर्यात के अवसरों की जानकारी दी जाएगी, जो राज्य के कृषि उद्योग के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुँच को और अधिक सुगम बनायेगा। यह कॉनक्लेव कृषि और खाद्य प्र-संस्करण क्षेत्र के उद्यमियों को वैश्विक निर्यात का हिस्सा बनने का सुनहरा मौका प्रदान करेगा। बिजनेस और उद्योग को वित्तीय सहयोग प्रदान करने के लिए यूनियन बैंक एवं फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई) बैंकिंग और वित्तपोषण से संबंधित सेवाओं की जानकारी देंगे। साथ ही इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन कॉउंसिल (ईईपीसी इंडिया) द्वारा इंजीनियरिंग उत्पादों के निर्यात और संबंधित सहायता कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी।

## फर्जी दस्तावेजों से नौकरी पाए आठ सरकारी शिक्षक बर्खास्त, वसूली की तैयारी शुरू

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी पाए आठ सरकारी शिक्षकों को जांच के बाद तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। इटावा के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.राजेश कुमार ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इटावा जिले में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के फर्जी अंकपत्र से नौकरी पाने वाले आठ शिक्षकों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इनमें से एक शिक्षिका सेवाएं समाप्ति की कार्रवाई से पहले ही त्यागपत्र दे चुकी है। अब विभाग बर्खास्त शिक्षकों से वसूली समेत अन्य कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। डॉ कुमार ने बताया कि फर्जी अभिलेखों से आठ शिक्षक अलग-अलग परिषदीय विद्यालयों में नौकरी कर रहे थे। इन शिक्षकों ने 2011 में टीईटी में फेल होने पर फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर नौकरी हासिल की थी। उन्होंने बताया कि विभागीय स्तर पर 2020 में हुए सत्यापन में इनके अंकपत्र फर्जी मिले थे। इस पर सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। इस दौरान आदेश के खिलाफ शिक्षक कोर्ट चले गए थे। याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने मामले में फिर से जांच के आदेश दिए थे। इस पर बीईओ मुख्यालय उदय सिंह राज की ओर से मामले की दोबारा जांच की गई। दोबारा जांच में भी फर्जी अंकपत्र की बात पुष्ट होने पर चार अक्तूबर को नियुक्ति निरस्त करने की कार्रवाई की गई। इन शिक्षकों में चार ताखा, दो चकरनगर, एक बसरेहर और एक भरथना विकास खंड के हैं। कार्रवाई की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। चकरनगर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय चौरैलापार के शिक्षक सौरभ श्रीवास्तव, उच्च प्राथमिक विद्यालय कचहरी के उपेंद्र यादव, बसरेहर के संतोषपुरा घार की रश्मी वर्मा, भरथना के ऊमरसेंड़ा विद्यालय के योगेंद्र कुमार, ताखा के प्राथमिक विद्यालय सरावा के राजवीर सिंह, प्राथमिक विद्यालय भागा के विकास कुमार, प्राथमिक विद्यालय रिदोली के दिलीप सिंह और उच्च प्राथमिक विद्यालय कुदरैल के शैलेंद्र प्रताप पर कार्रवाई की गई है।

# चेरलापल्ली रेलवे टर्मिनल नवंबर के अंत तक चालू हो जाएगा

एजेंसी ◀ हैदराबाद
www.dailypioneer.com

केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने घोषणा की कि 430 करोड़ रुपये में बना नवनिर्मित चेरलापल्ली रेलवे टर्मिनल नवंबर के अंत तक यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा। रेड्डी ने निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान पुष्टि की कि रेलवे टर्मिनल का 98 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, शेष एक महीने के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने तेलंगाना में विशेषकर रेलवे, राजमार्ग और विश्वविद्यालयों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। रेड्डी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आजादी के बाद से इस क्षेत्र की उपेक्षा को दूर करने के लिए रेलवे का विकास अब मिशन मोड में किया जा रहा है। उन्होंने राज्य भर में चल रहे रेलवे लाइनों के विद्युतीकरण का भी उल्लेख किया। चेरलापल्ली के जुड़ने से, हैदराबाद में अब चार प्रमुख रेलवे टर्मिनल होंगे, जिनमें सिकंदराबाद, काचीगुडा और नामपल्ली शामिल हैं। नए टर्मिनल से मौजूदा स्टेशनों पर भार कम होने की उम्मीद है, साथ ही चार्लापल्ली बाहरी रिंग रोड (ओआरआर) के माध्यम से सुविधाजनक पहुंच प्रदान करेगा। मंत्री ने दोहरे टर्मिनल में 430 करोड़ रुपये के निवेश के बारे में विस्तार से बताया, जहां मालगाड़ियों सहित 20 ट्रेनें रुकेंगी। स्टेशन प्रतीक्षा कक्ष, शौचालय, एस्केलेटर, लिफ्ट और विकलांग और बुजुर्ग यात्रियों के लिए प्रावधान आदि अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षा बढ़ाने के लिए तेलंगाना में 268 सड़कों के नीचे पुल (आरयूबी), भूमिगत पुल और 42 फुट ओवर ब्रिज का काम पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त 176 रेलवे स्टेशनों पर अब हाई-स्पीड वाई-फाई और सीसीटीवी कैमरे हैं, और 86 स्थानीय उत्पाद स्टॉल स्थापित किए गए हैं। पर्यावरण को संरक्षित करने के प्रयासों में चार्लापल्ली स्टेशन के आसपास 500 पेड़ों को स्थानांतरित करना और 5,500 नए पेड़ लगाना शामिल है।

## बेलगावी हवाई अड्डे पर बम की धमकी, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी हुई

**बेलगावी।** कर्नाटक के बेलगावी में सांबरा हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की ईमेल से रविवार को धमकी मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईमेल संदेश में हवाई अड्डे पर विस्फोट की चेतावनी दी गई थी, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने तत्काल और समन्वित कार्रवाई की। हवाई अड्डे के निदेशक त्यागराज ने धमकी की पुष्टि की, जिसके बाद परिसर की सुरक्षा के लिए पुलिस टीमों, बम निरोधक इकाइयों और डॉग स्क्वॉड को तैनात किया गया।

# रामगढ़ उपचुनाव में भाजपा ने बागी रहे सुखवंत सिंह पर खेला दांव

एजेंसी ◀ अलवर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा के उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अलवर जिले की रामगढ़ विधानसभा सीट पर सुखवंत सिंह पर दाव खेला है। सुखवंत सिंह का यह विधानसभा का तीसरा चुनाव होगा। पहली बार भाजपा के टिकट पर ही चुनाव लड़े थे। सुखवंत सिंह वर्ष 2023 के चुनाव में बागी प्रत्याशी के रूप में आजाद समाज पार्टी से चुनाव लड़े थे, जिन्हें लेकिन छह वर्ष के लिए पार्टी से निकाल दिया गया था, लेकिन छह महीने बाद ही लोकसभा चुनाव में सुखवंत सिंह की पार्टी में वापसी हो गई। इस उपचुनाव में टिकट की दौड़ में अलवर शहर से दो बार विधायक रहे बनवारी लाल सिंघल, वर्ष 2023 में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रहे जय आहूजा सहित एक दर्जन नेता शामिल थे, लेकिन ऐन वक्त पर पार्टी ने सुखवंत सिंह पर दांव खेला है। यहां आधा दर्जन से अधिक भाजता के नेताओं ने अपना चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया था। सुखवंत सिंह रामगढ़ में वर्तमान में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के सबसे ज्यादा नजदीक माने जाते हैं। सुखवंत सिंह गोविंदगढ़ इलाके के रहने वाले हैं। जैसे ही प्रत्याशी की घोषणा हुई वैसे ही इलाके में आतिशबाजी की गई। कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार करते हुए मिठाइयां बांटी। ढोल नगाड़े बजाए गए। हालांकि पहले से ही यह प्रयास लगाए जा रहे थे कि रामगढ़ उपचुनाव में सुखवंत सिंह को भाजपा अपना प्रत्याशी बन सकती है। लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति के प्रधान रहे सुखवंत सिंह को वर्ष 2018 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया था, लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान ही बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह का निधन हो गया था फिर इस सीट पर उपचुनाव हुए जिसमें बहुजन समाज पार्टी ने जगत सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया और यह कांग्रेस की उम्मीदवार सफिया खान से चुनाव हार गए।

## बिहार में उप चुनाव राजग उम्मीदवारों की होगी जीत : विजय चौधरी

**समस्तीपुर।** जनता दल यूनाईटेड के नेता एवं बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि राज्य के चार विधानसभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों की जीत होगी। चौधरी समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस उप चुनाव में तरारी एवं रामगढ़ से भाजपा, बेलागंज से जदयू और इमामगंज विधानसभा सीट पर हम पार्टी के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा किये जा रहे विकास कार्य और वर्तमान महौल से स्पष्ट है कि इन चारों सीटों पर राजग गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित है। इस अवसर पर जदयू की पूर्व सांसद अश्वमेध देवी, जदयू जिलाध्यक्ष दूर्गेश राय एवं जदयू के जिला मीडिया प्रभारी अनस रिजवान भी उपस्थित थे।

## बस की टक्कर से टेम्पो में सवार 12 लोगों की मौत

**भरतपुर।** राजस्थान में धौलपुर के बाड़ी थाना क्षेत्र में कल रात बस की टक्कर से टेम्पो में सवार आठ महिलाओं और तीन बच्चों सहित 12 लोगों की मौत हो गयी जबकि बस चालक और एक बालक घायल हो गया। हादसे में टेम्पो चालक इरफान और उसके पूरे परिवार की मौत हो गयी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाड़ी के करीम कॉलोनी गुमट के निवासी इरफान के परिवार के 15 लोग सरमथुरा थाना क्षेत्र के बरौली में शादी समारोह में बहन का भात भरने गये थे। वहां से वे देर रात टेम्पो से बाड़ी लौट रहे थे कि राष्ट्रीय राजमार्ग 11बी पर सुन्नीपुर गांव के पास रात करीब 11 बजे धौलपुर से जयपुर जा रही बस ने टेम्पो को टक्कर मार दी। पीछे दूसरे टेम्पो में आ रहे इरफान के भाई और वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों में सवार लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सभी को धौलपुर के अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि हादसे में इरफान उर्फ बंटी (38), उसकी पत्नी जूली (34), बेटी आसमा (14), बेटा सलमान (8), साकिर (6), इरफान का भतीजा अजान (5), जरीना (35), उसकी बेटियां आसियाना (10), सूफी (7), बेटा सानिफ (9), परवीन (32) और उसके बेटे दानिश (10) की मौत हो गयी जबकि घायल साजिद (10) और बस चालक को जयपुर भेजा गया है।

# भागलपुर घटना के दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई : गिरिराज

एजेंसी ◀ भागलपुर
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता गिरिराज सिंह ने भागलपुर जिले के सन्हौला में एक मंदिर में कई मूर्तियों के खंडित करने की घटना को अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि इस मामले में संलिप्त दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। सिंह ने कहा, इस मामले में शामिल सभी अभियुक्तों की अविलंब गिरफ्तारी के लिए उन्होंने जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक को कहा है। स्थानीय लोगों का विरोध स्वभाविक है। यदि इस मामले की निष्पक्ष जांच और उन लोगों पर दमनात्मक कार्रवाई होती है तो मुझे रास्ते में ही अपनी यात्रा को छोड़कर सन्हौला आना पड़ेगा। इस मामले में जिस एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा है, उसे विक्षिप्त बताया गया है।

यह एक साज़िश है और इसकी जांच पड़ताल होनी चाहिए। भाजपा के नेता ने कहा कि उनकी हिन्दू स्वाभिमान यात्रा से कांग्रेस तथा राजद के लोग घबरा गए हैं और बिहार में दंगा कराने पर तुले हुए हैं। वे लोग केन्द्र और राज्य सरकार को बदनाम करना चाहते हैं। ऐसे में भागलपुर जिले के सन्हौला की घटना कोई साधारण नहीं है और इसके पीछे कोई तो अवश्य है। इसकी गहराई से जांच होनी चाहिए और इसके लिए जिला प्रशासन से मांग की गई है। इस बीच भागलपुर जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि सन्हौला की घटना घोर निंदनीय है। इसकी जांच के लिए भाजपा की एक टीम भेजी जा रही है।

## पहली गोरखा राइफल्स ने अपने रेजिमेंटल पुनर्मिलन का मनाया जश्न

**चंडीगढ़/सुबाथू।** भारतीय सेना की सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित रेजिमेंटों में से एक, पहली गोरखा राइफल्स (1 जीआर) ने 18-19 अक्टूबर को हिमाचल प्रदेश के सुबाथू में अपना रेजिमेंटल रीयूनियन मनाया। इस अवसर पर, 1 जीआर रेजिमेंट के कर्नल, लेफ्टिनेंट जनरल संजीव चौहान ने संबोधित करते हुए कहा कि पुनर्मिलन उस अटूट बंधन का प्रमाण है, जो रेजिमेंट के सभी सदस्यों को एक साथ बांधता है।

## मुख्यमंत्री के वायदे अनुसार 3100 रुपये क्विंटल खरीदी जाए धान : गर्ग

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने रविवार को कहा कि चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने घोषणा की थी कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर 10 अक्टूबर से किसान का धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल खरीदा जाएगा, लिहाजा अब मुख्यमंत्री को अपने वादे के अनुसार किसान का धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल खरीदना चाहिए। गर्ग ने जारी बयान में कहा कि 10 दिन बीत जाने के बाद भी धान 3100 रुपए खरीदने की बजाय सरकार 2320 रुपए के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर भी नहीं खरीद रही है और किसान का धान एमएसपी से कम दरों में बिक रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान अपना धान बेचने के लिए एक महीने से मंडियों में धक्के खा रहा है। सरकार के धान खरीद, उठान और भुगतान के सभी दावे फेल सिद्ध हुए हैं।

# उत्तराखंड भाजपा ने बनाए लक्ष्य से अधिक सदस्य : भट्ट

वार्ता ◀ देहरादून
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड भारतीय जनता पार्टी ने संगठन पर्व अभियान के अंतर्गत, 20 लाख सदस्यों के लक्ष्य से अधिक 20 लाख, 17 हजार, 397 सदस्य बनाकर, शीर्ष छह राज्यों में शुमार हो गई है। देहरादून स्थित प्रदेश मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने यह दावा किया। उन्होंने दो से 25 सितंबर तक संचालित प्रथम एवं 16 से 31 अक्टूबर तक के दूसरे चरण में प्राप्त आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य संगठन को केंद्र द्वारा पूर्व निर्धारित, 20 लाख सदस्यों के लक्ष्य को पार करते हुए अब तक 20 लाख 17 हज़ार 397 सदस्य बनाए जा चुके हैं। राज्य के प्रथम गांव से महानगर तक, घरेलू से कामकाजी महिला तक, मजदूर से मालिक तक, किसान से सैनिक तक, गरीब से करोड़पति तक पार्टी ने सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी एवं सर्वग्राही सदस्यता अभियान पार्टी ने चलाया है। भट्ट ने बताया कि अभियान में प्रदेश के नौ जिलों ने अपने सदस्यता अभियान के लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। जिनमें उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, पौड़ी, देहरादून महानगर, हरिद्वार, चमोली, पिथौरागढ़, टिहरी एवं कोटद्वार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जबकि 10 ऐसी विधानसभाएं हैं, जहां लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिले कुल मतों से अधिक संख्या में सदस्य बनाए गए हैं। जिसमें अल्मोड़ा, टिहरी, देहरादून कैंट, पुरोला, श्रीनगर, यमुनोत्री, गंगोत्री, हल्द्वानी, हरिद्वार और डीडीहाट शामिल है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र की दृष्टि से 23 विधानसभा ऐसी हैं, जहां पार्टी ने सदस्यता के लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त किया है। जबकि 44 विधानसभाओं ने भी 50 से 100 प्रतिशत के मध्य लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। शेष में 47 फीसदी लक्ष्य हासिल किया है। भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि अलग-अलग वर्ग में 10 हजार से अधिक सदस्य जोड़ने वालों में शीर्ष पर अल्पसंख्यक वर्ग से खतीब अहमद, अनुसूचित जाति से पार्टी उपाध्यक्ष देशराज करणवाल, अन्य पिछड़ा वर्ग से मुनेश कुमार रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में सर्वाधिक सदस्य जोड़ने वालो में, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक प्रथम रहे हैं। जबकि राज्य में 11 सदस्य ऐसे हैं, जिन्होंने 10 हजार से अधिक एवं सौ सदस्य ऐसे हैं, जिन्होंने पांच से 10 हजार सदस्य बनाए हैं। भट्ट ने बताया कि वर्ष 2024 लोकसभा चुनाव के दौरान, भाजपा को प्राप्त कुल मतों में से 74 फीसदी मतदाताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने यह भी दावा किया कि सदस्यता अभियान में पार्टी को स्वीकार करने वालों में कुल 75 फीसदी पुरुष, 24.85 फीसदी महिलाएं एवं 0.15 अन्य वर्ग शामिल हैं।

# उमर अब्दुल्ला और सुनील शेट्टी ने कश्मीर की पहली अंतरराष्ट्रीय मैराथन को हरी झंडी दिखाई

वार्ता ◀ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी ने पोलो ग्राउंड स्टेडियम से कश्मीर की पहली अंतरराष्ट्रीय मैराथन को हरी झंडी दिखाई। मैराथन दौड़ को पोलो ग्राउंड स्टेडियम श्रीनगर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जिसमें मुख्यमंत्री ने भी भाग लिया। दुनिया भर के 59 एथलीट समेत 2000 धावक 42 किलोमीटर फुल मैराथन और 21 किमी हाफ मैराथन में भाग लेंगे। इस आयोजन में 30 से अधिक कश्मीरी एथलीट भी भाग ले रहे हैं। दौड़ पोलो व्यू से शुरू होगी और प्रतिष्ठित बुलेवार्ड और फोरशोर रोड के साथ-साथ डल झील से गुज़रती हुई हजरतबल पर समाप्त होगी। यह कार्यक्रम पर्यटन विभाग द्वारा दुनिया को यह दिखाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है कि घाटी में स्थिति में सुधार हुआ है। पर्यटन निदेशक ने कहा, मैराथन का आयोजन दुनिया भर में यह संदेश भेजने के लिए किया गया है कि कश्मीर अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबानी के लिए शांतिपूर्ण रूप से उपयुक्त है। सुनील शेट्टी ने इस मौके पर कहा, 'लोग कश्मीर आना चाहते हैं तथा इस तरह का आयोजन पूरी दुनिया को संदेश देता है कि पूरी दुनिया से लोग यहां हिस्सा लेने आ रहे हैं और यह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि कश्मीर दुनिया के लिए स्वर्ग है और मैं यहां बार-बार आऊंगा।

## पश्चिम चम्पारण में छह किलोग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

**बेतिया।** बिहार में पश्चिम चंपारण के मटियारिया थाना क्षेत्र के हरदी बेलहवा इलाके से छह किलोग्राम चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन ने रविवार को यहां बताया कि सूचना मिली कि हरदी बनाहवा में सतन मुखिया के घर चरस का खेप लेकर तस्कर पहुचे है। सूचना पर थानाध्यक्ष अंकित कुमार को आवश्यक करवाई का निर्देश दिया गया। थानाध्यक्ष ने अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ छापामारी की लेकिन दो तस्कर भागने में सफल रहे जबकि सतन मुखिया को टीम ने दबोच लिया। डॉ. सुमन ने बताया कि तलाशी के दौरान सतन के घर से छह किलोग्राम चरस एवं 12 लीटर शराब बरामद किया गया। सतन मुखिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# यूपीसीएल पुराने मीटर को स्मार्ट मीटर से बदलने की नहीं लेगा कोई फीस

एजेंसी ◀ देहरादून
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के अंतर्गत, देश के अन्य राज्यों की भाँति उत्तराखंड में भी स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। उत्तराखंड ऊर्जा निगम लिमिटेड (यूपीसीएल) की ओर से घोषणा की गई कि क्रमवार बदले जा रहे पुराने मीटरों के स्थान पर निःशुल्क स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। यूपीसीएल प्रवक्ता ने बताया कि मीटर बदले जाने के क्रम में सबसे पहले सभी सरकारी आवासों, दफ्तरों एवं व्यापारिक उपभोक्ताओं के यहाँ स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। तत्पश्चात सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के यहाँ पुराने मीटर बदलकर निःशुल्क नए स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर एक ऐसा आधुनिक मीटर है, जिसका कंट्रोल उपभोक्ताओं के हाथों में है तथा इससे आपको पल पल के बिजली उपयोग की जानकारी, सभी आवश्यक सूचनाओं के संदेश, बिजली के उपयोग की तुलना आदि सहित आसान भुगतान के कई विकल्प भी मिलते हैं। उल्लेखनीय हैं कि उत्तराखंड राज्य के कुमाऊं क्षेत्र में अडानी ग्रुप को इस कार्य का ज़िम्मा सौंपा गया है। जिसमें लगभग 6.25 लाख उपभोक्ता मीटर्स की स्थापना का कार्य तथा गढ़वाल क्षेत्र में मै0 जीनस द्वारा लगभग 9.62 लाख उपभोक्ता मीटर की स्थापना का कार्य किया जा रहा है। राज्य में दोनों कार्यदायी संस्थाओं को विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी मॉडल मानक बोली दस्तावेज में निहित नियमानुसार, निविदा अवार्ड होने के पश्चात ही, स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य दिया गया है। यह भी जानने की बात है कि अडानी ग्रुप द्वारा भारत के अन्य राज्यों में भी स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य गतिमान है जिसमें बिहार असम, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश इत्यादि राज्य सम्मिलित हैं।

# रेवंत रेडडी ने आईएसबी छात्रों से हैदराबाद के लिए ब्रांड एंबेसडर बनने का किया आग्रह

वार्ता ◀ हैदराबाद
www.dailypioneer.com



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेडडी ने हैदराबाद, तेलंगाना और नए भारत के दृष्टिकोण के लिए इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) के छात्रों द्वारा ब्रांड एंबेसडर के रूप में निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। रेडडी ने परिसर में आयोजित आईएसबी लीडरशिप समिट 2024 में अपने मुख्य भाषण में न्यू इंडिया में लीडरशिप विषय को संबोधित किया और अपनी अंतर्दृष्टि साझा की, छात्रों से नेतृत्व में प्रमुख मूल्यों के रूप में साहस और बलिदान को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहरलाल नेहरू तथा इंदिरा गांधी और कांग्रेस पार्टी के अन्य प्रमुख नेताओं ने उन्हें प्रेरणा दी, जिन्होंने महानता प्राप्त करने में जोखिम उठाने और कड़ी मेहनत के महत्व पर जोर दिया। ये नेता भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अगुआ थे और देश के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, आप युवा, बुद्धिमान और असाधारण हैं। उन्होंने छात्रों को जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों के साथ सीधे संपर्क बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सफलता प्राप्त करने के लिए सभी के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने और समुदाय से जुड़े रहने के महत्व को रेखांकित किया। रेडडी ने तेलंगाना के लिए अपनी महत्वाकांक्षी दृष्टि को भी रेखांकित किया, जिसमें राज्य को एक ट्रिलियन-डॉलर की जीडीपी अर्थव्यवस्था में बदलने और हैदराबाद को 600 बिलियन अमेरिकी डॉलर के वैश्विक शहर के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा। मुख्यमंत्री ने आईएसबी छात्रों से इस संदेश को दुनिया तक ले जाने का आग्रह किया और इस बात पर प्रकाश डाला कि हैदराबाद को न केवल भारतीय शहरों के साथ बल्कि न्यूयॉर्क, लंदन, पेरिस, टोक्यो और सियोल जैसे वैश्विक केंद्रों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने दक्षिण कोरिया की अपनी यात्रा से प्रेरित होकर एक कौशल विश्वविद्यालय और एक खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने की योजना का खुलासा किया। उन्होंने खेल उत्कृष्टता के महत्व पर जोर दिया, ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने के लिए भारत के संघर्ष पर अफसोस जताया और हैदराबाद को देश के लिए एक रोल मॉडल बनाने का अपना सपना व्यक्त किया। रेडडी ने आईएसबी छात्रों को राज्य सरकार के साथ सहयोग करने के लिए आमंत्रित किया, उन्हें अवसर और चुनौतियां प्रदान कीं, भले ही इसका मतलब शुरुआत में उच्च वेतन के बिना काम करना हो।

# झारखंड के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान लोजपा में शामिल हुए

एजेंसी ◀ रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड में चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान लोजपा (रामविलास) में शामिल हो गए। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल खालिक ने दिल्ली में झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान के साथ जनार्दन पासवान को पार्टी की सदस्यता दिलाई। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद प्रधान महासचिव अब्दुल खालिक एवं झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान के साथ जनार्दन पासवान लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्र सरकार में मंत्री चिराग पासवान से मुलाकात किया एवं चतरा विधानसभा के लिए अपनी दावेदारी पेश करते हुए पार्टी के सिंबल के लिए निवेदन किया। उल्लेखनीय है कि जनार्दन पासवान पहली बार जनता दल के टिकट पर 1995 में चतरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीते थे। इसके बाद वे वर्ष 2009 में राजद से दोबारा चतरा के विधायक चुने गए। 2014 के विधानसभा चुनाव में भी वे राजद के टिकट से चुनाव लड़े थे। चतरा विधानसभा सीट एससी सुरक्षित सीट है। इस सीट पर पासवान वोटर्स की संख्या अच्छी रही है।

## तीन करोड़ की स्मैक के साथ पति-पत्नी समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

**रूद्रपुर/नैनीताल।** उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जिले के पुलभट्टा में पुलिस ने तीन करोड़ की स्मैक के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। कुमाऊं में स्मैक तस्करी की यह अभी तक की सबसे बड़ी खेप मानी जा रही है। पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मणिकांत मिश्रा ने पत्रकारों से इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि शनिवार रात को पुलभट्टा के थाना प्रभारी रवीन्द्र सिंह बिष्ट की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा ड्रग फ्री देवभूमि अभियान के तहत शंकर फार्म के पास वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान वैगनार कार संख्या यूपी 14 सीएफ9528 को रोका गया और उसकी तलाशी ली गयी तो 1.058 किलोग्राम स्मैक बरामद की गयी।

# खोपली में मेगा पालक शिक्षक बैठक में बच्चों को किया गया पुरुस्कृत

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला खोपली के बहुद्देशीय विवेकानंद सभागार में संकुल स्तरीय द्वितीय मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि ग्राम खोपली के सरपंच मंजू वर्मा, बी. एल. सपहा,प्राचार्य वीणा दुबे, प्रधानपाठक सी एल रघुवंशी, हरिश्चंद्र देवांगन ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया तत्पश्चात मंच संचालन बिजोरिया मैडम के द्वारा किया गया अतिथियों के स्वागत सत्कार के बाद शिक्षक गिरीश साहू ने मेगा पालक शिक्षक बैठक के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सभी पालक जब तक अपने बच्चों के लिए जागरूक नहीं रहेगा तब तक यह कार्यक्रम सफल नहीं हो सकता,आगे शिक्षक गिरीश साहू ने बताया कि प्राथमिक,माध्यमिक व हॉयर सेकंडरी की त्रैमासिक परीक्षा के संबंध में जानकारी दिया गया साथ ही नियमित स्कूल आने वाले और कक्षा में प्रथम द्वितीय आने वाले बच्चों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार दिया गया। प्रधानपाठक छबिलाल रघुवंशी,प्राचार्य वीणा दुबे,शिक्षक मनीष साहू ने क्रमशः प्राथमिक ,मिडिल, हायर सेकंडरी का बच्चो का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया और सभी पालकों को बच्चो को नियमित शाला भेजने के लिए प्रेरित किया।ग्राम पंचायत खोपली के सरपंच मंजू वर्मा ने सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और पालकों को बच्चो को नियमित शाला भेजने की बात कही।प्राथमिक शाला खोपली के बच्चो के द्वारा छत्तीसगढ़ी गहनों ,हायर सेकंडरी के बच्चो द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजन की प्रदर्शनी लगाया गया जिसका पालकों और अतिथियों ने लुत्फ उठाया। इस कार्यक्रम में खोपली के सरपंच मंजू वर्मा, प्राचार्य वीणा दुबे, प्रधानपाठक छबिलाल रघुवंशी, हरिश्चंद्र देवांगन, संकुल समन्वयक इंद्रेश बंजारे, अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंध समिति बी एल सपहा शाला प्रबंधन समिति अरुण गेंनड्रे, पूरण देशलहरे विधायक प्रतिनिधि, अखिलेश चंद्राकर पालक शिक्षक समिति, शिक्षक गिरीश साहू,मनीष साहू, दीपक साहू, संतोषी कश्यप, रामेश्वरी चंदेल, कुमार साहू रोशनी चंद्राकर, माधुरी राय बिजोरिया, कल्पना द्विवेदी, आरती महिपाल, के.शारदा मूर्ति सहित लगभग 115पालक उपस्थित थे।

# परख सर्वे के लिए बच्चों को तैयार करा रही है प्रधान पाठिका हिम कल्याणी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी के संयुक्त तत्वावधान में पूरे देश के सभी राज्यों में आगामी 4 दिसंबर को आयोजित किये जाने वाला परख सर्वे 2024 तैयारी हेतु अभ्यास परफॉरमेंस असेसमेंट रिव्यु एन्ड एनालिसिस ऑफ़ नॉलेज फॉर होलीस्टिक डेवेप्लोमेंट नई शिक्षा नीति 2020 के तहत शुरू किया गया एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य भारत में मूल्यांकन प्रणाली को मानकीकृत और सुधारना है, ताकि छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन का समग्र और निष्पक्ष मूल्यांकन हो सके, परख का मुख्य उद्देश्य छात्रों के मूल्यांकन में सुधार करना और भारतीय शिक्षा प्रणाली को वैश्विक मानको के अनुरूप बनाना है, यह कार्यक्रम ह्श्वक्क2020 के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में प्रधानपाठक हिमकल्याणी सिन्हा परख परीक्षा की तैयारी हेतु छात्रों को लगातार अभ्यास करा रही है। उसका मानना है की ओएमआर (ऑप्टिकल मार्क रीडर) सीट में परीक्षा देना प्राथमिक स्तर पर बच्चों के लिए पहला अनुभव है। इस अभ्यास से बच्चों को आगे के बहुत से प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेने और पेपर हल करने में बहुत मदद मिलेगी। प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा बताती है कि उनके प्रयास से शाला के बच्चें लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। और ओएमआर सीट में प्रश्नों के उत्तर भरना भी सीख रहे है। लगातार अभ्यास निश्चित की बेहतर परिणाम लाता है। बच्चों में समझ का विकास होती है। और वह इसी दिशा में कार्य कर रही है।

# गांव की सफाई के लिए नकुलनार में स्वछता दीदियों को दी गई कचरा उठाने गाड़ी

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



नगरपालिका की तर्ज पर अब ग्राम पंचायत नकुलनार में भी कचरा कलेक्शन करने के लिए सफाई दीदियों को वाहन उपलब्ध करवाई गई है,जिले की पहली ग्राम पंचायत है नकुलनार जंहा ग्राम पंचायत की 20 महिलाएं नगर की सफाई करती हैं और कचरा गांव से बाहर सर पर लाद कर ले जाती थी,अब इन महिलाओं को रविवार जनपद उपाध्यक्ष पुष्पा गौतम के द्वारा अपने मद से कचरा उठाने गाड़ी उपलब्ध करवाई गई है,ग्राम पंचायत के द्वारा इस वाहन को सफाई में इस्तेमाल किया जाएगा,जनपद उपाध्यक्ष ने बताया महिलाओ को कचरा उठाकर ले जाने में काफी दिक्कत होती थी ,गांव से एक किलोमीटर दूर कचरा फेंकने जाना पड़ता था,अब गाड़ी से मिलेगी सुविधा,सरपंच रंजना कश्यप ने बताया शहर में पालिका द्वारा सफाई करवाया जाता है,पर ग्राम पंचायत में महिला समूह बनाकर पूरे गांव को स्वछ किया जाता है,गाड़ी मिल जाने से अब सफाई दीदियों को राहत मिलेगी।इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम,सरपंच नकुलनार रंजना कश्यप,उप सरपंच दिलीप चौहान, सुखलाल, पंकज, पोदिया मुचाकी सहित सफाई दीदी मौजूद रहीं।

## भाजयुमों ने मचांदुर एवं उतई कॉलेज में चलाया सदस्यता अभियान



**उतई।** भाजयुमों उतई मंडल अध्यक्ष प्रवीण यदु के नेतृत्व मचांदुर, उतई महाविद्यालय पर पहुंचकर युवा वर्ग को भाजपा सदस्य के रूप में जोड़ा।प्रवीण यदु ने बताया कि अभियान का उद्देश्य न केवल पार्टी के सदस्यों की संख्या बढ़ाना हैं,बल्कि आम नागरिकों के बीच सरकार कि उपलब्धियों और नीतियों को भी उजागर करना हैं।मंडल महामंत्री सोनू राजपूत ने कहा की पार्टी ने डिजिटल प्लेटफॉर्म का भी उपयोग करने का निर्णय लिया हैं। इससे लोग आसानी से सदस्यता ले सकें।मोदी जी के नेतृत्व में लगातार भारत विश्व गुरु बनाने कि ओर अग्रसर हो रहें हैं।इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजयुमों महामंत्री करण सेन,भाजयुमों उपाध्यक्ष शुभम वर्मा,योगेश साहू,फलेंद्र सिंह राजपूत,कुणाल,प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

## सहायक शिक्षक फेडरेशन ने कैबिनेट के अनुकंपा नियुक्ति के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य कैबिनेट बैठक 16/ 10/ 2024 में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुए निर्णय में दिवंगत पंचायत शिक्षकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने का निर्णय का छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन कोंडागांव स्वागत करता है, एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम जी को इस मामले में अनुकंपा पीड़ित परिवार का समर्थन करने के लिए विशेष आभार व्यक्त करता है। कोंडागांव सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला अध्यक्ष शंकर नेताम,प्रांतीय महासचिव शेषनाथ पांडेय, सचिव गुलेंद्र पटेल, उपाध्यक्ष रोशन सहारे,कार्यकारी अध्यक्ष अरुण दीवान, मोहरधन ध्रुव, भास्कर वर्मा, नीलम मेश्राम, मेश्राम सेन, बाबूलाल पांडे, जिला मीडिया प्रभारी सूरज नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष कोंडागांव मदन राठौर, फरसगांव महेंद्र पटेल, माकड़ी महेंद्र नेताम,बड़े राजपुर मानसाय मरकाम,गिनेश नेताम केशकाल देवेंद्र कुपाल एवं कोंडागांव जिले में कार्यरत शिक्षक एलबी संवर्ग एवं पीड़ित परिवार इस फैसले से काफी खुश है और माननीय विष्णु देव सरकार की इस फैसले का दिल खोलकर स्वागत किया है।

# भाजपा किरंदुल ने मनाया दशहरा मिलन समारोह



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

भाजपा मंडल किरंदुल की ओर से रविवार दोपहर को रेलवे मिश्रा कैंप स्थित नर्सरी में दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जिले से कार्यक्रम में पधारे जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल के प्रभारी सत्यजीत सिंह चौहान को पुष्पगुच्छ देकर मंडल अध्यक्ष धर्मपाल मिश्रा के द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान मण्डल महामंत्री संजीव दास दीनानाथ ठाकुर दशहरा मिलन समारोह के आयोजक तपन दास शैलेन्द्र सिंह ने दशहरा की बधाई देते हुए कहा कि मिलन समारोह का अर्थ है आत्मीयता के साथ एक दूसरे से मिलना।भाजपा के विचारधारा भी हमेशा एक दूसरे से मिलजुल कर रहने का सिख देता है। कार्यक्रम में मंडल के वरिष्ठ कनिष्ठ युवा मोर्चा महिला मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा ओबीसी मोर्चा एससी मोर्चा एस टी मोर्चा किसान मोर्चा के अनेक देवतुल्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करें : वासु जैन

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com





जिला पंचायत नारायणपुर के सीईओ वासु जैन ने छात्रावास और पंचायत में चल रहे निर्माण कार्यो को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत धौड़ाई में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राही फगनू राम के घर का भूमि पूजन किया । इसके अलावा, धान खरीदी केंद्र, माध्यमिक शाला और स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उनके द्वारा बड़गांव में उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण करते हुए सामग्री की उचित मूल्य सूची दीवार पर चस्पा करने के निर्देश दिए गए। स्वीकृत आवासों को समय पर पूर्ण करने का भी निर्देश दिए और ग्राम पंचायत छोटेडोंगर में ग्रामीणों की शिकायतों के बाद ग्रामीण बैंक का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसके बाद समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देश दिए गए। छोटेडोंगर पंचायत भवन में रायनार, धनोरा, गौरदंड, चमेली, राजपुर और मढोनार के सचिव, सरपंच और रोजगार सहायकों की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य लंबित कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणपुर लोकनाथ पटेल, विकासखंड समन्वयक मोहित नुरेटी, और एसडीओ सीमांत खरे भी उपस्थित रहे।

# सीईओ वासु जैन ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com





कलेक्टर बिपिन मांझी के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन ने ग्राम पंचायत तोयनार, पल्ली, धौडाई, बड़गांव और छोटेडोंगर का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यो और जन समस्याओं का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत तोयनार में जैन ने ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं का समाधान किया। नवीन स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राही मानबत्ती सलाम के भूमि पूजन के साथ निर्माण कार्य शुरू करवाया गया। साथ ही, आंगनबाड़ी, बालक छात्रावास और पंचायत में चल रहे निर्माण कार्यो को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ग्राम पंचायत धौड़ाई में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राही फगनू राम का भूमि पूजन किया गया। इसके अलावा, धान खरीदी केंद्र, माध्यमिक शाला और स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उनके द्वारा बड़गांव में उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण करते हुए सामग्री की उचित मूल्य सूची दीवार पर चस्पा करने के निर्देश दिए गए। स्वीकृत आवासों को समय पर पूर्ण करने का भी निर्देश दिए और ग्राम पंचायत छोटेडोंगर में ग्रामीणों की शिकायतों के बाद ग्रामीण बैंक का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसके बाद समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देश दिए गए। छोटेडोंगर पंचायत भवन में रायनार, धनोरा, गौरदंड, चमेली, राजपुर और मढोनार के सचिव, सरपंच और रोजगार सहायकों की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य लंबित कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणपुर लोकनाथ पटेल, विकासखंड समन्वयक मोहित नुरेटी, और एसडीओ सीमांत खरे भी उपस्थित रहे।

## आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से आईटीबीपी के दो जवान शहीद

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिला नारायणपुर के ओरछा, मोहंदी एवं ईरकभट्टी से आईटीबीपी, बीएसएफ एवं डीआरजी की संयुक्त पार्टी अभियान हेतु धुरबेड़ा की ओर रवाना हुई थी। दिनांक 19.10.2024 को अभियान से वापसी के दौरान लगभग 11:30-12:00 बजे के मध्य कोहकामेटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोडलियर के समीप जंगल में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से आईटीबीपी के दो जवान जिला सतारा महाराष्ट्र निवासी अमर पनवार उम्र 36 एवं जिला कड़प्पा आंध्रप्रदेश निवासी के.राजेश उम्र 36 वर्ष शहीद हो गये एवं नारायणपुर जिला पुलिस बल के दो जवान मोहंदी कैंप में कार्यरत अरविन्द सर्फे बस्तर फाइटर एवं अनिल कुंजाम आरक्षक घायल हो गये हैं।

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिये) नियम – 3 (1)**

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत **आईआईएफएल होम फाइनांस लि.** (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनांस लि. (आईआईएफएलएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन ) नियमावली, 2002 के नियम ३ साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना जारी कर यहाँ नीचे वर्णित ऋणधारकों / सह ऋणधारकों को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों भीतर सूचना में वर्णित राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया था। ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, **अतः** एतद्वारा ऋणधारक, तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय यहाँ नीचे वर्णित राशि के साथ उस पर ब्याज के लिये आईआईएफएल एचएफएल के चार्ज के अधीन होगा। ''ऋणधारक का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है कि यदि ऋणधारक बिक्री अथवा अंतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय वहन की गई सभी लागतों, चार्जेज एवं खर्चे के साथ '**आईआईएफएल एचएफएल**' के बकाये का भुगतान कर देते हैं तो '**आईआईएफएल एचएफएल**' द्वारा प्रतिभूत परिसम्पत्ति की बिक्री अथवा अंतरण नहीं की जाएगी तथा प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के अंतरण अथवा बिक्री के लिये '**आईआईएफएल एचएफएल**' द्वारा कोई कदम नहीं उठाई जाएगी।

| ऋणधारकों / सह-ऋणधारकों का नाम | प्रतिभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति का विवरण) | कुल बकाया देयता (रु.) | मांग सूचना तिथि | कब्जा सूचना तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री मनीष शर्मा श्रीमती अनीता शर्मा माँ दुर्गा स्टील प्रॉस्पेक्ट नं. 840983 | संपत्ति का वह सारा टुकड़ा और पार्सल:- मारुति इन्फ्रासिटी चरण-II, प्लॉट नंबर 378, भूमि क्षेत्र विज्ञापन माप 1480 वर्ग. फुट. सांकरा पी. एच. नं. 08, ख. नं. 1373/1, 1373/2, 1376, 1380/1 ,1380/2 ,1380/4 ,1381/1 , 1381/2, 1397/1, 1397/2, 1398, 1400, 1401, 1404/2, 1407, 1408/1, 2, आर.एन.एम. भिलाई-3, तह.पाटन, दुर्ग, 491001, छत्तीसगढ़, भारत | रू.16,31,210/- (रु. सोलह लाख इकतीस हजार दो सौ दस मात्र) | 12/04/2023 | 17/10/2024 |

**अधिक विवरणों के लिये कृपया शाखा कार्यालय :** 1ला मजला, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी के सामने, रायपुर, सीजी 492001 में प्राधिकृत अथवा **कॉर्पोरेट कार्यालय :** प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज–IV, गुड़गाँव, हरियाणा में संपर्क करें।
स्थान : छत्तीसगढ़, । तिथि : 21.10.2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फायनांस लि, के लिये

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के रायपुर दुर्ग स्टेशनों का पुनर्विकास और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन का हो रहा कायाकल्प

## छत्तीसगढ़ की राजधानी का रायपुर रेलवे स्टेशन का मेजर रीडेवलपमेंट 482.48 करोड़ रूपये

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com






भारतीय रेल देश की लाइफ लाइन है। रेलवे लगातार यात्री सेवा को सुलभ करने के लिए नवीनतम तकनीक, सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने पर काम कर रही है। वर्तमान में रेल मंत्रालय के महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के 15 स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कायाकल्प किया जा रहा है। भाटापारा, भिलाई पावर हाउस, तिल्दा-नेवरा, बिल्हा, भिलाई, बालोद, दल्ली राजहरा, भानुप्रतापपुर, हथबंद, सरोना, मरोदा, मंदिर हसौद, उरकुरा, निपनिया, भिलाई नगर रिडेवलपमेंट ऑफ मेजर स्टेशन में रायपुर, दुर्ग स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। मेजर रिडेवलपमेंट किया जा रहा हैं। रायपुर स्टेशन का मेजर री डेवलपमेंट लगभग 482.48 करोड़ है। इन योजनाओ का मकसद आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता के साथ मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन पर भी काम करना है। चरणबद्ध तरीके से इन कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। इसी कड़ी में रायपुर रेलवे स्टेशन जो छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण जिला एवं राजधानी होने के कारण महत्वपूर्ण स्टेशन है। व्यापारिक केंद्र एवं पर्यटन स्थल है जहाँ पर वर्ष भर पड़ोसी राज्य से यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है। इसी को ध्यान में रखकर रायपुर स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाएं और यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लक्ष्य के साथ विकसित किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन के आसपास अच्छी व्यवस्थाएं होने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। रायपुर स्टेशन को यात्रियों के अनुकूल सर्वसुविधायुक्त बनाने हेतु भव्य प्रवेश एवं विकास द्वार, यात्रियों के आवागमन एवं निकास के लिए सुगम पथ, 10 टिकट बुकिंग विंडो, बेहतरीन प्लेटफार्म सरफेस, 300 किलोवाट पावर सोलर सोलर पैनल युक्त ऊर्जा संरक्षण, प्रत्येक प्लेटफार्म पर 26 कोच इंडिकेशन बोर्ड, 74 टॉयलेट, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, 6 मीटर चौड़े तीन फुट ओवर ब्रिज 40 वाटर कूलर 42 लिफ्ट, 3512 स्क्वायर मीटर पार्सल एरिया, 12075 स्क्वायर मीटर प्लेटफार्म शेल्टर, 10 यात्री आरक्षण सुविधा काउंटर, 16 एस्केलेटर लगाए जाने हैं। रिजर्व लॉज, मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्टेशन हब, कोनकोर्स एरिया, बस्तर छत्तीसगढ़ी आर्ट से सुसज्जित होगा रायपुर स्टेशन विश्व स्तरीय यात्री सुविधाओं से उन्नत होगा रायपुर स्टेशन। वर्तमान समय में रायपुर स्टेशन पर लगभग 50 हजार यात्रियों का आवागमन होता है। भविष्य में यात्रियों की संख्या और बढ़ाने को देखते हुए स्टेशन डेवलपमेंट में यात्री सुविधा उन्नत की जा रही है। ये सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से किए जाएंगे। रायपुर स्टेशन पर किए जा रहे पुनर्विकास कार्यों से यात्रियों के लिये आरामदायक व सुलभ यात्रा के साथ ही साथ उन्हें नया यात्रा अनुभव प्राप्त होगा तथा संस्कृति, पर्यटन और व्यापार में भी व्यापक विस्तार होगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्री सुविधा एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी उन्नत और आधुनिक यात्री सुविधा के कार्य जारी रहेंगे।

# शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य से ही समाज, देश की सेवा की जा सकती है : तेजस्वी




पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत भोथली विद्यालय के पूर्व छात्र मुकेश कुमार साहू व तेजस्वी साहू जो वर्तमान में सीआरपीएफ बालाघाट व बीएसएफ में पश्चिम बंगाल में देश सेवा में कार्यरत हैं, उन्होंने बच्चों को उद्बोधन देते हुए बताया कि किस प्रकार दौड़ना व शारीरिक क्रियाकलाप एवं परीक्षा देकर इस मुकाम को हासिल किया। अनुशासन, मेहनत, लगन से कठिन परिश्रम कर देश सेवा में अपना योगदान दे सकते हैं। दोनों मेधावी छात्र रहे व गणित एवं विज्ञान विषय लेकर कठिन परीक्षा में अपनी योग्यता साबित किया। स्काउट गाइड व राष्ट्रीय सेवा योजना में स्वयंसेवक के रूप में अपनी सेवा दिए। भोथली ग्राम के युवा उनके मार्गदर्शन में सेना, पुलिस विभाग में जाने हेतु परिश्रम कर रहे हैं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ.गणेश प्रसाद साहू ने बताया कि मानसिक अयोग्यता को माता.पिता व शिक्षक जानकर उन्हें दूर करने का प्रयास करें। विद्यार्थी गुटका, शराब, नशीली पदार्थ से दूर रहे। हमेशा पौष्टिक आहार का सेवन करें। योग व्यायाम व पुराने गीतों के माध्यम से गुस्सा, चिडचिडाहट, भय, आदि को छात्र दूर कर सकते हैं। विद्यालय द्वारा मुकेश व तेजस्वी को श्रीफल, पेन, गुलदस्ता प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन गणेश प्रसाद साहू व आभार एल एन साहू व्याख्याता ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य एस रामटेके, राकेश कुमार साहू, रामशरण मिश्रा, एलएएन शांडिल्य, गोविंद सिन्हा, गोपेश साहू, उमाकांत साहू, राहुल सोनकर, मयंक दास, लाकेश, रेखा देहारी, रेणुका ध्रुव, दीप्ति शुक्ला, दुर्गा साहू, लखन्तीन आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी विज्ञप्ति के माध्यम से जी पी साहू ने दी।

# सेंट जेवीयर्स में ग्रैंड पैरेंट्स-डे मनाया गया



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चेयरमैन डॉ.एफ पिंटो एवं डॉ ग्रेस पिंटो के निर्देशन में छात्र-छात्राओं के दादा-दादी एवं नाना-नानी के सम्मान में हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाया गया। इस अवसर पर मांटेसरी से कक्षा दूसरी तक के बच्चों के दादा-दादी एवं नाना-नानी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाये। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वर वंदना एवं दादा-दादी एवं नाना-नानी के स्वागत से हुआ। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा नृत्य और गीत प्रस्तुत किए गए। दादा दादी एवं नाना-नानी के लिए खेल प्रतियोगिताए भी आयोजित हुई। म्यूजिकल चेयर में दादा एवं नाना के ग्रुप में के.आर.साहू प्रथम, एन.डी सोनी द्वितीय तथा शरद यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दादी एवं नानी के ग्रुप में राजकुमारी साहू प्रथम, सरस्वती साहू द्वितीय तथा कमलेश्वरी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर दादा-दादी एवं नाना नानी के मनोरंजन के लिए उनका डांस भी हुआ जिसमें राजकुमार साहू, सरीफ रोकड़िया, सुनीता यादव और द्रौपदी यादव ने अपनी नृत्य कला का जमकर प्रदर्शन किया और सभी दादा-दादी एवं नाना नानी खुलकर आनंद उठाए। इस प्रकार समारोह का संपूर्ण वातावरण बच्चों के दादा-दादी एवं नाना नानी के प्रति प्यार और आभार से भरा था। इस अवसर पर संस्था की प्रचार्या सुश्री मृणालिनी सिंह ने स्कूली कार्यक्रम में ग्रेंड पैरेंसडे की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# 18 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'निजात' के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। आमानाका थाना क्षेत्र में इस्कॉन मंदिर के सामने जी.ई. रोड पर चारपहिया वाहन में सवार एक व्यक्ति को 18 किलो 500 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान ओमप्रकाश तिवारी उर्फ नीरज (31) निवासी कबीर नगर, रायपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 18 किलो 500 ग्राम गांजा, एक चारपहिया वाहन (क्रमांक सीजी 04 एचसी 1057), और एक मोबाइल फोन जप्त किया है। जप्त किए गए सामान की कुल कीमत लगभग 6,50,000 रुपये आंकी गई है। आरोपी के खिलाफआमानाका थाने में अपराध क्रमांक 375/2024 धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। रायपुर पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में नशे के खिलाफ 'निजात' अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत समस्त थाना प्रभारियों और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीमों को तस्करी और अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। 20 अक्टूबर को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को सूचना मिली थी कि इस्कॉन मंदिर के पास एक चारपहिया वाहन में गांजा तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, क्राइम ब्रांच के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक अमन झा, और उप पुलिस अधीक्षक क्राइम संजय सिंह के नेतृत्व में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और आमानाका पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की।

# हाईवा ने एक बार फिर दो युवकों की ली जान



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

मॉर्निंग वॉक के लिये घर से निकले दो युवकों को तेज रफ्तार हाईवा ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दोनों छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्राम सलोनी में सुबह मॉर्निंग वॉक के लिये निकले दो छात्रों को रेत से भरी हाईवा ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद हाईवा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिदिन की तरह रविवार को सुबह दो छात्र योगेंद्र यादव उम्र 12 वर्ष पिता चोवाराम यादव एवं नीरज ध्रुव पिता आसकुमार उम्र 12 वर्ष मॉर्निंग वॉक पर निकले थे, तभी रेत से भरी हाईवा ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे योगेंद्र यादव की मौके पर ही मौत हो गई जबकि नीरज ध्रुव की मौत अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हो गई। घटना की खबर जैसे पुलिस को मिली वह घटना स्थल पर पहुंची जबकि सूचना मिलते ही ग्रामीण भी एकत्रित हो गये और चक्काजाम कर दिया।

# रामचंडी दिवस के अवसर पर भव्य व्यापार मेला का आयोजन

## व्यापार दर्पण पत्रिका का हुआ विमोचन

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



रामचंडी दिवस के शुभ अवसर पर गत वर्ष की भांति इस वर्ष दो दिवसीय भव्य व्यापार मेला का आयोजन रखा गया। मेले में 50 से अधिक व्यापारियों का व्यवसायिक स्टॉल लगाया गया था। व्यापार मेला को आकर्षक बनाने के लिए व्यापार मेला प्रांगण में आने वाले आम जनों के लिए निःशुल्क आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए थे। इस अवसर पर अतिथियों ने व्यापार दर्पण पत्रिका का विमोचन किया। व्यापार मेला - 2024 अविनाश साहू अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ कोलता सामाज रायपुर संभाग की अध्यक्षता में, अतिथि हरेकृष्ण प्रधान प्रदेश अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ कोलता सामाज के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिचरण प्रधान संरक्षक कोलता सामाज रायपुर संभाग, अध्यक्ष गिरधारी साहू, महामंत्री माथामणी बढ़ाई, रायगढ़ संभाग अध्यक्ष रथूलाल गुप्ता, सरोज गुप्ता अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ रायगढ़ संभाग, युगल किशोर प्रधान प्रदेश सचिव, विजय शंकर विशाल प्रदेश महासचिव, अशोक साहू प्रदेश उपाध्यक्ष, दीपक प्रधान युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ कोलता सामाज, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष त्रिवेणी बढ़ाई, सुरेश साहू संरक्षक व्यापारी प्रकोष्ठ रायपुर संभाग, नरोत्तम बारीक़ आंचलिक अध्यक्ष सरायपली, सुरेंद्र साहू आंचलिक अध्यक्ष पिथोरा, कमलेश साहू एवं बहुत बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ एवं ओड़िशा के सामाजिक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। इस वर्ष मुख्य प्रयोजक के रूप में- भारतीय स्टेट बैंक, जगन्नाथ हॉस्पिटल रायपुर, बालाजी यूपीवीसी रायपुर, किरण ऑटो केयर झगरेनडीह, भूमि बिल्डकॉन एन्ड डेवलपर्श, देव ज्योति फर्नीचर सराईपाली, जेएमआर बिल्डकॉन एन्ड डेवलपर्श रायपुर, एमपीजीएम स्ट्रक्चर रायपुर एवं युगल किशोर प्रधान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मेले में श्रीराम हर्बल सांकरा, सागर हार्डवेयर, इलेक्ट्रिकल एन्ड सेनेट्री सांकरा, जेएमआर कृषि केंद्र मुंडपाहर, अनुज हार्डवेयर सांकरा, आयुर्वेद केंद्र सिंघनपुर, प्रधान वस्त्रम सांकरा, रामचंडी ऑप्टिकल बसना, रामचंडी महाविद्यालय बगैईजोर (सराईपाली), प्रधान टूर × ट्रेवल सांकरा, वंदना वस्त्रलय सांकरा, इनफोटैक एन्ड कंप्यूटर सर्विस सांकरा, रामा हॉस्पिटल रायपुर, मनीष कृषि केंद्र झगरेनडीह, एन्जल मॉडुलर किचन सर्विस बसना, प्रधान मछली पालन केंद्र सांकरा, सक्षम ब्लड बैंक बसना, प्रदीप कृषि सेवा केंद्र मुड़पाहर, प्रधान फेब्रिकेसन छुईपाली, आस्था नर्सरी रायपुर, यूनिक आफसेट सराईपाली, ख़ुस आर्ट हस्तकाल नानक सागर, सुमन स्व. सहायता समूह, शिवा बोरवेल सांकरा, भारती होम्यो क्लिनिक बसना, जीडीए सोलर प्राइवेट लिमिटेड, प्रधान इंडस्ट्री सराईपाली, पतंजलि आरोग्य केंद्र बसना, प्रधान कृषि समाधान हरदी, युधिष्ठिर प्रधान शेएर मार्केट कंसल्टेंसी, रुपेश साहू मशाला डिट्रिब्यूटर का स्टाल लगाया गया। अतिथि स्टॉल स्वरूप जिला उद्योग कार्यालय एवं ग्रामीण बैंक उपस्थित रहे। व्यापार मेला 2024 में संभागीय व्यापारी पदाधिकारी समीर प्रधान, चितरंजन साहू, तरुण प्रधान, लोकेश प्रधान, राजेश बारीक़, नयन प्रधान, शिरीष साहू, पंचानन प्रधान, राकेश साहू, अजय साहू, सौरभ साहू, विक्रम प्रधान, युवराज भोई, डिगेश प्रधान, जगबंधु साहू उपस्थित रहे, साथ ही भाग्येश साहू, सामंत प्रधान, हेमसागर नायक, राजू साहू सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारियों का व आम जनों का सहयोग रहा। उक्त जानकारी मुख्य मंच संचालक रहे व्यापार मेला कार्यक्रम प्रभारी कमल कुमार भोई द्वारा दी।

# अघरिया समाज की बैठक फुलझर अघरिया छात्रावास में हुई संपन्न



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र की बैठक फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास में संपन्न हुई, जहां आगामी माह केंद्रीय समिति द्वारा आयोजित होने वाले महासभा में समाज के नियमावली के संबंध में चर्चा की गई और सुझाव मांगे गए। बैठक में अघरिया समाज की ओर से बनाए गए नियमावली में कुछ सुधार के लिए प्रस्ताव भी पास किया गया जिसमें सामाजिक कार्यक्रमों के भोज में पदाधिकारियों सहित सभी सामाजिक बंधुओं के द्वारा भोजन के उपरांत अपना-अपना पत्तल को स्वयं उठाया जाए। दाह संस्कार के पश्चात स्वल्पाहार नहीं लिया जाए। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत ही भोजन के लिए प्रस्थान किया जाए। कृष्ण जन्माष्टमी के दिन को अघरिया दिवस के रूप में मनाया जाए। प्रत्येक परिक्षेत्र में बैठक आयोजित कर सामाजिक नियमावली का पालन करने प्रेरित करने तथा केंद्रीय महासभा का व्यापक प्रचार प्रसार करने पर चर्चा की गई साथ ही सरायपाली क्षेत्र के रूद्रेश्वरी मंदिर सिंघोड़ा परिसर में केंद्रीय समिति द्वारा आयोजित महासभा के आयोजन पर भी विचार व्यक्त किए गए और सुझाव मांगे गए। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक त्रिलोचन पटेल, पूर्व अध्यक्ष खेमराज पटेल, अध्यक्ष नेहरू लाल पटेल, उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल, कोषाध्यक्ष लव कुमार पटेल, केंद्रीय प्रतिनिधि नेहरू लाल चौधरी, अंचल प्रभारी विश्वनाथ नायक, संयोजक प्यारेलाल पटेल, डोलचंद पटेल, अमृतलाल पटेल,परिक्षेत्र अध्यक्षों में कामता पटेल, भोलानाथ नायक, बलिराम पटेल, शोभाराम पटेल, धनीराम पटेल,शंकर लाल नायक, श्यामलाल पटेल, हृदय राम नायक, गंगाधर पटेल, हेमसागर चौधरी, रूपलाल नायक, संतलाल चौधरी, रामेश्वर पटेल, मीडिया प्रभारी रामकुमार पटेल, देवेंद्र पटेल आदि उपस्थित थे।

## कार्यकर्ताओं ने दक्षिण में अबकी बार कांग्रेस का विधायक बनाने का संकल्प लिया


# कांग्रेस का रायपुर दक्षिण विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मेलन राजधानी के आर्शिवाद भवन में संपन्न हुआ। जिसमें दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों के कार्यकर्ता, पदाधिकारी तथा प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण शामिल हुये। दक्षिण विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन सभा को संबोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज कहा कि दक्षिण विधानसभा उपचुनाव का बिगुल बज चुका है। 18 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक नामांकन भरा जायेगा। दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के तैयारी हमने पिछले दो महीने से शुरू कर दिया है। वार्ड अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं के साथ बैठके हो चुकी है। यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। भाजपा को इस चुनाव से ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा। लेकिन कांग्रेस के लिये यह चुनाव संजीवनी बूटी के समान है। इस सरकार में आरजकता माहौल है। इस 11 महीने की सरकार ने छत्तीसगढ़ को जलने में मजबूर कर दिया और छत्तीसगढ़ को दूसरा मणीपुर बनाने जा रहा है। 11 महीने की सरकार में लगातार लूट, चोरी, हत्या, डकैती, चैन स्नेकिंग और छोटी बच्ची से लेकर माता, बहने सुरक्षित नहीं है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सभा को संबोधित करते हुये कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन में आये सभी लोगों का स्वागत है दक्षिण विधानसभा का उपचुनाव होने वाला हैं नामांकन प्रक्रिया चालू हो गया है जल्द ही प्रत्याशी की घोषणा की जायेगी। साय सरकार के पिछले 11 महीने में कुछ काम नही कर पाये और अपराध बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ को कौन सा मुख्यमंत्री सरकार चला रहा है यह पता नही है क्योकि सरकार हर तरफसे विफल साबित हो गयी है। रायपुर दक्षिण विधानसभा में सबसे ज्यादा नेता है। यहां 254 बूथ है। युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस और सभी कार्यकर्ता कों मिलकर चुनाव लड़ना है। दीपावली का समय आ गया है और सब मिलकर समय देकर इस उपचुनाव को जीताने के लिये लग जायेंगे। कांग्रेस इस उपचुनाव को जीतती है तो कांग्रेस पार्टी का मनोबल बढ़ेगा। हम सब एकता और संगठित होकर चुनाव लडेंगे और इस उपचुनाव को जीतेंगे। चुनाव में हार और जीत लगा रहता है, लेकिन हार जीत से फर्क यह पड़ता है कांग्रेस जीतेगी तो मनोबल बढ़ेगा और नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी को फायदा होगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभा को संबोधित करते हुये कहा कि दक्षिण विधानसभा उपचुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। इस 11 महीने में सरकार जो काम किया है उस को लेकर जनता के बीच जाना है। इस चुनाव को हम जीतते है तो कांग्रेस पार्टी का मनोबल बढेगा। 11 महीने में साय सरकार ने कुछ भी कार्य नहीं किया। लेकिन अपराधिक घटनाये पूरे प्रदेश में बढ़ गये है। इन सभी मुद्दों को लेकर हमें जनता के बीच जाना है। और हमारी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जो कार्य किया उसे जनता तक पहुंचाना है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कांग्रेस के पार्षदों को आगे आना होगा ताकि उनके अनुभव का लाभ पार्टी को मिल सके। एआईसीसी संयुक्त सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय जांगिड़ ने सभा को संबोधित करते हुये कहा कि पिछले 5 साल कांग्रेस की सरकार थी। कांग्रेस पार्टी की जब सरकार थी तब हमने हर वर्ग के लिये काम किया, लेकिन साय सरकार के 11 माह में जनता नाराज हो गयी है, अपराध बढ़ गया है और कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नही है। चाहे बलौदाबाजार की घटना हो, लोहारीडीह की घटना हो, पूरे प्रदेश में अपराधिक घटनायें हो रही है। दक्षिण विधानसभा उपचुनाव होने वाला है हम सब मिलकर चुनाव लड़ेंगे और हमारे कार्यकर्ता तैयार है और हमे जरूर सफलता मिलेगी।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल भंवरपुर के पालक संघ के निर्विरोध मनोनयन



**भंवरपुर।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल भंवरपुर में प्रशासन के निर्देशानुसार पालक संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों की निर्वाचन नियुक्ति हेतु पालक शिक्षक समिति बैठक रखा गया था, जिसमें सर्व सम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष तारा चन्द साहू, उपाध्यक्ष तरुण कुमार नायक, चंद्रमणि नायक, सिया राम चौधरी, सदस्य में लता भास्कर, उसत कुमार टंडन, परीक्षित ठाकुर, उर्मिला गहिर, दिव्यांजलि प्रधान, गायत्री चौधरी, नित्यानंद पटेल, भीखम साहू, मनप्रीत कौर सलूजा निर्विरोध चुने गए। उपस्थित समस्त पालकों के साथ पूर्व उपाध्यक्ष शशिकांत बारीक, स्कूल के प्राचार्य टी.के पटेल तथा समस्त शिक्षकों ने हर्ष जताते हुए नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दिया।



# प्रियंका चोपड़ा ने स्विट्जरलैंड में पूरा किया अपना बॉलीवुड सपना

प्रियंका चोपड़ा जोनस की गिनती बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों में होती है। उन्होंने अपने करियर में कई बड़ी हिट फिल्में दी हैं। उन्होंने कई तरह की फिल्मों में काम किया है। हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम पर स्टोरी पर साझा किया और बताया कि उन्होंने बर्फ में रोमांटिक तरीके से घूमने का अपना बॉलीवुड सपना पूरा किया है। हाल ही में अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो साझा किया। जिसे देखकर प्रशंसक वाह! कर उठे। साझा की गई क्लिप में वह बर्फ से ढकी जमीन पर खुशी से घूमते हुए देखा जा सकता है, जबकि बर्फबारी उनके वीडियो को सुंदर और सपने की तरह बना रही है। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 'क्रेन्स मोंटाना, एल्प्स, स्विट्जरलैंड में अपने बॉलीवुड सपनों को साकार करते हुए।'

प्रियंका चोपड़ा उन बॉलीवुड सितारों में से हैं, जिन्होंने अपनी सुंदरता और अभिनय के दम पर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक समय था जब उनके बाल लड़कों जैसे थे और वह टॉमबॉय थीं। कुछ दिन पहले, उन्होंने पुरानी यादें ताजा की और अपने पुराने दिनों के बारे में बात करते हुए कहा कि लड़कियों के लिए ग्रूमिंग चमत्कार कर सकती है। अपनी युवावस्था की एक तस्वीर और 2000 में मिस इंडिया जीतने के समय की अपनी 17 वर्षीय तस्वीर साझा करते हुए, उन्होंने एक लंबी पोस्ट लिखी।

## प्रियंका चोपड़ा का वर्क फ्रंट

प्रियंका चोपड़ा अक्सर भारत आती दौरे पर आती रहती हैं। हाल ही में वह अपनी बेटी मालती मैरी के साथ मुंबई आई थीं। वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं। अभिनेत्री के वर्क फ्रंट की बात की जाए तो वह 'हेड्स ऑफ स्टेट' और उसके बाद 'द ब्लफ' में नजर आएंगी।




# विद्या बालन से लेकर करीना कपूर तक, भूत का किरदार निभा चुकी हैं ये बॉलीवुड अभिनेत्रियां

बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई अलग-अलग विषयों पर बनी फिल्में प्रशंसकों को देखने के लिए मिलती हैं। इसके साथ ही हॉरर फिल्मों का भी काफी बोलबाला होता है। प्रशंसक अपनी पसंदीदा अभिनेत्रियों को भूत या चुड़ैल के रूप में देखकर भी काफी उत्साहित होते हैं। इस दिवाली बॉक्स ऑफिस पर फिल्म भूल भुलैया 3 रिलीज होने वाली हैं। फिल्म में विद्या बालन और माधुरी दीक्षित को भूतनी के रूप में दिखाया गया है। इन अभिनेत्रियों के अलावा भी बॉलीवुड की कई ग्लैमरस अभिनेत्रियां ऐसे ही डरावने किरदार निभा चुकी हैं।

## बिपाशा बसु



अभिनेत्री बिपाशा बसु बड़े पर्दे पर जितने बोल्ड अवतार में नजर आईं उतने ही डरावने किरदार भी निभा चुकी हैं। बिपाशा को साल 2015 में आई फिल्म अलोन में चुड़ैल के लुक में देखा गया था। बिपाशा ने अपने भूतीया अंदाज से दर्शकों को हरा दिया था।

## ईशा कोप्पिकर




अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर को उनकी मासूमियत के लिए लोग काफी पसंद करते हैं। ईशा फिल्मों में भूतनी का किरदार भी निभा चुकी हैं। उन्हें साल 2004 में आई फिल्म कृष्णा कॉटेज में डरावने किरदार में देखा गया था। इस किरदार के कारण ईशा सुर्खियों में रही थीं।


## करीना कपूर

अभिनेत्री करीना कपूर को तलाश फिल्म में एक भूतनी का किरदार निभाते देखा गया था। करीना कपूर खान के साथ इस फिल्म में रानी मुखर्जी और आमिर खान नजर आए थे। इस फिल्म में करीना ने अपने भूतियां अंदाज से काफी सुर्खियां बटोरी थीं।

## अनुष्का शर्मा

अभिनेत्री अनुष्का शर्मा को परी फिल्म में भूतनी के किरदार में देखा गया था। साल 2018 में आई फिल्म में अनुष्का अपने चुड़ैल के किरदार के कारण चर्चा में रही थीं। अपनी इस फिल्म के कारण अनुष्का काफी समय तक चर्चा में रही थीं।






# अरबाज खान-मलाइका अरोड़ा के बेटे अरहान खान जल्द करेंगे बॉलीवुड में डेब्यू?

**बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान ने अपने बेटे अरहान खान के बॉलीवुड इंडस्ट्री में भविष्य के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि अरहान अभी भी युवा है और अपने व्यक्तिगत विकास पर ध्यान दे रहे हैं। इसके साथ ही अरबाज ने इस बात से भी पर्दा उठाया कि कब उनके बेटे अहरान बॉलीवुड फिल्मों में नजर आ सकते हैं।**

## अरहान को लेकर अरबाज का नजरिया

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अरबाज ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि उनके बेटे अरहान को अभिनय में उतरने के लिए कम से कम एक या दो साल का समय और लगेगा। अरबाज ने कहा, मुझे यकीन है कि वह किसी और क्षेत्र में कदम रखने से पहले एक अभिनेता के रूप में उभरेगा।

## खुद को सख्त मां मानती हैं मलाइका


मलाइका अरोड़ा और उनके बेटे अरहान के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग है। मलाइका ने बेटे अरहान के साथ अपनी पेरेंटिंग को लेकर बताया था कि वह एक सख्त लेकिन दयालु मां हैं। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा था कि वह एक मां और एक दोस्त होने के बीच संतुलन बनाए रखने में विश्वास करती हैं। आगे मलाइका ने खुद को मजेदार और शांत स्वभाव वाली महिला बताया, लेकिन यह भी साफ किया कि वह एक अभिभावक के रूप में अपनी भूमिका के बारे में गंभीर हैं।

## अरबाज और अरहान में क्या है समानता

अरहान खान ने अपने टॉक शो दम बिरयानी के दौरान अपनी मां मलाइका से पूछा था कि वह अपने बेटे की अपने पिता अरबाज खान से समानता के बारे में क्या राय रखती हैं। दरअसल, अरहान ने मजाकिया अंदाज में पूछा कि उन्हें अपने पिता से कौन सी खूबियां विरासत में मिली हैं, जिनकी वह सराहना करती हैं या जिन्हें वह चुनौतीपूर्ण मानती हैं। इस पर मलाइका ने कहा कि अरहान के हाव-भाव अरबाज से मिलते-जुलते हैं, उन्होंने उनके व्यवहार में कई समानताओं की ओर इशारा किया, जैसे कि अपने कान और सिर खुजलाना। उन्होंने यह भी बताया कि अरहान में अपने पिता की तरह निष्पक्षता और निर्णय में स्पष्टता है, जो अरबाज के व्यक्तित्व को परिभाषित करते हैं।

मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान 2017 में तलाक से पहले 19 साल तक शादीशुदा थे। अलग होने के बाद, अरबाज ने पिछले साल मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी की, जबकि मलाइका अर्जुन कपूर के साथ रिलेशनशिप में थीं, जो अब खत्म हो गया।

# कातिल की भूमिका निभाना चाहते हैं शाहरुख



बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले अभिनेता शाहरुख खान ने पिछले साल 'पठान', 'जवान' और 'डंकी' जैसी लगातार हिट फिल्में दी। इन फिल्मों ने सिनेमाघरों में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और सराहना प्राप्त की। अभिनेता हमेशा अपने अभिनय और फिल्मों के चयन से दर्शकों और प्रशंसकों को चौंका देते हैं। वह हमेशा नयेपन की तलाश में रहते हैं। शाहरुख खान ने वादा किया है कि वे अपने परियोजनाओं के चयन से अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित करेंगे। फिलहाल वह सुजॉय घोष की किंग पर काम कर रहे हैं।

## किरदार पर विश्वास दिलाना चाहते हैं किंग खान

हाल ही में अभिनेता ने बताया कि वह किस तरह की भूमिकाएं निभाना पसंद करेंगे। लोकार्नो मीट्स पॉडकास्ट पर शाहरुख खान ने अभिनय के प्रति अपने दृष्टिकोण पर चर्चा की और कहा कि उनका काम दर्शकों को किरदार पर विश्वास दिलाना है, ना कि खुद उस पर विश्वास करना।

अभिनेता ने बातचीत के दौरान इस बात पर जोर दिया कि भावनात्मक दृश्य करने के बाद वह कई दिनों तक उस पर ध्यान नहीं देते हैं। इसके बजाय, वह इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि क्या उन्होंने भावनाओं को सफलतापूर्वक व्यक्त किया है और दर्शकों को इससे जोड़ा है।

## खलनायक की भूमिका निभाना चाहते हैं शाहरुख

शाहरुख ने अलग- अलग तरह की भूमिकाएं और चरित्र निभाने की इच्छा जाहिर की और इस बात पर जोर दिया कि वह स्टीरियोटाइप तक सीमित महसूस नहीं करते हैं। वह नायकों को बड़े पैमाने पर चित्रित करना पसंद करते हैं, लेकिन अपने अभिनय में नए रास्ते तलाशने के लिए उत्सुक हैं। हाल ही में, उन्होंने खलनायक की भूमिका निभाने की भी इच्छा जताई, उनका मानना है कि उनके पास भूमिका के लिए एक नया दृष्टिकोण है। पिछले साल एक्शन सीक्वेंस के साथ प्रयोग करने के बाद, अब वह एक हत्यारे की भूमिका निभाना चाहते हैं। हर दिन उनके मन में नए विचार आते हैं, जिन्हें वह निभाना चाहते हैं।



# दलपति 69 में इस किरदार में नजर आएंगे विजय!

साउथ सुपरस्टार विजय की आखिरी फिल्म दलपति 69 अपने एलान के बाद से ही सुर्खियां बटोर रही हैं। दर्शकों को फिल्म से जुड़ी जानकारियों का बेसब्री से इंतजार है। निर्माताओं ने एक-एक कर फिल्म के कलाकारों के नाम से पर्दा उठा दिया है और हाल ही में मुहूर्त पूजा के साथ फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। अभिनेता फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं, अब इस फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आई है। ऐसा लगता है कि सुपरस्टार एच विनोत द्वारा निर्देशित फिल्म में एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, थलपति विजय अभिनीत इस फिल्म में वह एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका में होंगे और इसकी अगली शूटिंग इस महीने अभिनेता-राजनेता द्वारा अपनी पार्टी की पहली कॉन्फ्रेंस मीट आयोजित करने के बाद होगी। हालांकि, निर्माताओं या फिल्म के अंदर किसी ने भी इसकी पुष्टि नहीं की है कि क्या फिल्म में अभिनेता एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका में होंगे। हाल ही में एक पूजा समारोह के बाद आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू हुई, इसलिए यह काफी चर्चा में है, क्योंकि यह अभिनेता की आखिरी फिल्म है। अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा संगीतबद्ध की जा रही इस फिल्म में हाल ही में एक डांस सीक्वेंस की शूटिंग की गई है। यह फिल्म कथ्थी, मास्टर, बीस्ट और लियो जैसी फिल्मों के बाद विजय के साथ अनिरुद्ध की पांचवीं फिल्म होगी। दलपति 69 के एक एक्शन-थ्रिलर होने की खबर है, जिसमें कुछ राजनीतिक एंगल भी शामिल होंगे। कुछ हफ्ते पहले फिल्म के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर एक पोस्टर के साथ इसका अनावरण किया था, जिसमें एक हाथ में जलती हुई मशाल थी। इसके अलावा, निर्माताओं ने फिल्म के मुख्य कलाकारों का भी खुलासा किया था, जिसमें बॉबी देओल, पूजा हेगड़े, प्रेमलु से ममिता बैजू, प्रियामणि, गौतम वासुदेव मेनन, प्रकाश राज और नारायण प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म पूजा हेगड़े की विजय के साथ मुख्य भूमिका में दूसरी बार काम करने वाली फिल्म भी होगी, इससे पहले उन्होंने बीस्ट में भी काम किया था। आखिरी बार विजय वेंकट प्रभु निर्देशित द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम उर्फ द गोट में मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आए थे । इस एक्शन से भरपूर पारिवारिक ड्रामा में विजय ने दोहरी भूमिका निभाई थी, जिसमें वह एक पिता और एक बेटे दोनों की भूमिका निभा रहे थे। इसके अलावा फिल्म में एक पोस्ट-क्रेडिट सीन भी शामिल है, जो द गोट बनाम ओजी शीर्षक के साथ संभावित सीक्वल की ओर इशारा करता है, हालांकि यह अभी भी साफ नहीं है कि यह सीक्वल वास्तव में बनाया जाएगा या नहीं।

# हॉलीवुड जाने की तैयारी में विजय वर्मा



बॉलीवुड फिल्मों में अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीतने वाले एक्टर विजय वर्मा अब लीड हीरोज में गिने जाते हैं। विजय वर्मा ने बॉलीवुड की कई हिट फिल्मों और सीरीज में काम किया है। विजय वर्मा हाल ही में डायरेक्टर अनुभव सिन्हा की नेटफ्लिक्स सीरीज IC-814 कंधार हाईजैक में अहम किरदार में नजर आए थे। अब विजय वर्मा बॉलीवुड के बाद हॉलीवुड का भी सपना देख रहे हैं। विजय वर्मा ने हाल ही में अपने हॉलीवुड डेब्यू को लेकर खुलासा किया है। विजय वर्मा ने वैराइटी मैग्जीन से बात करते हुए बताया, हॉलीवुड में जाने का ये सबसे बढ़िया समय है। अब सिनेमा में कलरब्लाइंड कास्टिंग होने लगी है। इसके कारण मौके काफी बढ़ गए हैं। इंटरनेशन मेकर्स भी बॉलीवुड के कलाकारों को मौका दे रहे हैं। मेरी कुछ मेकर्स से बात चल रही है। अगले साल की शुरुआत में मैं उम्मीद कर रहा हूं कि कुछ काम का मौका बन सकता है। लेकिन अभी मैं अपने पुराने प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हूं। विजय वर्मा ने अपने करियर की शुरुआत छोटे किरदारों से की थी। महज चंद सालों में विजय वर्मा ने बॉलीवुड में अपनी जमीन तलाशी है। साल 2010 में विजय वर्मा ने फ्लाइंग हाई नाम के प्रोजेक्ट्स से अपने करियर की शुरुआ की थी। इससे पहले कुछ यूट्यूब सीरीज और शॉर्ट फिल्मों में काम कर चुके थे। साल 2019 में आई सुपरहिट फिल्म गली बॉय में भी विजय वर्मा ने अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीता था। यहीं से विजय वर्मा स्टार बने थे। अब विजय वर्मा अपने हॉलीवुड डेब्यू की तैयारी में जुट गए हैं।

# लोगों की मांगों, शिकायत और समस्याओं का त्वरित निराकरण करना जनसमस्या निवारण शिविर का उद्देश्य : गोपाल वर्मा

## शासन-प्रशासन पहुंचे जनता के द्वार, कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम नेवारी में लगा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com






प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप ग्राम-कस्बो और वनांचल क्षेत्रों में जिला स्तरीय समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कबीरधाम जिले में ग्राम स्तर पर अक्टूबर माह से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर लगाने का काम शुरू हो गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्ग-दर्शन में कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम नेवारी में शनिवार 19 अक्टूब को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इसी तरह पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम बाघामुड़ा में 26 अक्टूर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम नेवारी में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में कुल 329 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मौके पर 242 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। 83 लंबित आवेदनों को संबंधित विभागों को निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष मती इंद्राणी दिनेश चन्द्रवंशी, उपाध्यक्ष डॉ विरेन्द्र साहू, नेवारी सरपंच नंदराम पाटिल आसपास के पंच-सरपंच और हजारों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कलेक्टर सहित मुख्यअतिथियों ने दीप प्रज्जलित कर शिविर का विधिवत शुभांरभ किया। कलेक्टर वर्मा ने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में लगाए गए विभागीय स्टॉल तथा सहाययता केन्द्र का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होने ग्रामीण जनों से संवाद का आवश्यक जानकारी भी ली। कलेक्टर वर्मा ने शिविर को संबंधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप ग्राम स्तर पर जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन कर शासन-प्रशासन को जनता के द्वार और उनके समीप लाना है। राज्य शासन का मंशा है कि ग्रामीण जन अपनी मूलभूत और बुनियादी सुविधाओं तथा राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन देने जिला स्तर पर संबंधित विभागों में जाना पड़ता है। ग्रामीणजनो को इससे उनके समय और धन दोनों की क्षति होती है। ग्रामीणों की सहुलियतों को ध्यान में रखते हुए विकासखण्ड स्तर पर जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण जनों आने मांग, शिकायत और समस्याओं से संबंधित आवेदन ग्राम स्तर पर शासन-प्रशासन को दे सके। कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर से ग्रामीणजन शासन-प्रशासन के करीब आएगा। हमें में ग्रामीण स्तर पर ग्रामीणजनों को होने वाली समस्याओं तथा उनके मांगों को जानने का माध्यम भी बन जाता है। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीणजनों को राज्य शासन द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान, स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाने की आवश्यकता है। कवर्धा जनपद अध्यक्ष इन्द्राणी चन्द्रवंशी ने कहा कि प्रदेश में पिछले कई वर्षों से ग्रामीण जनों की समस्याओं सुध लेने वाला कोई नही था, लेकिन जब से प्रदेश में विष्णुदेव की सरकार बनी है,

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपियों को भेजा गया जेल



पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

थाना डौण्डी के अपराध. क्रमांक 54/2024 धारा 420, 34 भादवि के प्रार्थी चंदर नुरूटी पिता लीलाराम नुरूटी साकिन ओड़गांव थाना डौण्डी द्वारा 08.09.24 को थाना उपस्थित होकर लिखित शिकायत पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्ष 2022 में वन विभाग में वनरक्षक एवं अन्य पदों पर भर्ती निकलने पर वन रक्षक पद पर नौकरी हेतु देवेन्द्र ठाकुर (घोटिया निवासी) के माध्यम से 4 लाख 70 हजार रूपये, हरेन्द्र नेताम एवं मदार खान उर्फ सलीम खान, प्रदीप ठाकुर को नौकरी लगाने के नाम पर दिया था और लगभग 70 लोगों के द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर अलग अलग राशि लगभग 3 करोड़ 70 लाख रू. उक्त व्यक्तियों को दिया गया आरोपी मदार खान उर्फ सलीम खान निवासी दुतकैइया थाना राजिम जिला गरियाबंद, हरेन्द्र नेताम निवासी आजाद चौक रायपुर, प्रदीप ठाकुर निवासी आजाद चौक रायपुर पर एफ.आई.आर. दर्ज कर कार्यवाही की जाने हेतु आवेदक के लिखित शिकायत आवेदन पेश करने पर आवेदक की रिपोर्ट पर थाना डौण्डी में अपराध क्र. 54/2024 धारा 420,34 भादवि कायम किया गया। प्रकरण के गंभीरता को देखते हुए एस.आर. भगत पुलिस अधीक्षक बालोद एवं अशोक कुमार जोशी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला बालोद एवं डॉ. चित्रा वर्मा नगर पुलिस अधीक्षक दल्ली राजहरा के निर्देशन में उपनिरीक्षक मनीष सेण्डे थाना प्रभारी डौण्डी व स्टॉफ एवं सायबर सेल की टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पूर्व में आरोपी मदार खान, प्रदीप ठाकुर, आरोपी हरेन्द्र नेताम को पूर्व में न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था। प्रकरण में विवेचना दौरान पीड़ितों से धोखाधड़ी करने में शामिल मुख्य आरोपी मदार खान की पत्नी फातिमा बी खान निवासी दुतकैया जिला महासमुद एवं आरोपी हरेन्द्र नेताम का पुत्र मयंक नेताम निवासी ग्राम मंगचुवा थाना गुरूर हॉल भिलाई को पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करने पर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है।

# एथेनॉल प्लांट को बंद करने को लेकर चल रहे आंदोलन 28 वां दिन भी जारी



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एथेनॉल प्लांट बंद करने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन 28 दिन भी शांतिपूर्ण जारी रहा और नित नए संकल्प के साथ एक एक दिन आगे बढ़ रहे है और अपनी हैसियत दिखाने 25 अक्टूबर को बेमेतरा कूच करेंगे। एथेनाल प्लांट के खुलने से विचलित पथर्रा सहित आसपास के 20-25 गांव के किसान प्रतिदिन अपनी ड्यूटी निभाने धरना स्थल पर निरंतर उपस्थिति दे रहे है। आंदोलन कारियों में ग्रामीणों में झूठा केस दायर करने की प्रशासन की रणनीति से भारी आक्रोश पनप रहा है।जो दिन प्रति दिन बढ़ता ही जा रहा है। किसानो का आरोप है कि प्रशासन द्वारा किसानों के विरुद्ध झूठा केस करने की पीछे रणनीति इस समय शांति पूर्ण आंदोलन में उकसावे के तहत है। इस बार बेमेतरा शहर में जमकर जन जागरण करने और जन समर्थन जुटा कर शासन प्रशासन के घेराव की रणनीति बना रहे है। इसके साथ ही इस समय आंदोलन कारी किसान अपने टेंट और माइक परमानेंट रूप से खरीद रहे है,जिससे कम खर्च में लंबे आंदोलन किया जा सके ।साथ ही प्रत्येक दिन किसान स्व फुर्ती रूप से अपनी ट्रैक्टर के साथ आस पास के गांव से धरना स्थल पहुंच रहे हैं। इसी का तहत इस समय ग्राम रांका और झलमला में जन जागरण यात्रा की जारी है।जिसमें किसान, महिलाएं और बच्चे युवा सभी बढ़ी संख्या में शामिल हैं

# डॉ अब्दुल कलाम की जयंती पर किया गया कलाम को सलाम कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




देश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले मुंबई में राजनीति की पाठशाला (गैर राजनीतिक संस्था) द्वारा भारत रत्न डॉ अब्दुल कलाम की जयंती पर आयोजित कलाम को सलाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां देशभर के अलग अलग क्षेत्रों में सामाजिक व राजनीतिक कार्य करने वाले हस्तियों को उनके कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित लोगो को आमंत्रित किया गया था। जिसमे अलग अलग दल से आये नेताओं ,उद्योगपती, प्रशासनिक अधिकारियों, प्रतिष्ठित वकीलों व बुद्धिजीवी वर्ग राजनीति की पाठशाला के मंच पर एकत्रित होकर कलाम को सलाम कार्यक्रम के माध्यम से देश के युवा पीढी को कलाम साहब के द्वारा देश मे किये कार्यो से अवगत कराते हुए डॉ.अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर देशभर से आये प्रतिष्ठित लोगो का सम्मान किया गया। व कई उभरते युवा वैज्ञानिकों को डॉ अब्दुल कलाम अवार्ड से सम्मानित किया गया साथ ही राजनीति की पाठशाला के छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में काम करने व राजनीति में सक्रिय रुप से शामिल होकर जनता के अधिकारों के लिए काम करने पर दल्लीराजहरा के श्याम जायसवाल को सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए श्याम जायसवाल ने राजनीति की पाठशाला के संस्थापक अजय पाण्डे, सहसंस्थापक धीरज शर्मा, प्रोग्राम व प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन रोमेश शर्मा, सह संस्थापक अमित द्विवेदी, संगठन महासचिव हरीश कुमार , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरेंद्र दुबे, राजबली मांझी, के साथ ही पूरे राजनीति की पाठशाला परिवार का आभार व्यक्त किया।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर कबीरधाम जिले के चार दिव्यांगजनों के सपनों को मिली उड़ान

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

ग्रामीण क्षेत्रों में सपने अक्सर परिस्थितियों की दीवारों से बंध जाते हैं। कबीरधाम जिले के चार दिव्यांगजनों ने अपने साहस और संघर्ष से एक नई कहानी लिखी है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से क्षितिज अपार संभावनाएं ने उन्हें एक नया अवसर दिया है, जिससे वे अपनी प्रतिभा और कौशल को पहचान सकें। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा विधायक कार्यालय में क्षितिज अपार संभावनाएं अंतर्गत जिले के 04 दिव्यांगजनों को 2 लाख 40 हज़ार रुपये सिविल सेवा प्रोत्साहन राशि का वितरण किया। जिले के चार दिव्यांगजनों ने इस सहायता से अपने जीवन में बदलाव लाने का निर्णय लिया है। क्षितिज अपार संभावनाएं योजनांतर्गत ग्राम इंदौरी निवासी संतोष कुमार डहरिया द्वारा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। जिस पर प्रदेश के संवेदनशील उपमुख्यमंत्री शर्मा द्वारा प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए समाज कल्याण संचालनालय के माध्यम से ग्राम इंदौरी निवासी दिव्यांग अभ्यर्थी संतोष कुमार डहरिया को छ.ग.लो.से.आयोग रायपुर द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र (उ.शि.वि.) परीक्षा-2022 की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं चयन होने के फ़लस्वरूप 80 हज़ार रूपये, ग्राम भरेवापूरन निवासी बीरेन्द्र अनंत को सहायक संचालक कृषि (कृषि विभाग) परीक्षा-2020 की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं चयन होने के फ़लस्वरूप 80 हज़ार रूपये, ग्राम कुम्ही निवासी भानु प्रकाश को राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2022 में उत्तीर्ण होने के फ़लस्वरूप 30 हज़ार रूपये और पंडरिया निवासी कृपेन्द्र तिवारी को राज्य सेवा परीक्षा-2021 में चयनित होने एवं सहायक संचालक, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के पद पर नियुक्त होने के फ़लस्वरूप 50 हज़ार रूपये प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया है।

# हरहुना किस्म का धान कटाई शुरु, सरकार 1 नवंबर से धान खरीदी शुरु करे : खिलेश मारकंडे

पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com



पाटन जनपद सदस्य खिलेश बबलु मारकंडे ने अपने एक जारी बयान में कह कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार किसान हितैषी होने का ढोंग कई बार कर चुकी है। इस साल भी समर्थन दर पर धान खरीदी के मामले में बयानबाजी शुरू हो गई है। हरुना धान पककर तैयार है और तैयार हो भी रही है। 30 अक्टूबर दिवाली के पहले बहुत से किसान अपनी शीघ्र पकने वाली धान की फसल मिंजाई कर घरों में रखे रहेंगे। राज्य के भाजपा सरकार की चतुराई देखिए की उन्हें मालूम है किसान अपनी बहुत सारी मिजी हुई फसल घर पर नहीं रख सकेंगे। क्योंकि जगह का अभाव रहेगा। चूहे और मवेशी परेशान करेंगे। बादल पानी का भी डर रहेगा। ऐसी स्थिति में हरुना धान ज्यादा बोने वाले किसानों को धान बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा। खिलेश मारकंडे ने आगे कहा कि किसान दिवाली में नगद नारायण के लिए मंडी में व कोचियों को धान बेचने मजबूर होंगे कृषि उपज मंडी संशोधन विधेयक द्वारा बाहरी लोग अब धान सीधा किसान से खरीद सकते हैं जिसमें विवाद की स्थिति भी अगर बनी तो सरकार बीच में नहीं आएगी ऐसे में मजबूरन किसान को बाहर धान बेचना पड़ेगा क्योंकि उन्हें मजदूरों का पैसा देने कर्ज छूटने हार्वेस्टर आदि के लिए नगद राशि की जरूरत होगी और वह मंडी में धान बेचने मजबूर होंगे। 15 नवंबर तक हजारों क्विंटल धान बाहर धान कोचिया के पास में बिक चुके होंगे। इससे सरकार को बड़ा फायदा होगा किसानों को घाटा होगा जो किसान धान बोए है। सेवा सहकारी समितियां में धान बेचने में आपाधापी होगी। क्योंकि भीड़ बढ़ेगी और इस भीड़ बढ़ने की चक्कर में खेतों में खड़ी फसल को कटवाने मिलजवाने में भी दिक्कत होगी। किसानों की इन सब परेशानियों को देखते हुए मारकंडे ने सरकार से सोसाइटीयों में धान खरीदी 1 नवंबर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं गोवर्धन पूजा के दिन से आरंभ करने की मांग की है। ठीक साथ ही उन्होंने यह भी मांग की है कि धान खरीदी की समाप्ति की तिथि भी 15 दिन आगे की जाए। क्योंकि इस साल छत्तीसगढ़ में विपुल उत्पादन की स्थिति दिख रही है साथ ही किसानों को भुगतान के लिए पैसों की व्यवस्था अग्रिम रूप से करने की सलाह दी है साथ ही हर एक पंचायत में सहकारी सोसायटी खोलने का जो वादा कर भाजपा शासन में आई है उसे जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है ।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्व. जलेशवर साहू के पिता घासी साहू को 5 लाख रुपए की अनुदान राशि का चेक प्रदान किया



पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम चारडोंगरी निवासी स्व. जलेश्वर साहू के पिता, विपत्तिग्रस्त घासी साहू को 5 लाख रुपए की अनुदान राशि का चेक प्रदान किया। चेक प्रदान करते समय उपमुख्यमंत्री ने अपनी संवेदना व्यक्त की और पिता को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष साहू, क्रांति गुप्ता, सुदर्शन साहू, जीतराम, दुपेश्वर साहू, रमेश साहू सहित अन्य परिजन उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि विगत माह जलेश्वर साहू की खेत में काम करते समय विद्युत तार की चपेट में आने से करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने मृतक के परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया था, जिससे प्रभावित परिवार को राहत मिली है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ है और वे हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने क्षेत्र के अन्य लोगों को भी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और सावधानी बरतने की सलाह दी।

# शरद पूर्णिमा पर मटका में हुआ लोकछाया के सांस्कृतिक कार्यक्रम




पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मटका में छत्तीसगढ़ की लोक गायिका छाया चंद्राकर का रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम मे बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किये। इस दौरान लोकगायिका छाया चंद्राकर ने अपनी सुरीली स्वर मे सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि हमारे देश की परंपरा रही है कि हम सब कोई भी उत्सव एक साथ मिलकर ही मनाते हैं और हमारे यहां इस तरह से सामूहिकता के साथ समाज में अच्छे कार्यों व उत्सवों को संकल्प के साथ मिलकर मनाने की परंपरा भी रही है। हमारे यहां समन्वय व सहयोग की भावना देश की आत्मा के रूप में प्रगट होती है जो व्यवहार के रूप में हमें वह दिखाई भी देता है। हम सब यहां पर शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर एकत्रित हुए हैं जिसमें एक समरसता का संदेश भी है। इसमें ईश्वरी किरणों के माध्यम से जो अमृत वर्षा होती है वह हम सभी के लिए स्वास्थ्यवर्धक है। इस दौरान कार्यक्रम मे अनिल यदु जनपद सदस्य, खूबी लाल ध्रुव, सरपंच, शत्रुहान यदु दानी साहू, पावन साहू, टीकाराम साहू, जीतेन्द्र यदु, द्वारिका ध्भ्रुव, धन्नू साहू,. दीपक साहू, धरम सिँह साहू, नेहरू साहू, पंचरम साहू, नरेश साहू, ओमकार साहू, महेतरू ध्रुव संचालक सहित आसपास क्षेत्रवासी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सटटा एक्ट के 1 प्रकरण में नगदी 11,000 रूपये मोबाईल एवं सटटा-पटटी, पेन जब्त

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सट्टा पट्टी के एक प्रकरण में एक आरोपी को गिरफ्तार कर 11000 सहित मोबाइल एवं सट्टा पट्टी जप्त किया गया पुलिस द्वारा जानकारी के अनुसार के 18.10.2024 को पुलिस चौकी संबलपुर स्टाफ को जरिये मुखबिर से सुचना मिला की ग्राम खेडा के ओमप्रकाश बघेल के द्वारा अपने घर दुकान के सामने आमजगह पर विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी अंक लिख रहा है कि सुचना पर पुलिस चौकी संबलपुर एवं साइबर सेल स्टाफपहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान एक आरोपी को विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखते पकडा गया। पुलिस चौकी संबलपुर थाना नवागढ में जुआ सट्टा का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी के विरूद्ध धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। आरोपी के पास से कुल जुमला नगदी रकम 11,000/- रूपये, मोबाईल कीमती करीबन 10,000/- रूपये एवं सट्टा-पट्टी, पेन जप्त किया गया हैं। प्रकरण में आरोपी ओमप्रकाश बघेल पिता फागुराम बघेल 44 साल ग्राम खेड़ा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना नवागढ प्रभारी उप निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, पुलिस चौकी संबलपुर प्रभारी सउनि रेशमलाल भास्कर, साइबर सेल प्रधान आरक्षक विनोद पात्रे, आरक्षक मोती लाल जायसवाल, इंद्रजीत पांडेय, मनोज यादव एवं अन्य स्टाफकी सराहनीय भूमिका रही।

# दीपावली पर्व को लेकर अग्निशमन अधिकारी की अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में सावधानी बरतने की अपील

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com




आगामी दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में बरती जाने वाली सावधानियों से संबंधित महत्वर्पण दिशा-निर्देश / एडवाइज़री जारी की गयी है। अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध सावधानी बरतने की अपील की। ज़िला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि व्यक्ति लायसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही पटाखे खरीदें, यह सुनिश्चित करें, कि आप गुणवत्ता वाले पटाखे खरीद रहे है जो दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने वाले हो। इमारतों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थों से दूर पार्क, बड़े मैदान जैसे खुले स्थानों में पटाखें जलाएं। पटाखे जलाते समय संभावित आपातकालीन स्थिति के लिये पानी की भरी बाल्टी निकट रखें और आग से संबंधित चोटों के जोखिम को कम करने के लिये सूती वस्त्र पहनने को प्राथमिकता दें। क्योकि सिंथेटिक कपड़े आसानी से आग पकड़ सकते है। पटाखे जलाते समय बच्चों की निगरानी के लिये हमेशा एक वयस्क साथ हो यह ध्यान रखें। ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सुरक्षा उपायों का पालन कर रहे है। पटाखे फोड़ने के बाद स्तेमाल किये गये पटाखों का बाल्टी के पानी में सुरक्षित तरीके से निपटान करें, ताकि किसी बची हुई चिंगारी से अग्नि दुर्घटना ना हो। उन्होंने कहा कि एक बार में एक ही पटाका जलाये, आग लगने की आशंका को देखते हुए एक साथ कई पटाखे जलाने से बचे।पटाखे में आग लगने के बाद उससे सुरक्षित दूरी रखें। पटाखे जलाते समय हमेशा हवा की दिशा को ध्यान रखे, जिससे की उसकी चिंगारी घरों या व्यक्तियों की ओर न उड़े। ज़िला सेनानी सिंह ने घर के अंदर, खिड़कियों के पास या अन्य बंद स्थानों पर कभी पटाखे ना जलाएं की सलाह दी। उन्होंने पटाखे जलाते समय ढ़ीले या लटकने वाले वस्त्र पहनने से बचे क्योंकि वे आसानी से आग पकड़ सकते है।ज्वलनशील पदार्थों के पास पटाखों का उपयोग न करें।

# पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा के जन्मदिन पर जरूरतमन्द परिवारों के मरीजों को किया रक्तदान : विकास तम्बोली



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा के जन्मदिन के अवसर पर नगर में पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं इष्ट मित्रो समर्थकों द्वारा विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य किये सिन्हा के अनुपस्थिति में भी नगर में समाचार पत्रों में फ्लेक्स में जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं मिलते रहे विधायक दिपेश साहू के उपस्थित में स्कूल के बच्चों को नेवता भोजन के रूप में पालकगण स्कूल स्टाफअधिकारी कर्मचारीयों को खीर पूरी मिठाई स्वादिष्ट भोजन कराया गया सभी बच्चों ने भाई विजय सिन्हा को खूब खूब बधाई दिये. सरल सहज मिलनसार खूब दिलेर व दबंग अध्यक्ष छोटे भाई व परम मित्र विजय सिन्हा के जन्मदिन के अवसर पर अपने साथियों के साथ विकास तम्बोली ने जरूरत मन्द गरीब परिवारों के मरीजों को 36 वीं बार रक्तदान किया सभी ने विजय सिन्हा के दीर्घायु स्वस्थ जीवन व उनकी इच्छाओं की पूर्ति के लिए कालिका माता से बिनती करते हुए पुनः जन्मदिन की ढेर सारी बधाई शुभकामनाएं प्रेसित किये सभी कार्यक्रमो में इष्ट मित्रों में विधायक दिपेश साहू,विकास दीवान भाजपा जिला उपाध्यक्ष,विकास तम्बोली जिला कार्यालय मंत्री व जिला संयोजक भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ, समाजसेवी व जिला सहसंयोजक राजेश शर्मा, भाजपा शहर मण्डल महामंत्री संतोष वर्मा,पिछड़ावर्ग मोर्चा शहर मण्डल अध्यक्ष कमलेश वर्मा,शहर युवामोर्चा मंत्री गोलू कोसले,पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर महामंत्री राकेश वर्मा, सरस्वती साहू महिला प्रमुख एनजीओ प्रकोष्ठ, सरोज सोनवानी, हेमचंद सोनवानी राकेश साहू नागेश शाण्डिल्य वैभव तिवारी दिनेश सिन्हा सहित लोग उपस्थित रहे।

# 6 जुआडियानो से नगदी रकम 6,720 रूपये एवं 52 पत्ती तास जब्त

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत दिनांक 18.10.2024 को थाना नवागढ क्षेत्रांतर्गत ग्राम समेसर स्ट्रीट लाईट के नीचे आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर थाना नवागढ पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें प्रकरण दर्ज कर 05 जुआडियानो कार्तिक चतुर्वेदी उम्र 50 साल, दीपक साहू उम्र 45 साल साकिनान साकिन छेरकापुर, अक्ष्य मिरचण्डे उम्र 22 साल, मनोहर दास वैष्णव उम्र 39 साल, राजेश कुमार मिरचण्डे उम्र 24 साल साकिनान समेसर थाना नवागढ जिला बेमेतरा, योगेन्द्र बंजारे उम्र 25 साल साकिन बैतलपुर थाना सरगांव जिला मुंगेली के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड़ से कुल जुमला नगदी 6,720/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है।

# जिले में साइबर जागरूकता पखवाड़े का समापन 3 लाख लोगों तक पुलिस की प्रत्यक्ष पहुंच

## जिला मुख्यालय में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रशांत मिश्रा व वित्त मंत्री की उपस्थिति में हुआ था वृहद जागरूकता कार्यक्रम

- पखवाड़े में आईजीपी डॉ. संजीव शुक्ला ने किया जागरूक हो जाओ सॉन्ग का विमोचन
- रायगढ़ पुलिस की अनवरत जागरूकता मुहिम सायबर सुबह, पुलिस जनचैपाल, चलित थाना रहेगी जारी

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com




पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर के निर्देशन पर 5 अक्टूबर से प्रदेश के सभी जिलों में साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। रायगढ़ जिले में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर रायगढ़ पुलिस तथा हेल्पिंग हैंड व अन्य सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुख्यालय एवं तहसीलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किये गए। इस पखवाडे का समापन आज जिला मुख्यालय के कमला नेहरू पार्क में आयोजित कार्यक्रम में किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे, डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह के साथ हेल्पिंग हैंड्स के प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, विन्नी सलूजा, रामनिवास मोड़ा, आशा बेरीवाल, अंजू बंसल मंचस रहे। एडिशनल एसपी करियारे ने अपने उद्बोधन में पखवाड़ा का अंतिम दिन बताये किन्तु जागरूकता क्रम को अनवरत जारी रखना बताया गया। एडिशनल एसपी ने वर्तमान समय हो रहे समसमायिक साइबर अपराधों की जानकारी देकर जागरूक रहने और लोगों को जागरूक करने की अपील की, रामगोपाल करियारे ने जागरूकता पखवाड़े में सहयोगी रहे सभी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, साइबर वॉलंटियर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और रायगढ़ के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ निरंतर सहयोग के लिए सभी का आभार प्रकट किये। हेल्पिंग हैंड के प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल ने समापन में सभी का आभार व्यक्त करते हुए रायगढ़ पुलिस का जन जन को जागरूक करने के लिए विशेष तौर पर साइबर सेल पुलिस टीम के हर सदस्यों की मेहनत की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

**साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा** -विदित हो कि 05 अक्टूबर को पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा जिले में पखवाड़े का शुभारंभ ऑटो रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। साइबर डीएसपी अभिनव उपाध्याय द्वारा हेल्पिंग हैंड क्लब फाउंडेशन के संरक्षक एवं प्रदेश पदाधिकारी व जिले के सक्रिय समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी की मीटिंग आयोजित कर इस जग में जागरूकता पखवाड़ा को सफल बनाने की रूपरेखा तैयार की गई। विदित हो कि 03 अक्टूबर से शरदीय नवरात्र हुआ जिला पुलिस ने शहर के सभी भीड़भाड़ वाले दुर्गा पंडाल, गरबा स्थलों, चैंक-चैराहों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। साइबर डीएसपी अभिनव द्वारा अपनी टीम व एनजीओ के साइबर वॉलिंटियरर्स के साथ शासकीय संस्थान कलेक्ट्रेट रायगढ़ तथा गैर शासकीय संस्थानों, स्कूल, कॉलेजों में भी धुआंधार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को वर्तमान में घटित हो रहे साइबर फ्रॉड शेयर मार्किंग, सेक्सटॉर्शन, डिजिटल अरेस्ट जैसे अपराधों से जागरूक किया गया। इसी क्रम में 07 अक्टूबर को कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल की अध्यक्षता में खरसिया तहसील में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 1000 से अधिक लोगों को साइबर अपराधों से जागरूक किया गया और साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। जागरूकता पखवाड़े में 10 अक्टूबर को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रशांत मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि ओपी चौधरी वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन की गरिमामयी उपस्थिति में रायगढ़ ऑडिटोरियम में वृहद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को भेजा जेल, कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



बीते 17 अक्टूबर को थाना कोतवाली में मूलतः जिला जांजगीर-चांपा की रहने वाली एक युवती द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई, जिसमें लक्ष्मीपुर, रायगढ़ के निवासी सम अजीत महंत पर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में शादी से इंकार करने के साथ मारपीट का आरोप लगाया गया है। थाना प्रभारी कोतवाली, निरीक्षक सुखनंदन पटेल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता के आवेदन पर उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। महिला प्रधान आरक्षक बसंती खुंटे को पीड़िता का विस्तृत बयान लेने और मामले की विवेचना करने का निर्देश दिया गया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि वह नवंबर 2021 में रायगढ़ में पढ़ाई के लिए आई थी। इस दौरान उसकी मुलाकात लक्ष्मीपुर के निवासी सम अजीत महंत से हुई। 20 जनवरी 2022 को आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसे युवती के किराए के मकान में शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। इसके बाद भी आरोपी ने शादी का वादा करके पीड़िता का शारीरिक शोषण जारी रखा। इस बीच, कई बार झगड़े और मारपीट के बाद, पीड़िता ने परेशान होकर अपना किराया मकान बदल लिया। पिछले तीन महीनों से आरोपी सम अजीत महंत शादी को लेकर बहाने बनाता रहा और 17 अक्टूबर की शाम को, जब पीड़िता घर के पास टहल रही थी, तब सम अजीत महंत ने आकर उससे मारपीट की और शादी करने से साफइंकार कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर, आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 69, 89 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। कोतवाली पुलिस की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी सम अजीत महंत (पिता मुन्ना दास, उम्ररू 29 वर्ष, निवासी लक्ष्मीपुर, थाना कोतवाली, रायगढ़) को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# पुलिस की बड़ी सफलता-अंध विश्वास के चक्कर में हुए दो कत्ल का हुआ पर्दाफाश, चार आरोपी हुए गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



जिले की पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर मर्डर मिस्ट्री का खुलासा किया है, तथा अंधविश्वास के चक्कर में गई दो जानों के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है,थाना बाराद्वार में 19.10.2024 को अपराध क्रमांक 260/2024 धारा 103 (1), 3 (5) बी एन एस के मामले में पुलिस ने सफलता अर्जित की है, अंधविश्वास ने ली दो सगे भाईयों की जान, बाराद्वार पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर किया अंधविश्वास में किये कत्ल का पर्दाफाश, ग्राम तांदुलडीह के चर्चित घटना का हुआ खुलासा-मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि ग्राम तांदुलडीह से सूचक संदीप सिदार पिता जयलाल सिदार ने 17.10.24 को थानें में सूचित किया कि सूचक की बडी मा फिरीत बाई का घर अंदर से बंद है. पूजा पाठ करने की आवाज आ रही है, सूचना पर मौके में पहुंचकर घर को खुलवाया गया जिस दरम्यान घर के अंदर अमरिका सिदार कुर्सी में बैठी थी, जमीन में फिरीत बाई, विशाल सिदार और चंन्द्रिका सिदार बैठे थे, घर के अंदर कमरें में बिस्तर पर सूचक के भाई विक्रम गोड और विक्की गोड अचेत अवस्था में लेटने की स्थिति में पड़े हुये थे। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से विक्रम और विक्की के शरीर को चेक कराने पर मृत होना बताये। मौके पर ही शून्य पर घाटना के सबंध में मर्ग पंजीबद्ध कर मृतकों के शव को अग्रिम परीक्षण हेतु जिला अस्पताल सक्ती भेजा जाकर नंम्बरी मर्ग थाना में कायम किया गया,मामले की संवेदनशीलता को देखते हुये पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज डा संजीव शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक जिला सक्ती अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन में त्वरित कार्यवाही करते हुये जिला अस्पताल सक्ती के डाक्टरों की टीम, एफएसएल टीम एवं पुलिस दल के साथ घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया।

# कृषक मवेशियों की तस्करी पर धरमजयगढ़ पुलिस की कार्रवाई, 66 मवेशियों को तस्करों से कराया मुक्त

## मौके पर गिरफ्तार 07 मवेशी तस्करों को पशुक्रुरता के अपराध में पुलिस ने भेजा जेल



पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशानुसार कृषक मवेशियों की तस्करी एवं क्रुता पर अंकुश लगाने के लिए थाना प्रभारीगण सूचनातंत्र को सक्रिय कर तस्करों पर नजर रहे हैं। इसी क्रम में, 17-18 अक्टूबर की रात थाना प्रभारी धरमजयगढ़, निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर को मोबाइल पर सूचना मिली कि कुछ मवेशी तस्कर भूखे-प्यासे कृषक मवेशियों को पैदल मारते-पीटते हुए ग्राम बोरो के जंगल से झारखंड की ओर ले जा रहे हैं। सूचना मिलने पर एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी धरमजयगढ़ और उनके स्टाफ ने तस्करों की पहचान करते हुए बोरो जंगल में घेराबंदी की। इस दौरान, 07 मवेशी तस्करों को पकड़ लिया गया। मौके पर सूचनाकर्ता गुरूचरण सिह राजपूत वार्ड नं. 08 पतरापारा धरमजयगढ़ और गवाह मौजूद थे, जिनके समक्ष आरोपियों के कब्जे से कुल 66 नग कृषक मवेशियों को बरामद किया गया। इन मवेशियों की विधिवत जप्ती कर पशु चिकित्सक से उपचार कराया गया।

# बुधवारा बाई थवाईत के निधन पर प्रेस क्लब चांपा ने दी श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com

थवाईत समाज के प्रतिष्ठित नागरिक कदम चौक चांपा निवासी जगदीश थवाईत, अनंत थवाईत व संतराम थवाईत की पूज्यनीय माता बुधवारा बाई थवाईत उम्र 90 वर्ष के दुःखद निधन पर उनके आवास पहुंचकर प्रेस क्लब चांपा के अध्यक्ष सहित सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे तथा शोक संतृप्त परिवारजनों को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने हेतु प्रार्थना की गई। बुधवारा बाई थवाईत का 11 अक्टूबर 2024 को निधन हो गया था। इस श्रद्धांजलि सभा में प्रेस क्लब चांपा के अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा, सचिव मूलचन्द गुप्ता, कोषाध्यक्ष विक्रम तिवारी तथा परिवार जन मौजूद रहे।

# 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, थाना डभरा पुलिस की लगातार कार्यवाही




पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक महोदय अंकिता शर्मा (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल (रा.पु.से.), एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चंद्रपुर / डभरा अंजली गुप्ता (रा.पु.से.) के द्वारा क्षेत्र में हो रहे, अवैध जुओं, सट्टा, शराब और नशीले मादक पदार्थों पर रोकथाम के लिए दिये गए कड़े निर्देश के परिपालन में थाना प्रभारी डभरा के द्वारा थाना क्षेत्र मे मुखबिर तैनात किया गया था। घटना 20.10.2024 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति सफेद रंग की बोरी में कच्ची महुआ शराब लेकर बिक्री करने हेतु बरभाठा तरफ से पैदल नवापारा (ड) की ओर जा रहा है। कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही करने पर आरोपी राधेश्याम सिदार पिता छवरा सिदार उम्र 32 वर्ष साकिन नवापारा (ड) के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 377/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर 20.10.2024 को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डभरा निरीक्षक प्रवीण राजपूत के नेतृत्व में प्र. आर. रमेश कुमार चन्द्रा, आर, धनेश्वर दिवाकर, मानसिंह कुर्रे, सुरज प्रताप, मिरीश साहू का विशेष योगदान रहा।

# जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने की पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



बस्तर के पत्रकार बप्पी राय, निशु त्रिवेदी, मनीष सिंह और धर्मेंद्र सिंह को अवैध गांजा प्रकरण में षड्यंत्र पूर्वक फंसाने को लेकर आक्रोशित छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश एवं ओडिसा के पत्रकारों ने धरना प्रदर्शन कर देश के गृहमंत्री अमित शाह के नाम सुकमा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बप्पी राय सहित सभी साथियों की ससम्मान रिहाई और संलिप्त दोषियों के खिलाफ सीबीआई जाँच की माँग की,बस्तर संभाग के सुकमा जिला मुख्यालय मे संयुक्त बस्तर पत्रकार संघर्ष समिति द्वारा 16 अक्टूबर को विशाल धरना प्रदर्शन किया गया।

जिसका पूर्ण समर्थन छत्तीसगढ़ के पत्रकार संघों की संयुक्त समिति संयुक्त पत्रकार महासभा ने किया। साथ ही इस विशाल धरना में छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं उड़िसा के पत्रकार संगठनों ने उपस्थित होकर इस आंदोलन में अपनी सहमति जताई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष राज गोस्वामी, छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम, पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव, प्रेस एंड मीडिया वेलफेयर एसोसिऐशन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज पांडे, पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष सेवकदास दीवान, इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष पी सी रथ, आदर्श पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीश लालादानी, प्रेस एंड मीडिया वेलफेयर एसोसिऐशन के कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र जायसवाल, छग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के महासचिव बी डी निजामी, संयुक्त पत्रकार सुरक्षा समिति के संयोजक कमल शुक्ला, सुधीर तंबोली आजाद, बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुरेश रावल, सचिव धर्मेन्द्र महापात्र, छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ के बस्तर संभागीय अध्यक्ष संजीव पचौरी, प्रदेश सचिव मनीष शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य उत्तम तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार अर्जुन झा, मनीष गुप्ता, हरजीत सिंह पप्पू, तिलका साहू रायपुर, सुनिता सिंह, सुकमा से लीलाधर राठी एवं शेख मकबूल, पीसा राजेंद्र,दिनेश सोनी,राहुल सेन,संजय लिखितकर,मुर्गेश शेट्टी, हिमांशु संघाणी, तामेश्वर साहू सहित मलकानगिरी (उड़ीसा) प्रेस क्लब अध्यक्ष शिव प्रसाद दास, ओ पी कृष्ण पटनायक,चित्तुर से जानी बाबू के साथ तेलंगाना एवं आंध्रा पत्रकार संघ के पदाधिकारी ने सभा को संबोधित किया।

# दिनदहाड़े घर घुसकर हजारों रुपए के गहनों की चोरी अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com




कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम में दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर हजारों रुपए के जेवर की चोरी का मामला सामने आया है। प्रार्थी के मुताबिक करीब 6 लोगों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया है। जिसमें से एक युवक बाहर खड़ा था और बाकी 5 लोग घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे थे। इस दौरान अचानक घर मालिक को आता देखकर सभी आरोपी वहां से फरार हो गए। जिसके बाद इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की पड़ताल शुरू कर दी है। इस घटना के बारे में रिर्पोटकर्ता ने बताया है कि ग्राम सुपकालो में रहता हूं, खेती किसानी का काम करता हूं। 16 अक्टूबर को सुबह करीब 09 बजे घर में ताला लगाकर पूरे परिवार के साथ खेत में काम करने गये थे। खेत से काम करके वापस आने पर लगभग दोपहर साढ़े 12 बजे घर से कुछ दूरी पर दो मोटर सायकल खड़ा था। एक मोटर सायकल में बैठ कर एक व्यकित मोबाईल में बात कर रहा था। जो मेरे को घर आते देखकर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे अज्ञात 05 व्यक्ति निकल कर भाग गये। जब मैं घर अंदर घुस कर देखा तो अलमारी का ताला टूटा हुआ था और अलमारी में रखे 30 हजार रूपये समेत जेवर तथा कुछ कांस बर्तन और कांस लोटा 07 नग पायल 05 जोड़ी, 02 माला 01 हार, अंगुठी 10 जोड़ी, 01जोड़ी फूली, मंगलसूत्र किमती 20 हजार रूपये जुमला किमती 50,000 रूपया को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया हैं।

## 07 नग लोहे का ड्रीलिंग पाइप की चोरी, सुपरवाईजर ने थाने में लिखाई रिपोर्ट

**रायगढ़।** रायगढ जिले के बर्रा में स्थित महेश्वर माईनिंग से हजारों रूपये का लोहे का ड्रीलिंग पाइप चोरी चले जाने के मामले में पीड़ित सुपरवाईजर की रिपोर्ट के बाद खरसिया पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खरसिया थाना पहुंचकर संजय तन्तुबाई ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह जिला पुरूलिया थाना कुलगोडा का रहने वाला है और वर्तमान में जोबी चैकी क्षेत्र में रहते हुए महेश्वर माईनिंग में सुपरवाईजर का काम करता है। सुपरवाईजर ने बताया कि वेदांता कोल ब्लाक बर्रा में ड्रीलिंग साईड बर्रा में ड्रीलिंग मशीन लगाकर ड्रीलिग सर्वे कार्य चल रहा है। 17 अक्टूबर की देर रात अज्ञात चोरों ने 07 नग लोहे का ड्रीलिंग पाइप को लेकर फरार हो गए। चोरी गए लोहे के ड्रीलिंग पाइप की कीमत लगभग 28 हजार रूपये बताई जा रही है। बहरहाल सुपरवाईजर की रिपोर्ट के बाद खरसिया पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफधारा 303 (2) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

## इस त्योहार मिट्टी के दिये व लोकल मार्केट के बढ़ावा देने हेतु किया गया जागरूक

# वेल विशर फाउंडेशन द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल व ऋषभ महाविद्यालय में किया जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




इस त्योहार मिट्टी के दिये व लोकल मार्केट के बढ़ावा देने हेतु किया गया जागरूक। समाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन द्वारा नगर के स्वामी आत्मानंद स्कूल व ऋषभ महाविद्यालय में लोकल मार्केट व मिट्टी के दिए को बढ़ावा के लिए जागरूकता अभियान किया गया।वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा कि त्यौहार खुशियां बाटने का होता है।

एक तरफ हम लोग अपने अपने घरों में बहुत बढ़िया से त्यौहार मनाते है वही दूसरी ओर हमारे कुम्हार भइयो का त्यौहार फीका रहता है।हमे चाहिए कि हम भी उनका सहयोग करे और अधिक से अधिक मिट्टी के दिये खरीद कर कुम्हार भाइयों को खुशियां दे, और ऑनलाइन शापिंग के बजाए अपने लोकल व्यपारी भइयो से ही खरीदी करे। जब भी दुर्गा उसत्व गणेश उत्सव आदि समय पर हम लोकल व्यपारियो से चंदे लेते है पर जब खरीदारी की बात होती है तो हम आजकल ऑनलाइन को महत्व देते है ये कितना सही है।वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा ने कहा कि कुम्हार भइयो द्वारा बड़ी मेहनत से व बहुत आशा से मिट्टी के दिये बनांते है उन्हें ये आस रहती है कि इस बार लोग जरूर अधिक मात्रा में दिए लेंगे हम इस आधुनिक समय मे अपने परंपरा गत चीजो का उपयोग बहुत कम कर दिए है। हमे इन चीजों का उपयोग अधिक से अधिक करना चाहिए। हमारे संस्था द्वारा लगातार विगत कुछ वर्षों से इस मुहिम को चलाया जा रहा है।और आगे भी चलाते रहेंगे ताकि कुम्हार भइयो की मेहनत व हमारी परंपरा व्यर्थ न हो, और हर पर्व पर हमारे लोकल व्यपारी हमेशा हमारे साथ खड़े रहते है तो हमारा बहु फर्ज है हम भी उनका साथ दे व लोकल मार्केट को बढ़ावा दे। संस्था की कोषाध्यक्ष रंजना सिंह ने बच्चो से अपील की है अपने अपने सोशल मीडिया पर इस मुहिम को स्थान दे और अधिक से अधिक लोगों तक है मैसेज पहुच सके। साथ अपने परिवार व दोस्तो को भी मिट्टी के दिये और लोकल मार्केट को बढ़ावा देने की अपील की है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल व ऋषभ महाविद्यालय के प्रबंधक समस्त व स्टाफ का आभार करते हुए उनको भी मिट्टी के दिये का उपयोग व लोकल मार्केट को बढ़ावा देने को कहा। कार्यक्रम में वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह, सचिव चिराग शर्मा कोषाध्यक्ष रंजना सिंह सदस्य मोहन सिंह कश्यप, शरद सिंह, सौरभ सिंह, सतीश मानिकपुरी, प्रेम निर्मलकर, गौतम साहू व स्वामी आत्मानंद स्कूल व ऋषभ महाविद्यालय के स्टॉफ उपसिथत थे।

# जिला स्तरीय महिला खेल में भारद्वाज करेगी जिले का प्रतिनिधित्व



**जैजैपुर।** विकासखंड स्तरीय महिला खेल में बैडमिंटन सिंगल में कल्पना भारद्वाज डबल में कल्पना भारद्वाज और विनीता कुमारी चंद्र प्रथम रही आगामी जिला स्तरी महिला खेल में जैजैपुर विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी इसकी उपलब्धि में प्राचार्य एम. लकड़ा, सोनल दिग्रस्कर, दीक्षा चंद्रा, देवेंद्र श्रीवास, सुरेश पटेल,अमन, प्रतिभा, गुलशन, करन, सूरज, निधी, जानवी ने हर्ष व्यक्त किया उज्जवल भविष्य करना की।

# एनेस्थेसिया विशेषज्ञ की कमी जल्द होगी दूर : स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

## स्वास्थ्य मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसडोल का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com



प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बलौदाबाजार जिला प्रवास अंतर्गत कसडोल पहुंचकर शहीद संतराम साहू स्मृति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जायसवाल ने अस्पताल में एनेस्थेसिया विशेषज्ञ की कमी को जल्द दूर करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को डीएमएफ मद से भर्ती करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, ओपीडी, आईपीडी, पोषण पुनर्वास केन्द्र, डेंटल, फिजियोथिरेपी, पैथोलॉजी लैब, एक्सरे कक्ष, ट्रामा सेन्टर, ऑफिस, एनआरसी का निरीक्षण किया एवं वार्ड में भर्ती मरीजों का हाल-चाल जाना। उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई एवं मरीजों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर संतुष्टि जाहिर की। स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सकों एवं अन्य स्टॉफ को सेवा भावना से मरीजों की बेहतर देखभाल करने के निर्देश दिए। बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन 200 ओपीडी, 35 आईपीडी, हर माह 55 डिलीवरी, प्रतिदिन 350 जाँच, प्रतिदिन 35 दंत रोग उपचार तथा प्रतिदिन 25 फिजियोथिरेपी की जा रही है। अस्पताल में 3 विशेषज्ञ चिकित्सक, 5 चिकित्सा अधिकारी सहित कुल 54 अधिकारी - कर्मचारी पदस्थ हैं। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सरकारी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय सक्ति में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में प्रशांत कुमार शिवहरे (प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश) बी.आर .साहू (द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश) रहे, कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के तल चित्र के पूजा अर्चना से की गई। उसके पश्चात दोनो न्यायधीश के द्वारा आर.टी.ओ, पास्को एक्ट, साइबर एक्ट, कानूनी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से चर्चा की गई चर्चा के बाद विभिन्न छात्राओ के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी उत्तर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राध्यापक विजय देवांगन द्वारा अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ग्रंथपाल विनोद खूंटे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशुतोष तिवारी, टी.आर जायसवाल, प्रो. रेणुका यादव, प्रो. राजलक्ष्मी सिंह, प्रो. रमा पाठक, प्रो. किरण कश्यप, प्रो नीतू चौहान, प्रो तलेश्वरी चंद्रा, प्रो. शशि कमलेश, प्रो. वनवासी राम, प्रो. विकास स्वर्णकार, प्रो. आकाश यादव, प्रो. ईश्वर पंकज, प्रो. संजीव एवं बड़ी संख्या में छात्राए उपस्थित थी।

# जशपुर में मोतियाबिंद ऑपरेशन से बदली जीवन, 94 मरीजों को मिली नई रोशनी, अब तक 1105 मरीजों का सफल हुआ ऑपरेशन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिला में मोतियाबिंद मुक्त अभियान अंतर्गत 19 एवं 20 अक्टूबर को 94 मोतियाबिंद मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया। जिसमें जिला चिकित्सालय जशपुर मे 60 तथा सिविल अस्पताल पत्थलगांव मे 34 मरीजों का सफलतम सर्जरी विजिटिंग सर्जन डॉ. मधुरीमा पैंकरा जिला चिकित्सालय कोरिया, डॉ. रजत टोप्पो जिला चिकित्सालय अंबिकापुर एवं स्थानीय नेत्र सर्जन डॉक्टर अनिता मिंज, सिविल अस्पताल पत्थलगांव एवं डॉ.सी.पी. एक्का जिला चिकित्सालय जशपुर के द्वारा किया गया। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन मे मोतियाबिंद सर्जरी का शिविर प्रत्येक सप्ताह विजिटिंग एवं स्थानीय सर्जन द्वारा ऑपरेशन का संपादन किया जा रहा है जिसके तारतम्य में आगामी शनिवार 26 अक्टूबर को सिविल अस्पताल पत्थलगांव एवं जिला चिकित्सालय जशपुर मे मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. घनश्याम सिंह जात्रा ने बताया की इस अभियान के तहत जिला चिकित्सालय एवं सिविल अस्पताल पत्थलगांव मे मोतियाबिंद सर्जरी हो रहा है जिसमे पात्र मरीजों का सफल सर्जरी किया जा रहा है इस अभियान मे अब तक इस वित्तीय वर्ष मे 1105 मरीजों का निःशुल्क शुल्क ऑपरेशन किया जा चुका है जिसमे मरीजों को निःशुल्क परिवहन, भोजन तथा सर्जरी की सुविधा प्रदाय किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने आम जन मानस से अपील कर इस निर्धारित दिवसों मे अधिक से अधिक लाभ उठाने का अपील किया है तथा मोतियाबिंद सर्जरी संबंधित जानकारी के लिए जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर आर एस पैंकरा तथा जिला प्रभारी सलाहकार सत्येंद्र यादव का हेल्प लाइन नम्बर 9131318933, 9340797400 जारी कर शिविर की तिथि आदि की जानकारी हेतु सम्पर्क करने का भी अपील किया है। इसके अतिरिक्त विकासखंड चिकित्सा अधिकारी तथा नेत्र सहायक अधिकारियों से भी सम्पर्क किया जा सकता है। इस अभियान मे लोगों के द्वारा स्वयं जागरूकता दिखाई जा रही है तथा जनजागरूकता एवं सफल शिविर हेतु स्वास्थ्य अधिकारी, कर्मचारियों एवं मितानिनों का अहम योगदान रहा है।

# मुंहखुर बीमारी: बचाव के लिए टीकाकरण अभियान सोमवार से : खुडिडयां

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार द्वारा पशुओं को मुंहखुर (एफ .एम.डी.) बीमारी से बचाने के लिए 21 अक्टूबर से राज्य भर में पशुओं का व्यापक टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। इस टीकाकरण अभियान के सुचारू और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कुल 816 टीमें गठित की गई हैं। पंजाब के पशुपालन, डेयरी विकास और मत्स्य पालन मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने रविवार को बताया कि इस व्यापक टीकाकरण अभियान के लिए एफ.एम.डी. वैक्सीन की कुल 65,47,800 खुराकें उपलब्ध करवाई गई हैं। गुरमीत सिंह खुडिडयां ने विभाग के अधिकारियों को इस टीकाकरण अभियान को नवंबर के अंत तक पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि मुंहखुर रोकने वाले टीकाकरण अभियान के तहत राज्य के सभी पशुधन को मुफ्त में वैक्सीन लगाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को कोल्ड चेन के प्रभावी प्रबंधन को सुनिश्चित करने के साथ-साथ पशुपालकों को टीकाकरण अभियान के फायदों के बारे में जागरूक करने के लिए भी कहा। पशुपालन, डेयरी विकास और मत्स्य पालन विभाग के प्रमुख सचिव राहुल भंडारी ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा सभी जिलों में वैक्सीन का वितरण किया जा चुका है। इसके अलावा, राज्य भर में टीकाकरण अभियान के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए एन.आर.डी.डी.एल, जालंधर के संयुक्त निदेशक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# शंकरा अस्पताल काशी को स्वास्थ्य हब के रूप में स्थापित करने में होगा सहायक : योगी

पायनियर संवाददाता ◄ वाराणसी
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के काशी में आर जे शंकरा नेत्र चिकित्सालय के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह अस्पताल काशी को स्वास्थ्य हब के रूप में स्थापित करने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम को कांची काम कोटि के जगतगुरू शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती की मौजूदगी में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में काशी में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जबरदस्त काम हुआ है। ढाई हजार करोड के स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास के काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मार्ग दर्शन में काशी में 10 वर्षों में स्वास्थ्य के साथ साथ विकास और शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ा काम हुआ है। योगी ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ साथ बिहार और आस पास के क्षेत्रवासियों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। इस दौरान जगद्गुरू शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार सुरक्षा और सुविद्या के लिएकाम कर रही है। यह सरकार विश्व में एक उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। देश में काफी उन्नति और प्रगति हो रही है तो इसका कारण है कि देश में अच्छे नेता हैं और सबको जोडने वाले नेता के रूप में मोदी काम कर रहे हैं। वह ईश्वर की कृपा और संतों आर्शीवाद से जनता कीसेवा के काम में लगे हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार आमजन के साथ पशुओं के लिए भी उदारचित्त होकर काम कर रही है। महामारी में जन सामान्य को सरकार ने अन्न मुहैया कराया और जन कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। जगदुरू शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती ने कहा कि देश में बौधिक विकास के साथ धर्म और संस्कृति का विकास भी जरूरी है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूपी के उनके साथी योगी जी पूरा सहयोग दे रहे हैं। देश के उज्जवल भविष्य के लिए दोनों मिलकर काम कर रहे हैं। देश का भविष्य उज्जवल होगा तो दुनिया में शांति होगी और देश विश्व गुरू के रूप में स्थापित हो पायेगा।

# नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराएं : कलेक्टर

## कलेक्टर अवनीश शरण ने स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की गहन समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





कलेक्टर अवनीश शरण ने स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के कामकाज की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिला स्वास्थ्य समिति की भी बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए महाअभियान चलाए। ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी 31 दिसंबर तक सभी पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बना लिया जाए। इसमे किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने कहा। कलेक्टर ने सीएचसी रतनपुर और तखतपुर में 20 नवंबर तक हर हाल में सोनोग्राफी की सुविधा शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इससे ग्रामीणों को अपने क्षेत्र में ही सोनोग्राफी की सुविधा मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि पोषण पुनर्वास केन्द्र में एक भी बेड खाली न रहे। बच्चों की सूची प्राथमिकता से पहले ही बनाकर रखें। जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने लगभग साढ़े 3 घंटे तक स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों, डॉक्टरों सहित मैदानी अमले की बैठक लेकर योजनाओं में प्रगति की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने पीएचसी एवं सब हेल्थ सेंटर में प्रसव की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। संस्थागत प्रसव की कम दर पर असंतोष जताते हुए इसे बढ़ावा देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सबसे पहले स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की विस्तार से समीक्षा की। मोतियाबिंद मुक्त बिलासपुर के लिए चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा की और इसकी प्रक्रिया जल्द पूरा करने कहा। मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु का अंकेक्षण उचित रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने पर संबंधित सुपरवाईजर सेक्टर इन्चार्ज एवं डीपीओ को गणतंत्र दिवस पर प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर जल्द भर्ती करने के निर्देश दिए। भवनविहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री मातृवंदन योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने कहा ताकि महिलाएं इसका लाभ ले सके। कलेक्टर ने जिले में कुपोषण की जानकारी लेते हुए अब तक किए गए प्रयासों की समीक्षा की। कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं को सही पोषणयुक्त भोजन देने पर जोर दिया। उन्हें आंगनबाड़ी केन्द्रों तक लाने सामुदायिक जागरूकता के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। पोषण ट्रैकर मानिटरिंग एप्प के जरिए कुपोषित बच्चों की सतत निगरानी करने कहा। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान, प्रभारी सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी, सिविल सर्जन अनिल गुप्ता, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुरेश सिंह, डीपीएम प्यूली मजूमदार, सहित दोनों विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# मेगा हेल्थ कैंप-शक्ति के सामुदायिक भवन में 5 नवंबर को होगा स्वास्थ्य जांच शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



शहर के गौरव पथ मार्ग स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार सामुदायिक भवन में 5 नवंबर को मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन होने जा रहा है, इस मेगा हेल्थ कैम्प में जहां विभिन्न प्रकार के रोगों के चिकित्सक उपस्थित होकर चिकित्सा परामर्श देंगे तो वहीं यह मेगा हेल्थ कैंप पूर्ण रूप से निशुल्क होगा,जो कि शक्ति शहर के प्रियंका मोबाइल के संचालक रहे स्व. संतोष अग्रवाल की स्मृति में उनके सुपुत्र राहुल अग्रवाल, रितेश अग्रवाल एवं खरकिया परिवार द्वारा आयोजित किया जा रहा है। 05 नवम्बर 2024 दिन-मंगलवार को सुबह 10 बजे शाम 5 बजे तक शक्ति शहर के गौरव पथ मार्ग में स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार सामुदायिक भवन में किया गया है। इस शिविर में एम.जी.एम. नेत्र संस्थान रायपुर एवं अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के ख्यातिनाम चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा आगंतुक मरीजों का उपचार कर उन्हें चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया जाएगा, यह शिविर राजकुमार अग्रवाल राजू, रितेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल एवं समस्त खरकिया परिवार सक्ती द्वारा आयोजित है,एवम इस शिविर में बी.पी., शुगर एवं ब्लड टेस्ट की निःशुल्क सुविधा भी प्रदान की जाएगी, स्व. संतोष अग्रवाल की स्मृति में आयोजित इस चिकित्सा शिविर को लेकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जा रहा है, निःशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिन्द जाँच एवं स्वास्थ्य शिविर में डॉ. अभिषेक कौशले (एमबीबीएस सिम्स, एमडी मेडिसिन), डॉ. अमोल पड़ेगांवकर (एमएसडीएनबी सर्जिकल ऑकालॉजी, सलाहकार व चिकित्सा विशेषज्ञ, अपोलो कैंसर सेंटर, बिलासपुर), डॉ. व्ही अरविन्द, एमसीएच न्यूरो सर्जरी, ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी विशेषज्ञ), डॉ. योगेश कोटवानी (डीएनबी गंगाराम हास्पिटल, कान नाक गला वर्टिगो, चक्कर विशेषज्ञ), डॉ. मंदार गोकटे (मधुमेह व हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. आकाश गर्ग (लीवर रोग विशेषज्ञ), डॉ. आशुतोष कुमार जायसवाल (बीडीएस डेंटल सर्जन) जैसे ख्यातिलब्ध चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा मरीजों को उचित उपचार व मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस शिविर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों के लिए मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन की पूरी व्यवस्था की गई है, मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए पूरी तैयारी के साथ आना और ऑपरेशन के लिए राशन कार्ड एवं आधार कार्ड साथ में लाना भी अनिवार्य है। आने जाने और रहने के साथ ही भोजन की निःशुल्क व्यवस्था भी की गई है, शिविर में पहुंचे मोतियाबिंद के मरीजों की आंखों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क बस सेवा के माध्यम से रायपुर स्थित एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जाएगा, जहां मोतियाबिंद के ऑपरेशन और चिकित्सकों के परामर्श उपरांत पुनः निःशुल्क बस सर्विस के द्वारा मरीजों को उनके आयोजन स्थल तक पहुंचाया जाएगा, आयोजनकर्ताओं द्वारा मरीजों के रूकने, आने-जाने, भोजन आदि की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

# बेगलेस डे पर साइबर जागरूकता शपथ ग्रहण का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में बगलेस डे पर संस्था के प्रधान पाठक रामेश्वर प्रसाद बंजारे ने बच्चों को साइबर क्राइम और उनसे बचाव के बारे में बताया एवं सभी शिक्षकों व बच्चों के साथ साइबर जागरूकता शपथ ग्रहण किया। बेंगलेस डे पर पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर रेणुका अग्रवाल द्वारा क्विज कंपटीशन करवाया गया। तथा बच्चों से उनके जीवन पर चर्चा की गई तथा बच्चों ने दिवाली अवसर पर डोर डेकोरेशन भी किया। इस अवसर संस्था के प्रधान पाठक रामेश्वर बंजारे व सभी शिक्षकों ने सभी बच्चों के कक्षा का निरीक्षण कर उनका मनोबल बढ़ाया।

# टीबी को खत्म करने के लिए रोडमैप पर हुई चर्चा

पायनियर संवाददाता ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन लक्ष्यों को मजबूत करने के लिए, राज्य क्षय रोग सेल तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम)-हिमाचल प्रदेश ने द यूनियन अगेंस्ट ट्यूबरकुलोसिस के सहयोग से शनिवार को शिमला में एक मीडिया सहभागिता सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश में टीबी को खत्म करने के रोडमैप पर चर्चा करना और मीडिया कर्मियों को टीबी उन्मूलन के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य टीबी सेल द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डालना रहा। इस कार्यक्रम ने मीडिया कर्मियों को स्वास्थ्य विशेषज्ञों, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, केमिस्टों और टीबी चौंपियंस से जुड़ने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को टीबी की रोकथाम की रणनीतियों, नियंत्रण उपायों और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर चल रही गतिविधियों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक प्रियंका वर्मा ने दीप प्रज्वलित किया तथा डॉ. रविंदर कुमार, एसपीओ एनटीईपी, हिमाचल प्रदेश ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया। सत्र के दौरान सभी वक्ताओं ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला, जिसमें स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाना, जांच सुविधाओं तक पहुंच में वृद्धि करना, स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करना और टीबी उन्मूलन के लिए एक मजबूत आधार तैयार करना शामिल है। समुदाय-स्तरीय प्रतिबद्धता और राज्य द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए किए जा रहे नवाचार पर हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करता है कि राज्य का प्रत्येक गाँव और प्रत्येक जिला इस चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है, जिससे हम टीबी मुक्त हिमाचल प्रदेश के लक्ष्य के करीब पहुंच सकें। प्रियंका वर्मा ने स्वास्थ्य के लिए प्रभावी संचार के महत्व और टीबी मुक्त हिमाचल के मिशन में सभी हितधारकों को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे हिमाचल प्रदेश टीबी उन्मूलन में आगे बढ़ रहा है, यह जरूरी है कि हम न केवल अपनी स्थानीय प्रगति को दिखाएं, बल्कि अपनी उपलब्धियों की तुलना राष्ट्रीय और वैश्विक मानकों से भी करें। यह व्यापक दृष्टिकोण हमें राज्य में अपनाई गई नई तरीकों को उजागर करने में मदद करता है, जैसे कि विभिन्न क्षेत्रों के साथ मिलकर काम करना। मीडिया इस प्रयास में एक अहम भूमिका निभाता है, क्योंकि वह सही और प्रभावी जानकारी लोगों तक पहुंचाकर जागरूकता फैलाने का काम करता है। इसके साथ ही, मीडिया विभिन्न जिम्मेदार व्यक्तियों को उनके कर्तव्यों के प्रति जवाबदेह बनाने और कार्यक्रमों के संदर्भ में जरूरी जानकारी देकर सामूहिक प्रयास को प्रेरित करता है। डेटा आधारित कहानियों को महत्व देकर, हम जनता का विश्वास मजबूत कर सकते हैं और टीबी के खिलाफ चल रही लड़ाई में उनकी भागीदारी बढ़ा सकते हैं। डॉ. रविंदर कुमार, राज्य कार्यक्रम अधिकारी (एनटीईपी) ने हिमाचल प्रदेश में टीबी नियंत्रण प्रयासों में विभिन्न हस्तक्षेपों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हिमाचल प्रदेश ने टीबी उन्मूलन में बड़ी प्रगति की है, जिसमें केमिस्ट एसोसिएशन, स्व-सहायता समूहों, युवाओं, मेडिकल कॉलेजों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की सक्रिय भागीदारी अहम रही है। हालांकि, अब भी कुछ चुनौतियां बाकी हैं, जैसे कि मिथकों को दूर करना, कलंक को कम करना, और समुदाय का समर्थन बढ़ाना। केंद्र द्वारा शुरू की जा रही 347 जिलों की योजना राज्यों में हेल्थी कम्पटीशन और सहयोग को बढ़ावा देती है। डिजिटल अभियानों में मीडिया की भूमिका जागरूकता फैलाने और लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं लेने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण है। हम मीडिया से अनुरोध करते हैं कि सही जानकारी प्रसारित करने में हमारा साथ दें, ताकि हम एक टीबी-मुक्त हिमाचल का लक्ष्य हासिल कर सकें। इसके अतिरिक्त, हिमाचल प्रदेश के राज्य टीबी सेल के आईईसी अधिकारी एल.आर. शर्मा ने टीबी के बारे में बातचीत को सामान्य बनाने में मदद करने के लिए विकसित की गई आईईसी सामग्रियों को प्रदर्शित करते हुए एक विशेष प्रस्तुति दी। ये सामग्रियाँ कलंक को कम करने और समुदाय में टीबी की रोकथाम और उपचार के बारे में खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा हैं। सत्र में टीबी के खिलाफ लड़ाई में आवश्यक हितधारकों के रूप में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाया गया, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया कि कैसे प्रभावी मीडिया प्रतिबद्धता टीबी उन्मूलन प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। उदाहरण के लिए, कांगड़ा में, टीबी उन्मूलन प्रयासों को मजबूत सामुदायिक भागीदारी और सक्रिय मीडिया भागीदारी द्वारा बढ़ावा दिया गया है। स्थानीय मीडिया के माध्यम से टीबी को सार्वजनिक चर्चा में सबसे आगे रखने, स्क्रीनिंग और उपचार कार्यक्रमों में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने में मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसी के साथ नवीन मीडिया अभियानों का लाभ उठाकर और समुदाय में प्रभावशाली आवाज़ों को शामिल करके, संदेश को और अधिक लोगों को आवश्यक देखभाल की ओर प्रेरित करने के लिए बढ़ाया जा सकता है।

# स्कूल, सड़क और पीएचसी के लिए सेटअप की मांग, विस स्पीकर और मंत्री से लगाई गुहार

## खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों की मांग लेकर पहुंचे नेता

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डडसेना, शिशुपाल साहू एवं श्यामसुंदर साहू ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से रायपुर निवास में मुलाकात की। उन्होंने मांग पत्र सौंपा। चंद्रिका प्रसाद डडसेना ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से क्षेत्र की जर्जर सड़कों की मरम्मत व नया सड़क निर्माण की मांग को लेकर मांग पत्र सौंपा। वहीं शिशुपाल साहू ने ग्राम भोलापुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृती एवं मानव संसाधनद्ध पद सेटअप, हायर सेकेंडरी स्कूल भोलापुर में शिक्षक की कमी को लेकर अपनी बात रखी। श्यामसुंदर साहू ने ग्राम महाराजपुर में हाईस्कूल खोलने की मांग की है।साथ ही छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से मुलाकात कर ग्राम भोलापुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृती एवं मानव संसाधन पद सेटअप को लेकर चर्चा की। इस विषय पर स्वास्थ्य मंत्री ने तत्काल संचालक स्वास्थ्य संरचनालय को निर्देशित कर भोलापुर मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उन्नयन के विषय में आवश्यक कार्यवाही करने फोन से निर्देशित किया। गौरतलब है कि ग्राम भोलापुर में 61.96 की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण हो चुका है लेकिन अभी तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं मानव संसाधन पद सेटअप की स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। इस विषय को लेकर भोलापुर के ग्रामीण पिछले लगभग साल विधानसभा अध्यक्षए स्वास्थ्य मंत्री, प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, से लेकर विभागीय अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन ग्रामीणों की मांग पूरा नहीं हुई है।

### जर्जर होने लगा भवन

28 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजनांदगांव ग्राम बरगा के एक कार्यक्रम में वर्चुअल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन भोलापुर का उद्घाटन किया था। लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति, मानव संसाधन पद सेटअप की स्वीकृति प्राप्त नहीं होने के बाद उक्त भवन कोई काम का नहीं रह गया है। विडंबना है कि भवन निर्माण पूर्ण हुए लगभग 1 साल होने को हैं लेकिन देखरेख के अभाव में लाखों का भवन जर्जर हो जायेगा।

## खूबचंद और मधुसूदन निभाएंगे प्रदेश संगठन में चुनाव की जिम्मेदारी

**राजनांदगांव।** भाजपा के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉण् केण् लक्ष्मण ने नेता खूबचंद पारख और पूर्व सांसद मधुसूदन यादव को क्रमशः प्रदेश चुनाव अधिकारी और सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा डॉण् कृष्णमूर्ति बांधी और चंपादेवी पावले को भी सह चुनाव अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। बताया जा रहा



है कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव से राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी ने इन पदों के लिए नाम मांगे थे। किरण देव की अनुशंसा पर उक्त भाजपा नेताओं को मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी द्वारा उक्त नामों को सोशल मीडिया पर प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। पारख और यादव को मिली इस जिम्मेदारी पर स्थानीय पदाधिकारियों और नेताओं ने शुभकामनाएं और बधाई दी है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक के दो टुकड़े हो गए, एक की मौत

## राजनांदगांव-खैरागढ़ स्टेट हाइवे में हुआ हादसा



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव-खैरागढ़ स्टेट हाइवे में दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक तेज रफ्तार ट्रक ने इतनी तेज टक्कर मारी की बाइक के बीच से दो टुकड़े हो गए। हादसा दोपहर करीब 1.30 बजे ग्राम सिंगारपुर के करीब हुआ। मृतक की शिनाख्त ओमकार धुर्वे के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक केसीजी एसपी का वाहन चालक है। स्थानीय लोगों के अनुसार हादसा बहुत भयानक था और टक्कर के दौरान जोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। ट्रक चालक घटना के बाद वाहन छोड़कर फरार हो गया। बाहक सवार की मौके पर ही मौत हो गई थी। स्थानीय प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस बल को घटनास्थल पर भेजा। राजनांदगांव-कवर्धा स्टेट हाइवे की स्थिति कई सालों से खतरनाक बनी हुई है। खैरागढ़ तक सिंगल लेन की सड़क में लगातार हादसे होते रहे हैं। कई स्थानों पर खतरनाक मोड़, उबड़खाबड़ सड़क और भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गई है। वर्षों से सड़क के चौड़ीकरण और पुर्ननिर्माण की मांग हो रही है। रात के अंधेरे में इस सड़क पर आवाजाही और भी मुश्किल हो जाती है। खासकर दो पहिया चालकों के लिए खतरा मंडराता रहता है।

# एमजे फूड प्रोडक्ट ब्लैक लिस्टेड, 1 करोड़ 40 लाख की वसूली के निर्देश

## जिले के राईस मिलों का लगातार किया जा रहा निरीक्षण

- अब तक जिले के 9 राईस मिलर्स पर कार्रवाई, धान और चावल जप्त

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



फाईल फोटो

खरीफ विपणन वर्ष 2023.24 में कस्टम मिलिंग अंतर्गत 31 अक्टूबर 2024 तक भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा कराया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के सभी राईस मिलर्स को कस्टम मिलिंग अंतर्गत चावल जमा करने तथा खाद्य अधिकारियों को सभी राईस मिल का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी ने बताया कि खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा मेसर्स एमजे फूड प्रोडक्ट ग्राम राका डोंगरगढ़ की जांच की गई। जांच में मिल परिसर में कस्टम मिलिंग के तहत उठाव किये गये धान के विरूद्ध 5682ण्78 क्विंटल धान कम पाया गया। मिलर द्वारा कस्टम मिलिंग के तहत चावल जमा करने में रूचि नहीं दिखाने तथा धान की कस्टम मिलिंग नहीं करते हुए शासकीय धान की अफरा-तफरी की गई है, जो छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश का उल्लंघन है। जिसके कारण मोहम्मद जिया उल हक द्वारा संचालित राईस मिल मेसर्स एमजे फूड प्रोडक्ट ग्राम राका डोंगरगढ़ को एक वर्ष के लिए काली सूची में दर्ज किया गया है तथा मिलर द्वारा जिला विपणन अधिकारी में जमा बैंक गांरटी से मिल में कम पाये गये 5682ण्78 क्विंटल धान की राशि लगभग 1 करोड़ 40 लाख रूपए तत्काल वसूली किये जाने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के राईस मिलों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। जिसके परिपालन में अब तक जिले के 9 राईस मिलर्स पर कार्रवाई करते हुये कुल 35877 क्विंटल धान एवं 14650 क्विंटल चावल जप्त कर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# जिपं सदस्य द्वारा नए सदस्यों का सम्मान समारोह तिलईरवार में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत सदस्य जागृति यदु के पहल व मार्गदर्शन में सदस्यता अभियान के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। तिलईरवार में आयोजित सम्मान समारोह में जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम तिलईरवारए आसरा, जंतर, मोहड़, कोहका, माथलडबरी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले नए सदस्य शामिल हुए। सम्मेलन में मुख्यअतिथि जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु थी। अध्यक्षता निर्मला सिन्हा ने की। विशेष अतिथि जागेश्वर यादव, पूर्व सरपंच अनीता वाल्दे सहित अनेक भाजपा नेता थे। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष मोरध्वज चन्द्रवंशी, टीलेश यादव, पूर्व सरपंच चन्द्रकुमार साहू सहित क्षेत्र के अनेक भाजपानेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सब-इंस्पेक्टर राजेश शर्मा का निधन

**डोंगरगांव नगर।** नगर के मटिया वार्ड 14 के प्रतिष्ठित शर्मा परिवार के राजेश शर्मा पिता साहेब प्रसाद शर्मा का अल्पायु में 19 अक्टूबर को दुखद देहावसान हो गया। वे लगभग 45 वर्ष के थे। स्व शर्मा पीएचक्यू



नवा रायपुर में सबइंस्पेक्टर पदस्थ थे। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। राजधानी स्थित रामकृष्ण हॉस्पिटल में उपचार दरम्यान उन्होंने अंतिम सांसे ले ली।

स्वर्गीय शर्मा अपने पीछे अपने माता पिताए धर्मपत्निए 2 पुत्रों अरनव व आरव सहित भरापूरा परिवार पीछे छोड़ गए। 20 अक्टूबर को गृहग्राम मटिया वार्ड 14 स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र अरनव ने दी। अंतिम यात्रा में परिजनों के अलावा ईष्टजन सहित स्थानीय गणमान्य नागरिकजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# निर्माणाधीन आवासों का सीईओ ने किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सु सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पेण्ड्रीए नवागांवए खैराए खुड़मुड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। जिला पंचायत सीईओ ने योजनांतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों के हितग्राहियों से संपर्क कर आवास निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हितग्राहियों को आवास निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कर संपूर्ण किस्त की राशि अतिशीघ्र प्राप्त करने कहा। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद पंचायत स्तर के नोडल अधिकारी एवं ग्राम पंचायत स्तर में आवास पूर्णता में विशेष योगदान देने वाले सरपंचए सचिव रोजगार सहायकए महिला स्वसहायता समूह को सम्मानित किया जाएगा।

# तहसीलदार से कोटवार की शिकायत, कार्रवाई की मांग



पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

बफरा के ग्रामीणों ने कोटवार की बर्खास्तगी की मांग की है। उन्होंने तहसीदार को ज्ञापन सौंपा है। ग्राम बफरा में नियुक्त कोटवार भुवनराम के खिलाफ कई गंभीर मामलों में ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया किए कोटवार अपनी जिम्मेदारी का कोई कार्य नहीं करता। बीते माह बाढ़ के समय भी कोटवार ने ग्रामीणों का कोई सहयोग नहीं किया और नुकसान की सूचना अधिकारियों को नहीं दी। ग्राम पंचायत के पदाधिकारी भी कोटवार के असहयोग के कारण असंतुष्ट हैं। इसके साथ ही कांजी हाउसए ग्रामसभाए सूखा राहतए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन दुकान मुनादीए शैक्षणिक संस्थानों के कार्यए नीलामी के लिए ईश्तहार के कार्य सहित कोटवार को प्रदान किए गए मूल सभी कामों को वह नज़रअंदाज कर देता है। शिकायत करने पर वह जानबूझकर विवाद कर लड़ाई झगड़ा करने लगता है तथा झूठे मामले में फंसाने की धमकी देता है।

# वाहनों की जांच में जुटी पुलिस ने 14 हजार वसूले 48 चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शनिवार की रात 08 से 12 बजे तक शहरी और ग्रामीण इलाके में पुलिस ने वाहनों का जांच अभियान चलाया। इस दौरान 48 प्रकरणों में 14 हजार 600 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई। जिले के थाना लालबाग, सोमनी, घुमका, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ए गैंदाटोला, छुरिया, बोरतलाव एवं पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़, सुरगी, चिचोला, सुकुलदैहान पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में की गई वाहनों की चेकिंग की गई। कानून-व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने के लिये यह अभियान चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध वाहनों और लोगों की ली गई तलाशी। यातायात नियमों का उल्लघंटन करने वालों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को अफसरों के निर्देश दिया हैं कि एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग व दुपहिया और चौपहिया वाहन सवारों पर नजर रखने तथा शराबए मादक पदार्थों एवं अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने हेतु वाहनों की चेकिंग की जाए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# आवास हितग्राहियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण अंतर्गत जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम पंचायत खुज्जी में नवीन स्वीकृत आवास हितग्राहियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में जिला पंचायत की टीम द्वारा हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत वित्तीयए तकनीकीए आवास की पात्रता और आवास निर्माण के नियम एवं शर्तों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही अभिसरण के माध्यम से मिलने वाले सुविधाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत डोंगरगांव के उपाध्यक्षए सीईओए एडिशनल सीईओ सहित जनप्रतिनिधिए अधिकारीए कर्मचारीए हितग्राही व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में लेक्चरर की मौतए विभाग में शोक

**राजनांदगांव।** मोहला से मानपुर लौट रहे एक स्कूली व्याख्याता की शनिवार दोपहर को सडक़ हादसे में मौत हो गई। बाईक सवार शिक्षक एक मोड़ में अनियंत्रित होकर गिर गई थी। मोहला.विकासखंड के हथरा हायर सेकंडरी स्कूल में बतौर कॉमर्स विषय के लेक्चरर महेन्द्र देशलहरा एक विभागीय बैठक से मोहला से मानपुर की ओर जा रहे थे। शनिवार दोपहर लगभग 2 बजे जबकसा मोड़ में उनकी मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। मूलतरू राजनांदगांव विकासखंड के सोमनी क्षेत्र के फरहद के रहने वाले महेन्द्र वर्तमान में अंबागढ़ चौकी के मेरेगांव स्थित बालक हायर सेकंडरी स्कूल में अटैच थे। जिला शिक्षा अधिकारी मोहला में वह विभागीय बैठक में शामिल होने के बाद मानपुर की ओर जा रहे थे। मोहला से करीब 10 किमी दूर जबकसा मोड़ में उनकी मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर एक गड्ढे में जा घुसी। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी जान चली गई। बताया जा रहा है कि शिक्षक को मृत अवस्था में मोहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गयाए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देशलहरा की अच्छे शिक्षकों में गिनती होती थी। इस साल के बोर्ड के परीक्षा परिणाम में उनके विषय के 100 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए थे। इस घटना की खबर से शिक्षा विभाग में शोक का माहौल है।

## पुलिस अमले ने खुशी जताई, सायबर क्राईम और नशे के खिलाफचलाया जागरुकता अभियान

# गोल्डन बुक ऑफ रिकार्डस में शामिल हुआ ऑपरेशन नवा बिहान

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



आपरेशन नवा बिहान के तहत राजनांदगांव पुलिस ने 165 स्कूलों-कॉलेजों एवं अन्य स्थानों में सायबर एवं नशे के विरूद्ध जनजागरूकता अभियान चलाकर 27 हजार 143 लोगों को एक साथ जागरूक किया गया। राजनांदगांव पुलिस द्वारा 5 से 19 अक्टूबर तक सायबर जागरूकता पखवाड़ा चलाया गया। 18 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जिलेभर में एक साथ जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 25 हजार पाम्प्लेट का वितरण भी किया गया। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की प्रदेश प्रभारी सोनल राजेश शर्मा द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का विजिट किया गया। प्रदेश प्रभारी सोनल ने पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल के समक्ष एसपी मोहित गर्ग को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट एवं मेडल प्रदान किया। अभियान में आईजी दीपक झाए कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्गए जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंहए संयुक्त कलेक्टर शीतल सीतल बंसलए संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एएसपी ऑप्स मुकेश ठाकुर, एएसपी राहुल देव शर्मा, एडीएम मती इंदिराए एडीएम मारकण्डेय, नपुअ पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी आशीष कुंजामए एसडीओपी दिलीप कुमार सिसोदिया, डीएसपी तनुप्रिया ठाकुर, डीसएसपी अजीत ओगरे एवं जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारी व थाना स्टॉफ द्वारा जागरूकता अभियान में शामिल होकर लोगों को जागरूक किया। अधिकारियों ने बताया कि सायबर अपराध के मामले तेजी से बढ़े है। साइबर ठगी होने पर अपराध की सूचना सायबर पोर्टल या सायबर हेल्प लाईन नंबर 1930 में ऑनलाईन शिकायत दर्ज करने के अलावा अपने निकटतम पुलिस थाना या सायबर सेल जाकर रिपोर्ट करने के संबंध मे जानकारी दी गई। इस प्रकार सायबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान के दौरान नवा बिहान के तहत जिले में सायबर जागरूकता एवं नशे के विरूद्ध 26318 छात्रा-छात्राओं एवं 825 कर्मचारीगण, शिक्षकगण इस प्रकार कुल 27143 लोगों को राजनांदगांव पुलिस द्वारा जागरूक किया गया। साथ ही स्कूली बच्चों को 25000 हजार पाम्पलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम में एक साथ एक समय पर एक जिले में इतने लोगों को जागरूक करने पर यह रिकार्ड के रूप में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। जिसका प्रशस्ति पत्र की प्रदेश प्रभारी सोनल राजेश शर्मा द्वारा दिया गया।

# जेल संदर्शकों का मनोनयन शासन द्वारा

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन (गृह एवं जेल विभाग) द्वारा जेल संदर्शकों का मनोनयन किया जाता है। संयुक्त कलेक्टर मुकेश रावटे ने बताया कि कार्यालय कलेक्टर दुर्ग द्वारा किसी भी जेल संदर्शक का मनोनयन नहीं किया गया है।

# छोटे छोटे कोचिया के घर पर छापा, बड़े दलालों को उड़ीसा से धान लाने खुली छूट

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी छूट मूठ कोचिया के घर खेत में छापा मारकर बड़े बड़े धान तस्कर को निर्धारित कार्यवाही से दुर रखा जा रहा है जबकि मुख्यालय से लेकर झाखरपारा धूपकोट धुरुवापारा कैंटपदर बरही सहित कई गांव के धान कारोबारियों द्वारा अपना अपना अड्डा और गौदाम में उड़ीसा का धान काफी मात्रा मे भर लिया है जिससे लगभग स्थानीय प्रशासन भी भली भांति अवगत हैं कि किसकी कितनी गाड़ी से कितना धान लाया जा रहा हैं फिर भी जिम्मेदार अधिकारी ऐसे धान कारोबारियों के गोदाम या अड्डा तक पहुंचने की बात तो दूर उनकी गाड़ी को पकड़कर कार्यवाही करने में असक्षम दिखाई पड़ रही है ज्यादातर वह कारोबारी उड़ीसा से धान सप्लाई कर धान डंप कर रहे है जिनके पास लाइसेंस तक नहीं हैं सबसे खास बात तो यह है कि देवभोग ब्लॉक के झिरीपानी झाकरपारा नागलदेही गोहरापदर बरही धौराकोट और मैनपुर ब्लॉक ढोर्रा मुचबाहल आड़पाथर उरमाल ऐसे कई गांव में किसानों के खेतों से



धान की कटाई तक नहीं हो पाई है और उनके पट्टा में धान बेचने के लिए पहले से उड़िसा का धान डंप हो गया है।

**इन रास्तों से धान की तस्करी :** जानकारों का कहना है कि सबसे ज्यादा देवभोग के अंतिम छोर मे बसा झाखरपारा गोहरापदर मगडरोड़ा टोंगसीपारा धूपकोट खुटगांव इलाके भारी मात्रा मे उड़ीसा की धान पहूंच रही है जिसके मद्देनजर तहसीलदार एसडीएम सहित कई कर्मचारी सीमावर्ती क्षेत्र पर ताबड़तोड़ दौरा लगा रहे है जिसकी चर्चा भी गांव गांव के अलावा चौक चौराहा पान ठेला पर खूब हो रही हैं चर्चा के बीच कई तरह के आरोप लगाते भी सुनने को मिलता है अधिकारीयों के सीमावर्ती पर एक्टिव को देख धान कारोबारी और बिचौलिया के बीच अपनी अपनी जुगाड जमाने पहुंचने की बात कहते हैं तभी जुगाडू बिचौलिया खुटगांव चेक पोस्ट होने के बाद भी उड़ीसा का धान लाने में कामयाब हैं खासकर वह व्यापारी जो पिछले कई वर्षो से कार्यवाही का सामना कर चुके है बावजूद इसके आज भी दिनदहाड़े उड़िसा का धान सैकडो क्विंटल की तादात में लाया जा रहा है।

**कलेक्टर को निगरानी रखने की दरकार :** बीते वर्ष कई दफा उड़िसा के धान से भरी गाडी मुख्यालय पहुंचने से पहले ही निपटारा हो जाता था और यह खेल अभी से इस बार भी सुनने को मिल रहा है बीते शनिवार खुटगांव से पहले मंदिर के पास बड़े अधिकारियों द्वारा उड़ीसा से धान ला रही 2 पिकअप रोका और उस गाडी को सेंदमुड़ा मार्ग पर लेकर कुछ देर बाद धान गाडी को छोड़ दिया गया जिसकी चर्चा गांव से लेकर मुख्यालय में जमकर सुनाई पड़ती है क्योंकि कार्यवाही का डंडा चलाने से पहले ही सेटिंग का खेल शुरू हो गया है इसलिए इस बार के धान खरीदी दौरान कलेक्टर दीपक अग्रवाल को अपने स्तर पर निगरानी बनाने की सख्त दरकार बताई जाती है ताकि उड़ीसा के धान पर पूरी तरह लगाम लगाया जा सके।

**इन चेक पोस्ट पर इनकी ड्यूटी :** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उड़ीसा एवं अन्य प्रांत से धान की रोक थाम के लिए देवभोग के सीमावर्ती क्षेत्रों पर अस्थाई चेकपोस्ट खुटगांव कैंटपदर नागलदेही धुपकोट कोदोभाटा उसरीपानी केन्दूबन जैसे 15 चेकपोस्ट पर पटवारी सचिव रोजगार सहायक सहित अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी के लिए एसडीएम तुलसीदास मरकाम ने आदेश जारी किया है ताकि हर हाल में उड़ीसा की धान को रोका जा सके बकायदा इसके लिए आज एसडीएम तुलसीदास मरकाम नायब तहसीलदार विजय सिंह ने मगररोड़ा सहित कई चेकपोस्ट का दौरा भी किया।

# चावल समृद्धि 2024 : विशाखापत्तनम पोर्ट प्राधिकरण ने कृषि निर्यात वृद्धि को दिया बढ़ावा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के कृषि निर्यात को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, विशाखापत्तनम पोर्ट अथॉरिटी (वीपीए) ने राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन सी.जी. के सहयोग से चावल समृद्धि 2024 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छत्तीसगढ़ और इसके परे चावल व्यापार को प्रोत्साहित करना था। वीपीए के अध्यक्ष, डॉ. एम. अंगमुथु, आईएएस के गतिशील नेतृत्व में, इस कार्यक्रम में पोर्ट की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया, जो इस क्षेत्र से चावल निर्यात को आकर्षित करने और कृषि व्यापार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। डॉ. अंगमुथु की दृष्टि वीपीए को पूर्वी भारत में चावल निर्यात के एक प्रमुख द्वार के रूप में उभरने की दिशा में थी, और उन्होंने आश्वासन दिया कि वीपीए इस क्षेत्र को समर्थन देने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने को तैयार है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के व्यापार समुदाय, राज्य सरकार, और कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (कॉनकोर) की ओर से व्यापक प्रतिक्रिया देखी गई। उच्च स्तरीय गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिनिधियों ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई, जिनमें रजत कुमार, आईएएस, सचिव उद्योग, छत्तीसगढ़; कॉनकोर के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें जी गायत्री, आईआरटीएस, समूह महाप्रबंधक शामिल थीं और राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, उनुपम कौसिक की उपस्थिति ने इस आयोजन को महत्वपूर्ण बना दिया। उन्होंने कृषि निर्यात को सुदृढ़ बनाने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। राइस ट्रेड एसोसिएशन के नेताओं जैसे मुकेश जैन, अध्यक्ष, राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ और योगेश अग्रवाल, अध्यक्ष, राइस मिलर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ ने संगठित व्यापार नेटवर्क की भूमिका पर जोर दिया, जो चावल निर्यात को प्रोत्साहित करने और किसानों का समर्थन करने में महत्वपूर्ण हैं। इस कार्यक्रम को विशाखापत्तनम स्टेवडोर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, संभाशिव राव, और विशाखा कंटेनर टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ, कैप्टन सुदीप बनर्जी जैसे वीपीए व्यापार समुदाय के प्रमुख सदस्यों का भी समर्थन मिला। वीपीए का प्रतिनिधित्व करते हुए दुर्गेश कुमार दुबे, आईआरटीएस, उपाध्यक्ष ने भारत के प्राथमिक क्षेत्र निर्यात को बढ़ावा देने के लिए पोर्ट की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित किया।

# रेलवे संपत्ति चुराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों से 45 मीटर तांबा तार, 10 किलोग्राम तांबा व नकदी बरामद, गिरफ्तारी से 02 बड़ी चोरियों का किया खुलासा

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर संपत्ति संबंधी अपराधों में सक्रियता से काम करते हुए घरघोड़ा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कल प्रार्थी असरफ अंसारी (24 वर्ष, निवासी ग्राम पीपरा मदन गोपाल, तह. देवरिया, जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश) ने घरघोड़ा थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने बताया कि 16 अक्टूबर की दोपहर 2:40 बजे नवापारा टेण्डा स्टोर से किसी अज्ञात चोर ने 20 मीटर कैटनरी तार, जिसकी कीमत 10,000 रुपये है, चोरी कर ली। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान निरीक्षक अमित तिवारी, थाना प्रभारी घरघोड़ा द्वारा सक्रिय किये गये मुखबीरों से जानकारी ली गई और तत्काल संदेही राज कुमार राठिया, छमेश राठिया और



गार्ड सुखसागर दास को हिरासत में लिया गया। बारीकी से पूछताछ करने पर आरोपियों ने नवापारा टेण्डा स्थित रेलवे स्टोर रूम से तांबा तार और अन्य रेलवे सामान चोरी करने की बात कबूल की। आरोपी राज कुमार राठिया ने अपने मेमोरंडम कथन में बताया कि उसने 7.5 किलोग्राम तांबा तार, जिसकी कीमत 6,000 रुपये है, चोरी कर अपने घर में छिपा रखा था। छमेश राठिया ने 4.5 किलोग्राम तांबा तार (कीमत 4,000 रुपये) चोरी कर छिपाने की बात मानी, जबकि सुखसागर दास ने चोरी में इस्तेमाल लोहे का टांगी अपने स्टोर रूम में छिपाकर रखा था। इन सभी सामग्रियों को गवाहों के समक्ष बरामद किया गया। आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह भी सामने आया कि उन्होंने 6-7 महीने पहले घरघोड़ा से भालूमुड़ा जाने वाली रेलवे लाइन से तांबा तार और अन्य लोहे के सामान चोरी किए थे, जिसमें से कुछ सामान को फेरी कबाड़ी वालों को बेच दिया था। इस संबंध में 29 अप्रैल को प्रार्थी मनोज तंगराज (32 वर्ष, निवासी छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड) ने घरघोड़ा से भालूमुड़ा के बीच रेलवे लाइन पोल से 12,000 रुपये मूल्य का रेलवे सामान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर धारा 379 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस प्रकरण में घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी राज कुमार राठिया से 20 मीटर तांबा तार (कीमत 2,000 रुपये), छमेश राठिया से 25 मीटर तांबा तार (कीमत 2,200 रुपये) और गार्ड सुखसागर दास से 500 रुपये नगद बरामद किए हैं। आरोपियों को दोनों अपराधों में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है।

# वाट्सएप ग्रुप में संस्थान को बदनाम करने गलत और भ्रामक वीडियो किया गया पोस्ट, कार्यवाही की मांग

## प्रथम बेकिंग नीड्स और अमृततुल्य संचालक के द्वारा दी गई धमकी, नामजद शिकायत

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

सोशल मीडिया एवं अन्य साधनों से नगर के एक प्रतिष्ठान को बदनाम करने वालो पर कार्यवाही की मांग करते हुए प्रतिष्ठान के संचालक और नगर के युवा एवं सर्वसमाज के लोगों में कोतवाली थाना में नामजद लिखित शिकायत देते हुए सम्बंधित लोगों पर कार्यवाही की मांग की है। शिकायत आवेदन में सदर रोड़ निवासी बलबीर यादव ने बताया कि वे पिछले करीब 7 वर्षों से गणेश पावभाजी का दुकान संचालन कर अपना कारोबार संचालित कर रहे है तथा वर्ष 2019 से बालोद सदर मार्ग में प्रणाम कॉम्प्लेक्स में अपनी दुकान का संचालन कर रहे है। तथा दुकान में शुद्ध शाकाहारी व्यंजन भोजन बनाया जाता है तथा दुकान में ज्यादातर जैन समाज एवं अन्य समाज



के लोग शुद्ध शाकाहारी व्यंजन के नाम से पहुंचते हैं। लेकिन पिछले कुछ माह से नगर के अलग अलग व्हाट्सएप ग्रुपो में दुकान को बदनाम करने एक सोनम सोनी नामक महिला का वीडियो वायरल किया जा रहा है। उन्होंने शिकायत में बताया कि उक्त महिला करीब 15 से 20 जून के बीच दुकान में काम करने की इच्छा जाहिर करते हुए आई थी, जिसके बाद वह 1 जुलाई को काम करने आई। लेकिन करीब 15 दिन बाद अचानक काम छोड़ दी। जिसके बाद मेरे द्वारा लगातार उनको काम छोड़ने की वजह तथा काम में वापस आने कॉल भी किया गया। लेकिन महिला के द्वारा यह कहा गया मुझे जितना दिन काम करना था कर ली अब काम की जरूरत नहीं है। लेकिन समझ नहीं आया की महिला ऐसा क्यों बोली..?

**वाट्सएप ग्रुप में भ्रामक और गलत प्रचार प्रसार कर वीडियो किया गया पोस्ट**-उन्होंने शिकायत में बताया कि करीब डेढ़ माह बाद अचानक नगर में संचालित प्रथम बेकिंग मार्ट के संचालक धर्मेंद्र आहूजा एवं विवेक पाटीदार ने मुझे स्कूल मैदान के सामने अमृतुल्य चाय दुकान के सामने रोके और धर्मेंद्र आहूजा ने कहा कि बस स्टैंड वाले राठी के यहां से सामान लेना बंद कर दो औ जो सामान लेना है मेरे पास से ही लेना जिसके बाद मैंने कहा कि मुझे जहां सामान अच्छा मिलेगा, मैं वहीं से लूंगा। जिसके बाद धर्मेंद्र और विवेक से धमकी देते हुए कहा की अगर ऐसा है तुम अपनी दुकान बंद कर के चले जाओ, नहीं तो दुकान में तोडफोड करवा दूंगा और तुम्हारे दुकान का ऐसा वीडियो वायरल होगा तुम खुद बालोद छोड़कर भाग जाओगे। इनके द्वारा दी गई धमकी को मैंने बालोद होटल संघ के पदाधिकारी प्रीत कत्याल को मौखिक जानकारी दिए थे। जिसके बाद संघ के पदाधिकारियों द्वारा धर्मेंद्र और विवेक को समझाईस भी दिए थे। कि इस तरह किसी को परेशान मत करो। साथ ही इस बारे में जैन समाज के लोगों को भी बताया था। जिसके बाद हमने उनसे इस बारे में शिकायत करने की सलाह मांगी थी तो उनके द्वारा मामला को आगे नहीं बढ़ाने का सलाह दिए। जिसे मानते हुए हम लोग किसी तरह शिकायत नहीं किए थे। लेकिन 19 अक्टूबर को बालोद के खून के बूंद सहित अन्य कुछ वाट्सएप ग्रुप में एक मोबाइल नंबर 9827916499 से किसी संदीप सिन्हा नामक व्यक्ति द्वारा संस्थान का गलत और भ्रामक प्रचार करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया गया।

# सड़क हादसे में मासूम बालक की मौत, माता-पिता घायल दशकर्म कार्यक्रम से लौटते समय हुआ हादसा

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में दशकर्म कार्यक्रम से लौटते समय सड़क किनारे रखे लकड़ी से टकराकर एक मासूम बालक की मौत हो गई वहीं इस घटना में उसके माता-पिता को भी चोट आई है। उक्त मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चांदीडांड निवासी वेदराम अगरिया ने थाने में सूचना देते हुए बताया कि वह खेती किसानी का काम करता है। 17 अक्टूबर को उनके एक रिश्तेदार के यहां पुटुकछार से दशकर्म का न्यौता आया था। जिसके बाद उसके बड़ा भाई बोधराम अगरिया, भाभी रामवती अगरिया, भतीजा कुणाल को लेकर अपने-अपने मोटर सायकल से पुटुकछार गया था। इस दौरान रात करीब 7 बजे उसका बड़ा भाई बोधराम अगरिया, भाभी रामवती अगरिया के अलावा भतीजा कुणाल 04 साल एचएफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 यूए 5747 से निकले थे। वेदराम अगरिया ने बताया कि रात करीब 8 बजे उसे सूचना मिली कि उनके बड़े भाई का ग्राम नकला के पास एक्सीडेंट हो गया है और उन्हें उपचार हेतु धरमजयगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस सूचना के आधार पर जब वह अस्पताल पहुंचकर देखा कि उसके बड़े भाई और भाभी को चोट काफी चोट आई थी वहीं उसके चार वर्षीय भजीते कुणाल अगरिया की मौत हो चुकी थी।

**लकड़ी के बल्ली से टकराने से हुई घटना**-मृतक बालक के पिता बोधराम अगरिया ने बताया कि घर लौटते समय उनकी मोटर सायकल का लाईट ठीक से नही जल रहा था। जिससे उन्हें बाईक चलाने में परेशानी आ रही थी। इसी बीच जब वे नकना गांव के पहुंचे ही थे कि सड़क किनारे एक लकड़ी का बल्ली पड़ा कटा हुआ पड़ा था जिससे टकराने से तीनो बाईक से गिरकर घायल हो गए थे।

**पति-पत्नी को भी आई चोट**-बोधराम अगरिया ने बताया कि इस घटना उसे सिर माथा के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है वहीं उसकी पत्नी रामवती को कमर के पास में चोट आयी है एवं गोद में बैठे बच्चें के चेहरे, कान, नाक में गंभीर चोट आयी हैं जिससे उसकी मौत हो गई।

# अवैध शराब बिक्री पर आखिर कब लगेगी लगाम , कार्यवाही करने में डरते है अधिकारी

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिला मध्यप्रदेश के सीमाओं से जुड़ा हुआ है और मध्यप्रदेश में शराब की दुकानें ठेके पर संचालित हैं जिसके चलते वहां के ठेकेदार अपनी आय बढ़ाने गांव गांव में कोचिया रखकर अवैध तरीके से शराब की बिक्री करते है । कबीरधाम जिले के चिल्फी झलमला क्षेत्र में एक भी सरकारी शराब की दुकानें नहीं है जिसके चलते खुलेआम अन्य राज्य की शराब बेची जाती है जिसकी जानकारी जिम्मेदारों को भी है लेकिन कार्यवाही करने में हाथ पांव फूलने लगता है आखिर इसका कारण क्या हैं।

**कम दामों में ब्रांडेड शराब** - छत्तीसगढ़ में शराब की दुकानें आबकारी विभाग के द्वारा संचालित किया जाता है जहां पर प्लेसमेंट कर्मचारियों की भर्ती है। सरकारी सिस्टम में लोगो को मनचाहा ब्रांड



नहीं मिल पा रहा है लेकिन राज्य की सीमाओं से लगे इलाको में छत्तीसगढ़ से भी कम दामों में ब्रांडेड शराब मिल जाता है और मदिरा प्रेमियों के द्वारा खुलेआम उपयोग भी किया जा रहा है। जिम्मेदार कार्यवाही करने के बजाए खुद पीने के लिए इन्हीं से खरीद कर पी रहे है।

**मुंडी के बदले मुड़ी का डर** -कुछ वर्ष पूर्व चिल्फी के समीप बेंदा गांव से एक बैगा को अवैध शराब की बिक्री करते हुए आबकारी विभाग ने पकड़कर लाए थे और बैगा का आबाकारी कंट्रोल रूम में मौत भी हो गया था। जिसके बाद नाराजगी के रूप में बेंदा सहित अन्य गांवों में अवैध शराब की खुलेआम बिक्री की जाती है। बैगाओ ने कार्यवाही करने के लिए आने वाले अधिकारी की सर काटकर अपने बैगा साथी का मौत का बदला लेने की बात कहते है। जिसके चलते अधिकारी कार्यवाही करने में जाने के लिए कतराते है।

**आबकारी चेकपोस्ट के आसपास बिकती है शराब**-चिल्फी और पोलमी में अन्य राज्य से शराब की परिवहन रोकने के लिए चेकपोस्ट बनाया गया है लेकिन चिल्फी चेकपोस्ट के पास ही एक रसूखदार ने खुलेआम अन्य राज्य के शराब की बिक्री करते है और पोलमी के चेकपोस्ट के आसपास के होटल ढाबे में खुलेआम शराब बेची और परोसी जाती हैं जिसकी जानकारी सभी को है वहीं धावाई पानी, चिल्फी और उस रोड के ढाबों में भी खुलेआम शराब बेची जाती हैं। जिम्मेदार कार्यवाही करने के बजाए वसूली में मस्त है।

# छत्तीसगढ़ बेकरी सहित 13 प्रतिष्ठानो पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मारा छापा, लवन नगर में हड़कंप





पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार जिला के संवेदनशील कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा त्यौहारी सीजन को देखते हुए जिले के उपभोक्ताओं को मिलावटी खाद्य पदार्थो के सेवन से बचाने के लिए किराना दुकानों, होटलों व ढाबों का निरीक्षण कर अवमानक खाद्य पदार्थो पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा के नेतृत्व में टीम द्वारा नगर पंचायत लवन में होटल, ढाबा रेस्टोरेंट एवं खाद्य प्रतिष्ठानों में रविवार को दबिश दी गई। 13 प्रतिष्ठानों से कुल 72 सैंपल लिए गए जिसमें से 2 नमूने में अखाद्य रंग पाया गया जिसे मौके पर ही नष्ट किया गया वहीं खाद्य पंजीयन नहीं होने और उचित साफ- सफाई के अभाव के करण 3 को नोटिस जारी किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा ने बताया कि लवन नगर पंचायत में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से 13 प्रतिष्ठानों से कुल 72 खाद्य पदार्थो जांच किया गया जिसमें नगर पंचायत लवन के ग्रामीण बैंक के बगल में संचालित छत्तीसगढ़ बेकरी (मोमोज, बर्गर, पिज्जा, पेटीज) होटल के अलावा, वर्मा इडली -दोसा, जय महाकाल होटल, छत्तीसगढ़ ढाबा एवं भोजनालय, दिव्या स्वीटस एंड होटल, हैदराबादी बिरयानी, कबीर होटल, यादव होटल, सहित 13 प्रतिष्ठानो पर ताबड़तोड़ छापा मारा गया। जिसमें कुछ का शिकायत मिलने पर नोटिस थमाया गया है। कार्रवाई से होटल संचालको में हड़कंप का माहौल है। वहीं इस मामले पर फूड सेफ्टी ऑफिसर उमेश वर्मा ने मीडिया को बताया कि कुछ लोग बिना लाइसेंस के खाद्य सामग्री बेच रहे हैं जिसको नोटिस दिये गए हैं एवं फिर शिकायत मिलने पर दुकान शीलबन्द की कार्रवाई भी किये जायेंगे।

## महाराष्ट्र मंडल में हुए छत्रपति शिवाजी की नृत्य नाटिका होता जीवा, म्हणूनच वाचला शिवा ने भरा जोश, खानपान और खेलकूद के स्टाल में शुरू से ही जमे रहे बच्चे

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मराठी मेला का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com









महाराष्ट्र मंडल के विभिन्न महिला केंद्रों की रंगारंग प्रस्तुतियों में मराठी संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली आध्यात्मिक इतिहास नजर आया। सत्य साई संजीवनी अस्पताल में लगभग 10 वर्षों से बाल मरीजों की निःस्वार्थ सेवा कर रहीं मीना ताई लोणकर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मराठी सोहळा (मेला) का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मीना ताई और मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने अपने संक्षिप्त संबोधन में मराठी मेला के आयोजन को युवा पीढ़ी को मनोरंजन के साथ अपनी संस्कृति व परंपरा की जानकारी देने के संदर्भ में उल्लेखनीय बताया। महाराष्ट्र मंडल के रोहिणीपुरम महिला केंद्र की प्रस्तुति भुलाबाई (मां पार्वती) के गाने, वल्लभनगर केंद्र की महिलाओं ने गोधंळ, डंगनिया केंद्र ने लावणी के साथ कोटा केंद्र की महिलाओं ने डिंडी निकाली। शंकर नगर केंद्र ने 'नटरंग उभा' पर और सरोना केंद्र के समूह नृत्य ने समूचे महाराष्ट्र की संस्कृति को जीवंत किया। सिविल लाइन केंद्र की संयोजिका शोभा जोशी ने मां काली पर आधारित एकल नृत्य कर लोगों को चकित कर दिया। दर्शना नलगुंडवार व समूह के नृत्य, संस्कृति विठालकर और तन्वी भागड़ीकर के एकल नृत्यों ने भी समा बांधा। वहीं सडडू-मोवा केंद्र की महिलाओं ने मराठी गीत 'वल्ले रे नखवा हो, वल्ले रे रामा...', अंवति विहार केंद्र की महिलाओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। महिला केंद्रों की प्रस्तुति के बाद युवा समिति ने छत्रपति शिवाजी महाराज के अफजल खान को बघनखा से मारने की जीवंत प्रस्तुति नृत्य नाटिका होता जीवा, म्हणूनच वाचला शिवा के माध्यम से दर्शकों में देश प्रेम का जोश भर दिया। रीना रितेश बाबर के निर्देशन में तैयार की गई इस नृत्य नाटिका में शिवाजी की भूमिका में शुभम् पुराणिक, अफजल खान के रोल में तन्मय बक्षी ने कमाल का अभिनय किया। शुरू से आखिरी तक सूत्रधार के रूप में रीना बाबर और श्रावणी मुकादम की एनर्जी काबिले तारीफ थी। शिवाजी महाराज की मां जीजाबाई की भूमिका में शिल्पा राखुंडे, जीवा माहला बने विनोद राखुंडे, विशाल डांगे ने सैय्यद बांदा की भूमिका में जान डाली। नाटिका के ग्रामीण दृश्य के लिए रीना देशमुख, सोनाली पेदे, पल्लवी नाफड़े, अनुराग धावलकर का सहयोग उल्लेखनीय रहा। नाटिका के प्रस्तुत करता विनोद राखुँडे रहे। नृत्य नाटिका की समाप्ति के साथ प्रति माह होने वाली शिवाजी महाराज की महाआरती जयघोष के साथ की गई। पहले प्रति सप्ताह शनिवार को होने वाली रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा पाठ की परंपरा का भी निर्वहन किया गया। इस बीच बड़ी संख्या में पहुंचे हर समाज और आयु वर्ग के लोग स्टालों में चटपटे व्यंजनों का लुत्फ लेते रहे। वहीं महिलाओं का सारा ध्यान ब्यूटी प्रोडक्ट, रेडिमेड गारमेंट्स के साथ घरेलु साज सज्जा के सामान खरीदने पर लगा रहा।


# पायनियर हलचल...

## अंततः सुनील पर हां



बृजमोहन अग्रवाल की परंपरागत सीट रायपुर दक्षिण से आखिरकर सुनील सोनी को प्रत्याशी घोषित कर दिया गया है। सुनील सोनी की टिकट काटकर लोकसभा में बृजमोहन अग्रवाल को प्रत्याशी बनाया गया था। अब बृजमोहन की छाया कहे जाने वाले सुनील को रायपुर दक्षिण की कमान सौंप दी गई है। बृजमोहन अग्रवाल की ही तरह सुनील सोनी पार्टी के एक सच्चे सिपाही माने जाते हैं। लोकसभा में टिकट कटने के बाद भी सुनील सच्चे मन से बृजमोहन और भाजपा के लिए काम करते रहे। जिसको देखते हुए भाजपा ने अंततः सुनील पर हां कर दी। वहीं दूसरी ओर सुनील को टिकट देने के बाद कई भाजपा नेताओं में निराशा भी दिखाई दे रही है। दरअसल में इस सीट पर पार्टी के कोषाध्यक्ष नंदन जैन से लेकर, संजय श्रीवास्तव, केदार गुप्ता, योगेश तिवारी, राजीव अग्रवाल, मृत्युंजय दुबे, मीनल चौबे समेत अन्य नेता टिकट के दावेदार थे।

## सबसे पहले नामांकन फार्म खरीदने के मायने क्या?



पिछले 40 साल से रायपुर दक्षिण में भाजपा का कब्जा रहा, यहां से बृजमोहन अग्रवाल लगातार विधायक चुने जाते रहे हैं। लेकिन अब यह पहला चुनाव होगा जिसमें सामने बृजमोहन नहीं होंगे। बृजमोहन नहीं होंगे सम्भवतः इसीलिए प्रमोद दुबे ने सबसे पहले नामांकन फार्म खरीद लिये हैं। एक दौर ऐसा भी था जब प्रमोद दुबे ने बृजमोहन के सामने चुनावी मैदान में उतरने से ही इंकार कर दिया था। बृजमोहन के सामने चुनावी मैदान में उतरने से इनकार करना प्रमोद दुबे की राजनीति का अब तक का सबसे गलत निर्णय साबित हुआ। इसीलिए उस दौर के तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और बाद में मुख्यमंत्री बने भूपेश बघेल से प्रमोद दुबे पांच साल तक अलग-थलग पड़े रहे। भूपेश के कारण ही प्रमोद दुबे को रायपुर का मेयर नहीं बनाया गया, मेयर की गद्दी भूपेश के करीबी एजाज ढेबर को सौंप दिया गया। अब प्रमोद ने सबसे पहले नामांकन फार्म खरीदा है, इसके मायने क्या हैं? क्या प्रमोद दुबे को कांग्रेस अपना प्रत्याशी बनाने जा रही है? या यह एक राजनीतिक स्टंट मात्र है। खैर यह तो आने वाले दिनों में स्पष्ट हो जाएगा। कहा तो यह भी जा रहा है कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल अपने खास समर्थक सन्नी अग्रवाल को टिकट देने के लिए अड़े हुए हैं। बहरहाल कांग्रेस की ओर से सन्नी या प्रमोद में से कौन चुनावी मैदान में उतरने जा रहा है, फिलहाल इस पर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता ।

## सीएम को आगे आना पड़ा?



छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था को लेकर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। पहले बलौदाबाजार कांड, बाद में कवर्धा के लोहारीडीह और अब सूरजपुर कांड ने विपक्ष को बैठ-बिठाये मुद्दा दे दिया है। यह बात अलग है कि बलौदाबाजार और सूरजपुर कांड में कथित तौर पर कांग्रेसी नेताओं के नाम जुड़ गये, जिसके वजह से मामला कुछ ही दिनों में ठंडा पड़ते दिख रहा है। लेकिन लगातार हो रही घटनाओं में कहीं न कहीं विभाग की लापरवाही उजागर होते दिख रही है, सम्भवतः इसीलिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को कानून व्यवस्था में सुधार लाने खुद आगे आना पड़ा। मुख्यमंत्री साय ने अपने आवास पर आपात बैठक बुलाकर कार्यशैली में सुधार लाने, खुफिया तंत्र मजबूत करने के साफ निर्देश दिए हैं।

## बेंकर का वैभव



बलरामपुर के युवा पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल ने सूरजपुर कांड को ठंडा करने में अहम भूमिका निभाई। दोहरे हत्याकांड के प्रमुख आरोपी कुलदीप साहू को धर दबोचने में वैभव ने दिन-रात एक कर दी। शायद यह पहला मामला होगा जब खुद कप्तान ने मोर्चा सम्भालते हुए आरोपी को धर दबोचा। वैभव ने घटना के हर पहलू में खुद ही नजर रखा। वह आरोपी के हर एक लोकेशन को ट्रेस करते रहे। यहीं नहीं अरोपी को दबोचने के लिए भी पुलिस अधीक्षक खुद मैदान में कूद पड़े और अरोपी को पकड़ कर सलाखों के पीछे भेज दिया। एसपी बैंकर के इस जुनून के कारण उनके वैभव की चर्चा चारों ओर हो रही है।

## विकास पर गाज क्यों?



कवर्धा के लोहारीडीह हिंसा मामले में सबसे पहले प्रशिक्षु आईपीएस विकास कुमार पर गाज गिरी। बाद में जिले के कलेक्टर और एसपी को भी हटा दिया गया। 2021 बैच के अफसर विकास कवर्धा में एडिशनल एसपी के पद पर तैनात थे। कचरु साहू की संदिग्ध मौत के बाद ग्रामीणों ने उपसरपंच रघुनाथ का घर जला दिया था, मामले में रघुनाथ की मौत हो गई। पुलिस हिरासत में प्रशांत साहू की भी मौत हो गई, प्रशांत की मौत के बाद पुलिस पर गंभीर आरोप लगे। जिसके कारण आनन-फानन में आईपीएस विकास कुमार को निलंबित कर दिया गया। कहा तो यह भी जा रहा है कि विकास को गृहमंत्री की अनुसंशा पर निलंबित किया गया था। जबकि प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि सीधे तौर पर विकास की कोई भूमिका नहीं थी। बहरहाल वास्तविकता का पता तो पूरी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकता है। लेकिन प्राथमिक तथ्य सामने आने के बाद आईपीएस विकास कुमार को बहाल करने की तैयारी है। जिसको लेकर गृह विभाग ने प्रस्ताव मुख्यमंत्री को भेज दिया है। लेकिन हड़बड़ी में लिए गए इस निर्णय की राजनीतिक गलियारों में जमकर चर्चा है, आखिर बेकसूर अफसर विकास कुमार पर गाज क्यों गिराई गई?

## खेल-खेल में बदलो दुनिया

राजधानी में इन दिनों खेल उत्सव चल रहा है, हालांकि खेल उत्सव का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा नहीं बल्कि अन्य विभाग द्वारा किया गया है। इसके लिए 7-8 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है, जो ओवर स्टीमेट हो गया है। हालांकि कैम्पा है तो टेंशन क्या है? कहा तो यह भी जा रहा है कि इसके लिए इंडस्ट्रियों ने भी अच्छी खासी फंडिग की है। हालांकि सूर्य कुमार जैसे चर्चित क्रिकेटर को 45 लाख रुपये मात्र देने की बात सामने आई है। पूरा विभाग पिछले एक माह से अपना मूल काम छोड़कर इस आयोजन में जुटा हुआ है। एक ओर विभाग खेल-खेल में बदलों दुनिया में लगा हुआ है, तो दूसरी ओर कर्मचारी संगठन दिवाली से पहले मोर्चा खोलने की तैयारी में है। संगठन का तर्क है कि इंक्रीमेट देने के लिए 5 करोड़ रुपये विभाग के पास नहीं हैं, और खेल-खेल में बदलो दुनिया के लिए 7 करोड़ से भी अधिक की राशि खर्च की जा रही है। बहरहाल इस आयोजन को लेकर कई तरह की बातें सामने आ रही हैं, जिसकी आने वाले दिनों में परत-दर परत खुलने की संभावना है।

editor.pioneerraipur@gmail.com


# राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का अंबिकापुर एयरपोर्ट पर आगमन, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा किया गया स्वागत



पायनियर संवाददाता ∢ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com

मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा अंबिकापुर के लोकार्पण समारोह में शामिल होने अंबिकापुर पहुंचे राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का एयरपोर्ट स्थल पर पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। राज्यपाल डेका का यह प्रथम जिला आगमन है। इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री अरूण साव भी अंबिकापुर पहुंचे। स्वागत की कड़ी में आदिम जाति कल्याण एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, संसदीय क्षेत्र सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, संचालक, एविएशन संजीव झा, सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर विलास भोसकर, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल उपस्थित रहे।

# लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिला भी गुजारा भत्ता की हकदार : हाईकोर्ट



पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

एक शादीशुदा व्यक्ति, जिसने अपनी पत्नी और तीन बेटियों की जानकारी छिपाकर एक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहा, को अदालत ने गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया है। इस रिश्ते के दौरान एक बेटी का जन्म हुआ, लेकिन बेटी के जन्म के बाद रिश्ते बिगड़ने लगे। महिला ने आरोप लगाया कि व्यक्ति शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था और कोर्ट में गुजारा भत्ता के लिए मामला दायर किया। महिला, जो मनेंद्रगढ़ की रहने वाली एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है, ने बताया कि 2015 में वन विभाग में कार्यरत राजेंद्र नामक व्यक्ति से उसकी शादी हुई थी, जिससे उनकी एक बेटी का जन्म हुआ। हालांकि, महिला का कहना है कि राजेंद्र शादी के बाद से ही शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था। परेशान होकर उसने घरेलू हिंसा और भरण पोषण के लिए कोर्ट में आवेदन किया। अगस्त 2024 में सेशन कोर्ट ने महिला के पक्ष में फैसला सुनाते हुए राजेंद्र को हर महीने 6 हजार रुपये गुजारा भत्ता और 50 हजार रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया। राजेंद्र ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दायर की, जिसमें उसने दावा किया कि वह पहले से ही शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं। उसने महिला से शादी नहीं की, इसलिए बच्ची के भरण पोषण की जिम्मेदारी उसकी नहीं बनती। महिला ने जवाब में कहा कि राजेंद्र ने अपनी शादी और बच्चों की जानकारी छिपाई और उसका आंगनबाड़ी का वेतन इतना कम है कि वह अपने और बच्ची का भरण पोषण नहीं कर सकती। हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद राजेंद्र की अपील को खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही ठहराया और उसे महिला और बच्ची को गुजारा भत्ता देने का आदेश जारी रखा। कोर्ट ने कहा कि दोनों व्यक्ति लिव-इन रिलेशनशिप में साथ रह रहे थे, जिससे बच्ची का जन्म हुआ। बच्ची के पिता के तौर पर राजेंद्र का नाम दर्ज है, और इसलिए भरण पोषण की जिम्मेदारी भी उसी की बनती है।

# कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति की बैठक संपन्न



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के चुनाव के लिये कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति की बैठक राजीव भवन में सपंन्न हुई। जिसमें रायपुर दक्षिण के प्रत्याशी चयन पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी एस.ए. सम्पत कुमार, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी जरिता लैतफलांग, एआईसीसी संयुक्त सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह-प्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व मंत्री गुरू रूद्रकुमार, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, एआईसीसी सचिव राजेन्द्र तिवारी, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरूण ताम्रकार उपस्थित थे।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव पीडब्लूडी, पीएचई और नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की करेंगे समीक्षा



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री अरुण साव सोमवार को सरगुजा संभागीय मुख्यालय अंबिकापुर में लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे। वे अंबिकापुर कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित बैठक में सरगुजा संभाग में नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे। उप मुख्यमंत्री साव अंबिकापुर सर्किट हाउस में 12 बजे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर सरगुजा संभाग में विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे एवं तीन बजे सर्किट हाउस में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे।

# केशकाल घाट के उन्नयन कार्य के तहत 21 से 27 अक्टूबर तक भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आयोजित एक प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि केशकाल घाट के उन्नयन कार्य के तहत 21 से 27 अक्टूबर तक भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं. 30 के कि.मी. 162.600 से कि.मी. 167.000 (केशकाल घाट) पर मरम्मत कार्य के कारण लागू किया गया है। मरम्मत के दौरान डस्ट सफाई, डब्ल्यूएमएम पैच और बी.टी. मरम्मत कार्य किए जाएंगे। इस अवधि के दौरान, यात्री बसें और छोटी चार पहिया वाहन केशकाल घाट से होकर चल सकेंगी, लेकिन भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। जगदलपुर से रायपुर आने वाले भारी वाहनों के लिए मार्ग जगदलपुर से कोण्डागांव होते हुए विश्रामपुरी, मचली, दुधावा, कांकेर, चारामा, धमतरी और रायपुर तक। दल्लीराजहरा (बालोद) और राजनांदगांव जाने वाले वाहनों के लिए कोण्डागांव, बेड़मा, धनोरा, आमाबेड़ा, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर होते हुए दल्लीराजहरा और राजनांदगांव। रायपुर से जगदलपुर आने वाले भारी वाहनों के लिए रायपुर से धमतरी, चारामा, कांकेर, दुधावा, मचली, विश्रामपुरी होते हुए कोण्डागांव और फिर जगदलपुर तक। यह मार्ग निर्धारण मरम्मत कार्य की अवधि के दौरान यात्रियों और वाहनों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए किया गया है।

# 450 ग्राम अफीम के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे 'निजात अभियान' के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। 20 अक्टूबर को थाना खमतराई क्षेत्र के पौनी पसारी, उरकुरा के पास से 450 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ अफीम के साथ एक अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान परमजीत सिंह (32) निवासी पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने जप्त अफीम की कीमत लगभग 45,000 रुपये बताई है। आरोपी के खिलाफ थाना खमतराई में अपराध क्रमांक 817/2024 के तहत धारा 18 (बी) नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और खमतराई पुलिस की संयुक्त टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति उरकुरा में मादक पदार्थ अफीम बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले और नगर पुलिस अधीक्षक उरला के निर्देशन में पुलिस ने मौके पर छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा बताई गई जानकारी के आधार पर आरोपी को चिन्हित किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम परमजीत सिंह, निवासी जालंधर, पंजाब बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पेंट की जेब से 450 ग्राम अफीम बरामद की गई, जिसे तुरंत जप्त कर लिया गया। इस कार्रवाई में खमतराई थाने के उप निरीक्षक मुकेश यदु, आरक्षक नरेन्द्र वर्मा, सनत जायसवाल, और रोशन भार्गव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के चलते अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्करी के इस मामले का खुलासा हो सका।

# पुलिस स्मृति दिवस परेड' कार्यक्रम आज, राज्यपाल डेका, मुख्यमंत्री साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल रमेन डेका की विशेष उपस्थिति में 21 अक्टूबर को 'पुलिस स्मृति दिवस परेड' कार्यक्रम आयोजित होगा। यह कार्यक्रम प्रातः 8.50 बजे से 10.21 बजे तक चौथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल परिसर माना में होगा। पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में अतिथिगणों का श्रद्धांजलि उद्बोधन होगा। इस मौके पर सम्पूर्ण भारत में एक सितम्बर 2023 से 31 अगस्त 2024 तक कर्तव्य की बेदी पर शहीद हुए सुरक्षा कर्मियों की नामावली का वाचन तथा अतिथिगणों एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। राज्यपाल रमेन डेका इस अवसर पर शहीद पुलिस कर्मियों के परिवारों से मुलाकात करेंगे।

21 Oct. 2024 Pride Of Raipur





























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403